समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 59,832.97 | 17,599.15 |


तापमान
अधिकतम 36 °C
न्यूनतम 21 °C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन पेज-02
जनोपयोगी कार्यों, योजनाओं में अड़ंगा बर्दाश्त नहीं : शर्मा पेज-03

वर्ष 10 अंक 226 लखनऊ, 07 अप्रैल शुक्रवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 3 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए। इसमें आरती सिंह, अंकिता शर्मा, अनिरुद्ध कुमार का नाम शामिल है। आरती सिंह अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी बनीं है। अंकिता शर्मा अपर पुलिस उपायुक्त वाराणसी बनीं है। अनिरुद्ध कुमार अपर पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी लखनऊ बनाए गए है।

### सत्येंद्र जैन को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन और उनके दो सहयोगियों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे धन शोधन मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने 22 मार्च को उनकी जमानत याचिकाओं पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि जैन एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा किया है।

### कंटेनर से टकराई कार, चार की मौत

मुंबई। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर उर्से टोल बूथ के पास एक कार ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा मुंबई से आने वाले रूट पर हुआ। कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से ट्रक के पिछले हिस्से में घुसकर क्षतिग्रस्त हो गया। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।

### ऑनलाइन गेमिंग के लिए नए नियम जारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने आज ऑनलाइन गेमिंग के लिए नए नियम जारी किए। इनमें सट्टेबाजी और दांव लगाने वाले किसी भी खेल को बैन किया गया है। साथ ही मल्टीपल सेल्फ रेगुलेटरी संगठनों (एसआरओ) के लिए एक फ्रेमवर्क तय किया गया है। आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि दांव लगाने या सट्टेबाजी में शामिल ऑनलाइन गेम ऑपरेट करने वालों को इन नए ऑनलाइन गेमिंग नियमों का पालन करना होगा।

### दिल्ली आबकारी घोटाला केस में ईडी ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ट) ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गुरुवार को स्थानीय कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। विशेष जज विकास ढुल ने इसे संबंधित जज को देते हुए 14 अप्रैल को विचार के लिए रखा है।

### जापान का मिलिट्री हेलिकॉप्टर लापता

टोक्यो। जापान आर्मी का एक मिलिट्री हेलिकॉप्टर गुरुवार को लापता हो गया। इस पर 10 लोग सवार थे। हेलिकॉप्टर की खोज के लिए बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। डिफेंस मिनिस्ट्री के मुताबिक यह चॉपर एक ट्रेनिंग ड्रिल पर था।

गोमतीनगर में 8754 करोड़ की 2042 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास, सीएम ने कहा-

# सफाईमित्रों को सम्मानजनक मानदेय के लिए गठित होगा बोर्ड

लखनऊ, समद्धि न्यूज़

उत्तर प्रदेश पूरे देश में सबसे ज्यादा नगर निकाय वाला राज्य है। प्रदेश में 762 नगर निकाय हैं, जहां करीब 7 करोड़ की आबादी निवास करती है। आने वाले समय में यहां इलेक्शन होने वाले हैं, जहां चार करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता हैं। उक्त बातें सीएम योगी ने कहते हुए कहा कि इन सभी के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए इज ऑफलिविंग के तहत पिछले 6 वर्षों में ऐतिहासिक काम किया गया है और आगे भी यह युद्धस्तर पर जारी रहेगा।

नगरीय निकाय प्रदेश में विकास के इस बदलाव की धुरी बने हैं। नगर विकास मंत्री, उनकी टीम और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नगर निकाय एक नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहे हैं। सीएम योगी ने गुरुवार को गोमती नगर विस्तार स्थित विशाखा सभागार में आयोजित 8754 करोड़ की लागत की 2042 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास एवं पुस्तक विमोचन करते हुए कहीं।

इस दौरान उन्होंने टेम्पो टिपर एवं अमृत कार्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लार्भियों को चाभी वितरित करने के साथ ही सफाई मित्रों को सुरक्षा किट भी प्रदान की। राज्य स्तर पर होगा बोर्ड का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज शहरों में स्वच्छता नए सिरे से देखने को मिलती है। इसको लेकर लोगों के मन में एक उत्साह दिखता है। इसमें सबसे बड़ा रोल हमारे सफाई मित्रों का है। उन्होंने नगर विकास मंत्री के आवाह्न पर सुबह 5 बजे सफाई व्यवस्था की कमान संभाली, जो पहले सुबह 10 बजे थी। यह प्रयोग काफी सराहनीय है। हमें इस दिशा में और प्रयास करने हैं। इसको लेकर नगर विकास विभाग और प्रदेश सरकार ने चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता में एक कमेटी भी बनाई है ताकि सफाई मित्रों को अच्छा मानदेय मिले। उन्होंने कहा कि सर्विस प्रोवाइडर को हम अलग से पैसा दे रहे हैं, लेकिन वह सफाईमित्रों को पैसा काट कर मानदेय देते हैं। ऐसे में उनको सम्मानजनक मानदेय देने और उन्हे मान सम्मान मिले इसके लिए राज्य स्तर पर एक बोर्ड गठित कर इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जाएगा।



लखनऊ को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम अंतर्गत कूड़े की गाड़ियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्री नगर विकास ऊर्जा स्रोत एके शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### 60 शहर अमृत योजना के तहत अच्छादित

खासकर सीवर आदि की सफाई करने वालों को अतिरिक्त मानदेय की व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा की व्यवस्था सरकार सुनिश्चित करेगी। सीएम ने कहा कि 60 शहर अमृत योजना के तहत अच्छादित हैं। इसके अलावा नगर विकास विभाग ने और भी परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। आने वाले समय में 100 ऐसी नगर पंचायतों का चयन किया जाएगा, जिसे आकांक्षात्मक सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। स्मार्ट सिटी मिशन में प्रदेश का नगर विकास नंबर एक परसीएम ने कहा कि कुछ राज्य ऐसे भी होंगे जिनका वार्षिक बजट ही 8700 के आसपास होगा, जितने कार्यों का हम नगर विकास के अंतर्गत लोकार्पण और शिलान्यास कर रहे हैं। सरकार गरीबों को फ्री में आवास, शौचालय, 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा कवर दे रही है। जब अच्छी सरकार आती है तो ऐसे ही परिवर्तन लाती है। वहीं पाकिस्तान को देख लीजिए वहां पर आज रोटी के लाले पड़ रहे हैं। सरकार द्वारा 17 लाख से अधिक गरीबों को नगरीय क्षेत्र में 1-1 आवास उपलब्ध करवाया जा चुका है। इसमें 17 लाख से अधिक और ग्रामीण क्षेत्र को जोड़ दिया जाए तो यह संख्या 34 लाख हो जाती है। प्रदेश में 10 करोड़ को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है। 15 करोड़ लोगों को मार्च 2020 से फ्री में राशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है जो अभी भी जारी है।

### स्मार्ट सिटी के रूप विकसित करने का लक्ष्य

देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 100 सिटी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का एक लक्ष्य रखा था, जिसमें से 10 प्रदेश के थे। जहां युद्धस्तर पर विकास कार्य हो रहे हैं। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सभी 17 नगर निगम को स्मार्ट सिटी के साथ जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन में प्रदेश का नगर विकास नंबर एक पर है। आपने देखा होगा कि कोरोना कालखंड के अंदर कमांड एंड कंट्रोल सेंटर ने बहुत ही अच्छा कार्य किया था। इसी तर्ज पर सभी 75 जनपदों में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाए गए थे, जहां से लोगों को दवा, वैक्सीन, टेस्ट, राशन आदि की सुविधा दी गई। नगरीय निकायों को और सुदृढ़ बनाने और उनकी क्षमता को विस्तार देने के लिए योगी सरकार आकांक्षी नगर योजना की शुरुआत करने जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए नगर विकास विभाग द्वारा 100 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। आगामी तीन माह में नगर विकास विभाग इस बजट का उपयोग करते हुए निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर 100 आकांक्षी निकायों का चयन करेगा। साथ ही संबंधित जनपदों में सीएम फेलो की भी तैनाती की जाएगी।

बीजेपी का 44वां स्थापना दिवस : मोदी ने कहा-सबकी मदद करती है भाजपा

# हनुमानजी के कैन डू एटीट्यूड की तरह काम करती है भाजपा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने गुरुवार को अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को 45 मिनट तक संबोधित किया। आज हनुमान जयंती है तो उनके कामों का उदाहरण देकर भाजपा की कार्यशैली का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हनुमानजी के कैन डू एटीट्यूड की तरह काम करती है और सबकी मदद करने की कोशिश भी करती है।

पीएम ने जनसंघ और आज की भाजपा की बात की। कहा कि कार्यकर्ता अति आत्मविश्वास में ना रहें। लोगों से जुड़ें। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों पर निशाना साधा। कहा कि ये दल भाजपा के काम को पचा नहीं पा रहे हैं। ये हताश लोग कह रहे हैं कि मोदी तेरी कब्र खुदेगी। उन्होंने भाजपा के फ्यूचर प्लान को भी कार्यकर्ताओं के साथ शेयर किया। मोदी ने कहा, आज तक जिन महान लोगों ने पार्टी को संवारा है, समृद्ध और सशक्त किया है, उन कार्यकर्ताओं और नेताओं को शीश झुकाकर प्रणाम करता हूं। 43 साल पहले 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ था।



### आज आम लोग भाजपा की ढाल बनकर खड़े हैं

बादशाही मानसिकता वाले इन लोगों को और पार्टियों को एक बात पता नहीं है। आज देश का गरीब, आम आदमी, युवा, माताएं-बहनें, शोषित-वंचित हर कोई भाजपा के कमल को खिलाने और रक्षा करने के लिए ढाल बनकर खड़ा है, लेकिन हमारा जोर विकास, देशवासियों के कल्याण पर है। मोदी ने कहा, हम पार्टी में टेक्नोलॉजी को हर स्तर पर आगे लेकर आएं। विभिन्न स्तरों पर टेक्नोलॉजी सेल बना सकते हैं, जो आधुनिक टेक्नोलॉजी को मॉनीटर कर ये बताएं कि ये जनता तक कैसे पहुंचेगी।

### भाजपा हनुमानजी से प्रेरणा लेती है

हनुमानजी सब कुछ कर सकते हैं, सबके लिए करते हैं, लेकिन अपने लिए कुछ नहीं करते। यही भाजपा की प्रेरणा है। एक और प्रेरणा है। जब हनुमानजी को राक्षसों का सामना करना पड़ा तो वो कठोर हो गए। जब भ्रष्टाचार, परिवारवाद, कानून-व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है मां भारती को मुक्त कराने के लिए। हनुमानजी का पूरा जीवन देखें तो उनके भीतर का कैन डू एटीट्यूड और संकल्पशक्ति हर प्रकार की सफलता में बहुत बड़ी भूमिका अदा करती है। कौन सो काज कठिन जग माही, जो नहिं होइ तात तुम पाहीं। ऐसा कोई भी काम नहीं है, जो हनुमान नहीं कर सकते। लक्ष्मण पर संकट आया तो हनुमान संजीवनी पर्वत ले आए। भाजपा भी लोगों की समस्या हल करने के लिए ऐसा प्रयास करती रही है, करती रहेगी। राम काज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम।

# बजट सत्र का आखिरी दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ा

### राज्यसभा और लोकसभा अगले सत्र तक के लिए स्थगित, विपक्षी दलों ने तिरंगा यात्रा निकाली

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के बजट सत्र का आखिरी दिन की कार्यवाही भी हंगामे के चलते नहीं हो पाई। इसके साथ ही राज्यसभा और लोकसभा अगले सत्र तक के लिए स्थगित कर दी गई हैं। संसद स्थगित होने के बाद कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दलों ने विजय चौक पर तिरंगा मार्च किया। अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (छ्वक्क) की मांग को लेकर अड़ी कांग्रेस और 12 अन्य विपक्षी दलों ने विरोध



जताने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की तरफ से रखी गई शाम की चाय की पार्टी का बहिष्कार कर दिया है। पिछली 14 बैठकों के दौरान दोनों सदनों में अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की मांग और राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने को लेकर खूब हंगामा हुआ। भाजपा सांसदों ने भी राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान को लेकर हंगामा किया। इनके चलते सदन की कार्यवाही एक भी नहीं चल पाई। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज फिर कांग्रेस सांसदों और बाकी विपक्षी नेताओं ने मिलकर सदन में हंगामा किया।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई को जारी किया नोटिस

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आबकारी नीति मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने मामले को 20 अप्रैल को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और जांच एजेंसी को अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। सिसोदिया के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने कहा, इस मामले में मेरे अलावा सभी को जमानत दे दी गई है।

झूठे आरोप लगा बार-बार गलती कर रहे राहुल-अडाणी केस पर सीतारमण का हमला, कहा-

# गड़बड़ी कांग्रेस सरकारों वाले राज्यों में हो रही

बेंगलुरु (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अडानी मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठे आरोप लगाने के लिए आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। निर्मला ने कहा कि राहुल इस तरह के आरोप लगाकर बार-बार गलती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केरल की कांग्रेस सरकार ने थाली में सजाकर विझिंगम पोर्ट अदाणी समूह को दिया था। यह



फैसला किसी टेंडर के आधार पर नहीं किया गया था। राजस्थान में अडाणी की कंपनी को एक सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट दिया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर कोई गड़बड़ी हो रही है तो यह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों में हो रही है, पर राहुल गांधी इसके बारे में एक शब्द भी नहीं बोलेंगे। बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्मला ने कहा कि अगर राहुल गांधी वास्तव में सोचते हैं कि अडानी को ये सब अनुचित लाभ दिए गए हैं, तो यह सच नहीं है। निर्मला ने कहा कि हमने देखा कि 2019 के चुनावों से पहले भी राहुल ने ऐसे आरोप लगाए थे। वे अब फिर से आरोप लगा रहे हैं।

# एंटनी के बेटे भाजपा में शामिल

### डॉक्यूमेंट्री विवाद में मोदी का समर्थन किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने गुरुवार को बीजेपी जॉइन कर ली। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केरल भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन की मौजूदगी में उन्हें पार्टी जॉइन कराई। जॉइनिंग के बाद अनिल एंटनी ने कहा- मुझे एक खास परिवार के लिए नहीं, आम लोगों के लिए काम करना है। अगले 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के पीएम मोदी



के लक्ष्य को पूरा करने का काम करना है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एके एंटनी ने कहा- अनिल के भाजपा में शामिल होने के फैसले ने मुझे हर्ट किया है। यह बहुत ही गलत फैसला है। भारत का आधार एकता और धार्मिक सद्भाव है।

# एकजुट विपक्ष ने केंद्र के खिलाफ निकाला तिरंगा मार्च

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अडाणी-हिंडनबर्ग मामले और राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर बजट सत्र के आखिरी दिन विपक्षी दलों ने संसद भवन से विजय चौक तक तिरंगे झंडे के साथ मार्च निकाला। इस मार्च का नेतृत्व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया। मार्च में अन्य सांसदों के साथ यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी हिस्सा लिया। मार्च को लेकर कांग्रेस



के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीके से लड़ना हमारा काम है। सरकार अगर नहीं मानती है तो ये हठधर्मी है। सरकार को हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए, प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

### विपक्ष की भी बात सुने

अगर आप लोकतंत्र को जिंदा रखना चाहते हैं तो विपक्ष की भी बात सुननी चाहिए। वहीं कांग्रेस सांसद और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, सरकार खुद संसद नहीं चलने दे रही है। वे अडानी घोटाले पर चर्चा क्यों नहीं करना चाहते? कांग्रेस सत्र शुरू होने के दिन से ही अडाणी-हिंडनबर्ग मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग को लेकर सरकार पर हमलावर है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की संख्या अब तक की सबसे कम

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठनों और आतंकियों का सफाया करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच गुरुवार को डॉयरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की संख्या अब तक की सबसे कम हुई है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद पूरी तरह से अभी खत्म नहीं, लेकिन कम जरूर हुआ है। हालांकि, आतंकियों की संख्या को लेकर उन्होंने कोई आंकड़ा अभी तक जारी नहीं किया है। डीजीपी सिंह ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में जो आतंकी बचे हैं, उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### डीजीपी बोले- जो आतंकी बचे हैं उन्हें पकड़ लिया जाएगा या मार दिया जाएगा

आईआईटी कानपुर के सीनियर साइंटिस्ट बोले- मई माह से रोजाना आ सकते हैं 20 हजार केस

# 24 घंटे में कोरोना के 5335 नए केस, 13 मौतें

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में साढ़े 6 महीने बाद कोरोना के नए मामले 5 हजार से ज्यादा आए हैं। बुधवार को 5,335 नए मामले मिले, जबकि 13 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 22 सितंबर को 5,383 मामले सामने आए थे। बुधवार को 2,826 लोग इस बीमारी से ठीक भी हुए। फिलहाल देश में 25,587 एक्टिव केस हैं। ये 9 अक्टूबर के बाद सबसे ज्यादा हैं। तब 25,488 लोगों का इलाज चल रहा था। आईआईटी कानपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि देश में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से डरने की जरूरत नहीं है। यह सामान्य खांसी-जुकाम की तरह रहेगा। अभी बढ़ रहे कोरोना के आंकड़े सिर्फ संख्या हैं। इतनी बड़ी आबादी में 30 या 40 केस मिलना गंभीर बात नहीं है, लेकिन देश में मई से रोजाना 20 हजार तक केस आ सकते हैं।

**2,826**
लोग बुधवार को इस बीमारी से ठीक भी हुए। फिलहाल देश में 25,587 एक्टिव केस हैं।



### कोविड मैनेजमेंट को लेकर केंद्र की मीटिंग

देश में बढ़ते कोरोना मामलों के बीच बुधवार को गवर्नमेंट इम्पावर्ड ग्रुप वन की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कोविड मैनेजमेंट को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता डॉ. वीके पॉल ने की। सरकार ने मई 2020 में कोरोना वायरस से निपटने के लिए 6 इम्पावर्ड ग्रुप बनाए थे। इनमें सरकार के 50 से ज्यादा सीनियर अधिकारी शामिल थे। मई 2021 में इन ग्रुप्स की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई थी।

### मार्च के मुकाबले अप्रैल में तेजी से बढ़ रहे केस

कोरोना के डेली केस में इजाफा तेज हो गया है। फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 3.32 प्रतिशत है। मार्च के 31 दिनों में कोरोना के 31,902 केस सामने आए थे। इसके मुकाबले अप्रैल के 5 दिनों में ही 20,273 नए केस मिल चुके हैं। ये मार्च के कुल नए केस का 63.5त्न है। अगर औसत देखें तो मार्च में रोजाना औसतन 1 हजार नए केस मिले थे, जबकि अप्रैल में रोजाना औसतन 4 हजार मामले आ रहे हैं। अगर संक्रमण दर यही रही तो अप्रैल में 1.20 लाख नए मामले आने की आशंका है। हालांकि रोजाना जिस हिसाब से नए केस बढ़ रहे हैं, उसके मुताबिक अप्रैल के कुल केस इससे ज्यादा हो सकते हैं।

# मिशन 2024: सामाजिक न्याय सप्ताह के जरिए दलितों के बीच मजबूत पकड़ बनाने की कोशिश में बीजेपी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भाजपा ने दलित समुदाय में पैठ मजबूत करने की अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी अपने स्थापना दिवस छह अप्रैल से बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह के रूप में मना रही है। इस दौरान उसका विशेष जोर प्रदेश की करीब 22 फीसदी आबादी वाले दलित समुदाय को साथ लाने पर होगा। राज्य में इसी महीने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा होनी है और भाजपा की कोशिश इस बहाने दलित समुदाय में अपनी पैठ का आकलन करने की है। भाजपा ने बताया कि पार्टी ने आज बूथों पर पार्टी का ध्वज फहरा कर 'सामाजिक न्याय सप्ताह का शुरुआत किया। इस दौरान चिकित्सा शिविर, सहभोज कार्यक्रम, अनुसूचित जनजाति (एसी) युवाओं के लिए सम्मेलन, जैविक खेती पर जनजागरण, एसी महिलाओं के साथ सहभोज, महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर संगोष्ठी, स्वच्छता अभियान, जलाशयों की सफाई एवं पौधरोपण और डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती पर सभी बूथों पर संगोष्ठी का आयोजन होना है। कौशांबी से भाजपा सांसद और पार्टी की अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सोनकर ने सात से नौ अप्रैल तक कौशांबी महोत्सव का आयोजन किया है जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हो सकते हैं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा, "भाजपा साल के 365 दिन, चौबीसों घंटे काम करने वाली पार्टी है। उन्होंने दावा किया, "भाजपा जनता के सुख-दुख में उनके लिए काम करने वाली अकेली पार्टी है। उसे निकाय चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव में इसका लाभ मिलेगा। हालांकि, राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि दलितों की पैरोकार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को विधानसभा चुनाव 2022 में, सिर्फएक सीट मिलने के बाद भाजपा और समाजवादी पार्टी (सपा) की नजर इस वोट बैंक पर टिकी है। निकाय चुनाव के मद्देनजर सभी दलों में दलितों को साधने की होड़ मची है। प्रदेश में दलित आबादी 22 प्रतिशत से ज्यादा है। भाजपा ने हाल में दलित समाज के प्रमुख नेता लालजी निर्मल को विधान परिषद भेजा है। आंबेडकरवादी नेता लंबे समय तक कर्मचारी हितों के आंदोलन से जुड़े रहे हैं। इस बीच बसपा प्रमुख मायावती ने विरोधियों पर दलितों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए लोगों को सावधान किया। वहीं सपा अध्यक्ष दलित महापुरुषों के प्रति लगातार आदर भाव प्रकट करते दिख रहे हैं। उन्होंने पार्टी में समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी का गठन कर उसकी कमान कभी मायावती के करीबी रहे अनुसूचित जाति के नेता मिठाई लाल को सौंपी है। वहीं, कांग्रेस ने भी दलितों को साधने के लक्ष्य से प्रदेश का नेतृत्व उसी समाज के बृजलाल खाबरी को दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी दलित समाज से ही हैं। उप्र प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया ने कहा कि बाबा साहब की जयंती पर 14 अप्रैल से पांच मई तक प्रदेश में संगोष्ठियां होंगी। उसमें हम बताएंगे कि कैसे 1995 में भाजपा ने मायावती की जान बचाई और उन्हें सपा के गुंडों से छुड़ाया। कन्नौजिया ने आरोप लगाया, "अखिलेश अब कांशीराम की प्रतिमा का अनावरण कर छद्म राजनीति कर रहे हैं। उनकी कारगुजारियों के कारण दलित समाज उन्हें अपना सबसे बड़ा विरोधी मानता है। गौरतलब है कि राज्य्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 760 नगरीय निकायों के कुल 14,684 पदों पर इसी महीने चुनाव की घोषणा होने की संभावना है।



लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर लखनऊ महानगर के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा घरों में और पार्टी कार्यालयों पर पार्टी का ध्वज फहराया

## खबरें एक नजर में

### युवती की हत्या कर चेहरा जलाया, सैरपुर में खेत में मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

लखनऊ । लखनऊ के सैरपुर थाना क्षेत्र में एक खाली प्लाट गुरुवार सुबह युवती का शव मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ लग गई। हत्यारों ने युवती की दुपट्टे से गला घोटने के बाद उसके चेहरा जला दिया। पुलिस शव के हुलिए के आधार पर शिनाख्त का प्रयास कर रही है। सैरपुर इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि गुरुवार सुबह सरौरा गांव के सुशील ने खाली प्लाट में शव मिलने की सूचना दी। मौके पर जांच पड़ताल में पता चला कि वहां पर युवती की हत्या कर फेका गया था और शिनाख्त मिटाने की कोशिश की गई। इसके लिए हत्यारों ने उसके दुपट्टे को चेहरे पर रखकर जला दिया। जिससे चेहरा झुलस गया है। युवती की शरीर पर नीले रंग का सलवार सूट है। युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आसपास कोई सीसीटीवी भी नहीं लगा था। शिनाख्त के लिए आसपास जिलो से गायब महिलाओं की सूची मांगी गई है। साथ ही घटना स्थल की तरफ आने वाली रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरों से संदिग्ध लोगों के विषय में जानकारी का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 'नैतिक शिक्षा जीवन का आधार है, ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है: उमानंद शर्मा

लखनऊ । गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत "बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल, सेक्टर-ए, अलीगंज, सीतापुर रोड लखनऊ" के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 385वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट गायत्री मंदिर इन्दिरा नगर लखनऊ के सक्रीय कार्यकर्ता श्री हंस जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में तथा उमानंद शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि "नैतिक शिक्षा जीवन का आधार है, ऋषि साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है।" इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक एच.एन. जायसवाल, शम्भूशरण वर्मा वरिष्ठ पत्रकार ने भी विचार रखे एवं प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, हंस कुमार, शम्भूशरण वर्मा (वरिष्ठ पत्रकार), संस्थान के प्रबन्ध निदेशक एच. एन. जायवाल, प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला सहित छात्र-छात्रायें, संकाय सदस्य मौजूद थे।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने दी पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 44वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश और देश भर के पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर लिखा, श्श्भाजपा के 44वें स्थापना दिवस की सभी राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई! राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी के यशस्वी नेतृत्व में हम सभी सेवा ही संगठन को चरितार्थ करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर योगी आदित्यनाथ लखनऊ में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस मौके पर दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

### हनुमान जयंती मनायी गयी

लखनऊ। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्षवर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल व ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने पवन पुत्र हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया तथा उनसे संसार में सुख शांति बनाए रखने की प्रार्थना की, इस अवसर पर हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त थे तथा हमेशा भगवान राम जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके द्वारा बताए हुए हर नियम का भी परिपूर्ण पालन करते थे, आज हमें यह प्रण लेना चाहिए की हम हमेशा हनुमानजी की तरह ही सच्चाई और अच्छाई का आचरण करेंगे तथा देश हित एवं जनहित में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे, यह हनुमान जी का ही आशीर्वाद है कि हमारे देश को हमारे माननीय व यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का सानिध्य प्राप्त हुआ है जो दिन रात भारत देश को उन्नति की ऊंचाइयों तक ले जाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, हमें अपने माननीय प्रधानमंत्री पर गर्व है तथा यह उम्मीद भी है कि भगवान राम एवं पवन पुत्र हनुमान निश्चय ही हम सभी की मनोकामना जल्द ही पूर्ण करेंगे।

### लाला जुगल किशोर ज्वेलर्स ने ताज होटल लखनऊ में अपना स्टोर किया लॉन्च

लखनऊ- त्योहारों के इस सीजन में, लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स ने लखनऊ के ताज होटल में अपना स्टोर लॉन्च किया। यह स्टोर लखनऊ की विरासत के अनुरूप गहनों के एक अत्यंत सुन्दर अनुरूप को अंगीकार करता हैं। स्टोर पर प्रदर्शित संग्रह लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स की पीढ़ियों से चल रहे त्रुटिहीन कारीगरी की भव्यता को दर्शाता हैं ज्वेलरी डि?ाइनर तान्या रस्तोगी ने अवध के शाही परिवारों के रुतबे को दर्शाते अपने कुछ आभूषणों के डि?ाइन स्टोर में प्रदर्शित किये हैं। लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स आउटलेट्स के नवीनतम संस्करण के बारे में बताते हुए, तान्या रस्तोगी कहती हैं, हम ताज में अपने आउटलेट के शुभारम्भ से काफी उत्साहित हैं और हम इस स्टोर द्वारा आपकी आभूषणों की खरीदारी को आरामदायक बनाना चाहते है।

## भाजपा नेता संजय विनायक जोशी का मनाया गया जन्मदिन

लखनऊ । अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ ने आज देशभर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री व संगठन प्रभारी संजय विनायक जोशी का गर्मजोशी के साथ जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। यहां उतरटिया हाउस कैसरबाग स्थित महासंघ के मुख्यालय में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे महासंघ के कार्यकर्ताओं ने केक काटकर संजय विनायक जोशी का जन्मदिन मनाया और उन्हें बधायी और शुभकामनायें दी और उन्हें मृदुभाशी और संघर्षशील नेता बताते हुये आज एक सप्ताह तक सेवा संकल्प सप्ताह मनाने का निर्णय लिया। आज अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डा. घनश्याम यादव की अध्यक्षता में मनाये गये संजय विनायक जोशी के जन्मदिवस के मौके पर मुख्य प्रशासनिक प्रभारी महताब खान चांद, राष्ट्रीय महामंत्री इन्द्रदेव सिंह चौहान-पूर्व विधायक, शमीम अंसारी, जय प्रकाश सैनी, मोहम्मद शाकिर, प्रदेश महिला अध्यक्ष राखी श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, आस्था श्रीवास्तव, राम व्यास, विजय पाल सिंह, डा. विजय भान, महेश चौबे, धीरज चौहान, राज दीक्षित, राधे श्याम, विवेक गुप्ता आदि प्रमुख लोग शमिल हुये। इस मौके पर वक्ताओं ने भाजपा नेता संजय विनायक जोशी के साथ हमेशा खड़े रहने का विश्वास दिलाया। महासंघ के कार्यालय प्रभारी के अनुसार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कलीम भारतीय नई दिल्ली में संजय विनायक जोषी के साथ मिलकर उनका जन्मदिन मनाया वहीं संगठन के विभिन्न राज्य इकाईयों के पदाधिकारियों ने भी संगठन के कार्यालयों में जन्मदिन मनाकर संजय विनायक जोशी को बधायी और शुभकामनायें प्रेषित की।

## निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा कर रहे हैं वफा अब्बास: नम्रता पाठक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ के सहादत गंज क्षेत्र के सुल्तानपुर दालमंडी अखाड़ा में निशुल्क नेत्र शिविर जांच के बाद अंबर फाउंडेशन के संस्थापक वफा अब्बास अपनी टीम के साथ जरूरतमंद लोगों को उनके चश्मे अमानत के तौर पर उन तक पहुंचाने के लिए पहुंचे।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एवं सदस्य विधान परिषद डॉ धर्मेंद्र सिंह के साथ अति विशिष्ट अतिथि अली जैदी,चेयरमैन यूपी शिया सेंट्रल बोर्ड ऑफ वकफ,विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती नम्रता पाठक के साथ-साथ समाजसेविका रागिनी श्रीवास्तव, पत्रकार संघ के महामंत्री और समाजसेवी अब्दुल वहीद के कर कमलों द्वारा वफा अब्बास ने जरूरतमंद शाहरियों में चश्मे वितरित कराए।इस अवसर पर वफा अब्बास ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान अंग वस्त्र,पुष्पगुच्छ देकर किया।इस मौके पर वफा अब्बास ने अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि 1857 के गदर के समय अंग्रेजों ने कसम खाई थी कि दोबारा 1857 नहीं होने देंगे और हिंदुस्तानियों को आपस में लड़ा कर इनमें दूरियां और आपस में नफरत पैदा करेंगे। जिससे इनकी एकता टूटेगी और यह कमजोर होंगे और हम भारत देश पर 1000 साल तक हुकूमत करेंगे मगर भारतीयों की एकता अखंडता और गंगा जमुनी तहजीब के आगे अंग्रेजों के डिवाइड एंड रूल ने दम तोड़ दिया और 1947 को यह देश आजाद हो गया।आज भी बहुत से लोग बहुत सी पार्टियां हमें अलग करने पर लगी है। अपने देश को चमकाने के लिए हमें एक बार फिर धर्म,मजहब,भाषा जातिवाद से ऊपर उठकर एक होकर सच्चे भारतीय होकर मिलजुल कर सामने आना होगा ताकि डिवाइड एंड रूल पर चलने वाले फिर से एक बार मात खाएं। मुख्य अतिथि डॉ धर्मेंद्र सिंह लोगो को संबोधित करते हुए कहा पिछले 3 महीनों से लगातार जरूरतमंद लोगों की निशुल्क आंखों की जांच कराने के बाद उनके चश्मे बन जाने के बाद उनके क्षेत्र में आकर अमानत के तौर पर उनके चश्मा उन तक पहुंचाने आते हैं।सेवा का यही भाव वफा अब्बास को दूसरों से अलग बनाता है।अति विशिष्ट अतिथि नम्रता पाठक के प्रतिनिधि अमित गोयल ने कहा मन को जो सुख जरूरतमंद गरीब लोगों की सेवा करने में प्राप्त होता है वह किसी भी काम में नहीं है।रागिनी श्रीवास्तव ने अम्बर फाउंडेशन के संस्थापक वफा अब्बास की इस सोच और इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हमारे शरीर का सबसे जरुरी अंग आंख है जिस के माध्यम से हम प्रकृति की किसी भी चीज को देखकर मन की बात व्यक्त कर सकते हैं।इस अवसर पर समाजसेवी अब्दुल वहीद ने कहा की मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है हर धर्म हमें मानवता के साथ मानव की सेवा करना सिखाता है।अंजनी श्रीवास्तव ने अपनी बात रखते हुए कहा की आदरणीय राजनाथ सिंह जी की प्रेरणा से मैं भी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास का कार्य कर रहा हूं।उनके दिशा निर्देश एवं निधि से क्षेत्र का चौतरफा विकास हो रहा है।आज के कैंप में चश्मे पाकर हर जरूरतमंद की आंख में नई चमक दिखी और उनका चेहरा भी खुशी से खिल उठा। सभी ने रमजान के इस मौके पर वफा अब्बास और अम्बर फाउंडेशन के लिए ढेर सारी दुआएं की।संस्था द्वारा अभी दो और कार्यक्रम के माध्यम से 5000 चश्मा वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा। तथा उसके बाद भी निशुल्क नेत्र जांच शिविर जारी रहेंगे और लोगों के इस 10000 चश्मे बनाएं जाएंगे।इस मौके पर सीमा श्रीवास्तव, वैशाली सक्सेना, समाजसेवी राजेश लोधी आदि उपस्थित रहे।





निराला नगर स्थित रीगनेंट होटल में प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी देखती भाजपा नेत्री अपर्णा यादव

## सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का डिप्टी सीएम ने किया उदघाटन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज अपने एक दिवसीय दौरे पर बाराबंकी पहुँचे। उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने सबसे पहले बाराबंकी स्थित आलापुर में अत्याधुनिक मेडिकल फैसिलिटी से लैस नवनिर्मित सिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उदघाटन किया। हॉस्पिटल के डायरेक्टर प्रो.डॉ.सतीश चंद्रा के प्रयासों की तारीफकरते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पूरे अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मूल उद्देश्य उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। हम हर जनपद में एक मेडिकल कालेज दे रहे हैं। इसके साथ ही जो प्राइवेट हॉस्पिटल हैं, वे भी स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें भी सरकार प्रोत्साहन देने में तनिक भी पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे पूर्ण विश्वास है कि यह सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बाराबंकी ही नही दूर दराज से आने वाले मरीजों की तकलीफ दूर कर निरोगी बनायेगा। हॉस्पिटल के निदेशक प्रो.चंद्रा ने डिप्टी सीएम को हॉस्पिटल में उपलब्ध सेवाओं आईसीयू, डायलिसिस, इमरजेंसी, ओपीडी, नवीनीकृत वार्डो और अन्य सेवाओं की बाबत जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी तादाद में डॉक्टर, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डिप्टी सीएम ने हॉस्पिटल का उदघाटन करने के उपरांत बाराबंकी में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिये कलेक्ट्रेट चले गये।

## लखनऊ जिला अंडर 17 आयु वर्ग शतरंज चैंपियनशिप

लखनऊ। स्थानीय शिवाजी मार्ग स्थित प्रिसिशन चेस अकादमी में खेली गयी लखनऊ जिला अंडर 17 आयु वर्ग शतरंज चैंपियनशिप के अंतिम चक्र में पहले बोर्ड पर अभीष्ट खरे और अथर्व रस्तोगी के बीच गुइको पियानो ओपनिंग से खेल की शुरुआत हुई अथर्व ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए मात्र 22 चालों में मात लगाकर पूरा अंक हासिल कर सभी संभावित 5 अंकों में से 4.5 के साथ चौंपियनशिप अपने नाम कर ली अंक स्थिति इस प्रकार रही, अथर्व रस्तोगी 4.5 अंक प्रथम, अनिरुद्ध द्विवेदी, चिन्मय वाजपेयी, अक्षज श्रीवास्तव एवं शुभ श्रीवास्तव सभी 3.5-3.5 अंक क्रमशः दूसरे से पाचवें स्थान पर रहे जबकि बालिका वर्ग में पर्णिका गुप्ता प्रथम, सिमरन साधवानी द्वितीय तथा अदित्री मोदक तीसरे स्थान पर रहींद्य चयनित खिलाड़ी आगामी 14 से 16 अप्रैल को नॉएडा में आयोजित होने वाली स्टेट चेस चौंपियनशिप अंडर 17 में लखनऊ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## राष्ट्रीय लोकदल ने शुरू की नगर निकाय के चुनाव की तैयारी

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मतलूब ने पार्टी कार्यालय पर प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने ऐसे लोगों को भी बुलाया गया था जो पार्टी के चुनाव चिन्ह पर लड़ने के इच्छुक थे ।नगर निगम पार्षद पद हेतु दर्जन भर आवेदन प्राप्त हुए। पूर्व में साथियों को अवगत कराया गया था कि चार अप्रैल को इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पार्टी कार्यालय में आकर जमा करें। आज लगभग 12 आवेदन प्राप्त हुए। कुछ टाउन एरिया के अध्यक्ष पद हेतु संभावित प्रत्याशी उपस्थित रहे ।उन्होंने पार्टी से लड़ने के लिए इच्छा जाहिर की। रालोद के जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्षद पद पर लड़ने के इच्छुक लोगों के आवेदन 12 तारीख तक आवेदनों को स्वीकार किया जाएगा आवेदनों को 12 तारीख को मासिक बैठक में चयन कमेटी के समक्ष रखा जाएगा।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन 09 को

लखनऊ । राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का आगामी 09 अप्रैल को द्विवार्षिक अधिवेशन और निर्वाचन होगा, जिसमें केंद्रीय शहरी और आवासन राज्यमंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जनकारी देते हुए परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,महामंत्री आर के निगम और प्रचार मंत्री आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं, आंदोलन की रणनीति, संगठनात्मक मुद्दे तय होंगे। संगठन के चार प्रान्तीय पदाधिकारियों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामन्त्री और संप्रेक्षक का निर्वाचन भी होगा।

## शहीद स्मारक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▸ इस मौके पर कांग्रेस सेवादल द्वारा पोस्ट कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के रिश्तों पर सवाल पूछा, सवाल में अडानी की शेल कम्पनियों में लगे 20000 करोड़ रूपए किसके हैं

लोकतंत्र एवं संसदीय मर्यादा को क्षत-विक्षत किये जाने एवं लोकसभा में विपक्ष की आवाज को न सुनने व गैरकानूनी तरीके से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर राष्ट्रव्यापी जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा राजधानी लखनऊ के शहीद स्मारक स्थल पर सैकड़ों सेवादल सदस्यों एवम कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व सांसद के नेतृत्व व सेवादल प्रदेश संगठक डा. प्रमोद पांडेय की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल द्वारा पोस्ट कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के रिश्तों पर सवाल पूछा, सवाल में अडानी की शेल कम्पनियों में लगे 20000 करोड़ रूपए किसके हैं और कहां से आये, और विपक्ष द्वारा जेपीसी मांग पर मोदी भाजपा सरकार द्वारा अडानी का बचाव क्यों किया जा रहा है, प्रश्न शामिल था। जय भारत सत्याग्रह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि राहुल गांधी के सवालों से भाजपा भयभीत हो गयी है। और अडानी के मुद्दे पर अपना मुंह छिपाए घूम रही है,आज केन्द्र सरकार अनिर्णय की स्थिति में आ गयी है। भाजपा आज अपने स्थापना दिवस के दिन तमाम जुमले परोसती रही, जबकि देश में भयंकर बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, भुखमरी, सीमा की असुरक्षा, समाज में बढ़ती वैमनस्यता पर कुछ भी नहीं बोला यह उसकी जनविरोधी नीति और बेईमान नियत को परिलक्षित करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उ0प्र0 कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष डॉ0 प्रमोद कुमार पाण्डेय ने सत्याग्रह में पर कहा कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है सड़क पर आवाज उठाने से रोका जा रहा है। घर में रहने नहीं दिया जा रहा है। ईडी- सीबीआई द्वारा विपक्ष के नेताओं को डराया जा रहा है, कांग्रेस सेवादल लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए, अपने नेता श्री राहुल गांधी जी के साथ खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा और सवाल पूछता रहेगा हम डरने वाले नही हैं संघर्ष के लिए सदैव पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध हैंजय भारत सत्याग्रह में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, सेवादल के चारों जोन के अध्यक्षगण राजेश सिंह काली, अनिल देव त्यागी, सतीश बिन्द एवं लक्ष्मी नरायन दीक्षित, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, श्रीमती प्रज्ञा सिंह, सेवादल की महिला विंग की कनिष्का रफेल, हसीना खातून, बेबी मिश्रा, पुष्पा गंगवार, सुशील तिवारी'सोनू', प्रभाकर मिश्रा, जितेन्द्र मोहन, आलेख पाण्डेय, संजीव सिंह, उमर खान, गिरीश कांत, डा0 शरद शर्मा, मो0 आरिफ आशुतोष गुप्ता, आशीष पाण्डेय, राम उजागर यादव, अरूण तिवारी, कौशलेश पाठक, अंशुल शर्मा, तौसीफ नकवी, कल्याण श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास, रवीन्द्र मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, जयशंकर दुबे, मोहम्मद आरिफ विश्वास निगम, रमेश मिश्रा, कल्याण श्रीवास्तव, विवेकानंद चौरसिया, प्रद्युम्न शुक्ला, सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनोपयोगी कार्यों, योजनाओं में अड़ंगा बर्दाश्त नहीं: शर्मा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निकाय अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी है कि जनोपयोगी कार्यों, योजनाओं व कार्यक्रमों की मंजूरी में जानबूझकर अड़ंगा लगाना व लेटलतीफी करना बर्दास्त नहीं किया जायेगा। निकायों में पानी आपूर्ति का शत-प्रतिशत बिल अवश्य भेजा जाए। शहरों की नियमित साफ-सफाई, कूड़ा उठान व कूड़ा कलेक्शन एवं इसके निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि इसी माह में नाले-नालियों की सफाई युद्धस्तर पर लगकर करायी जाए, जिससे कि कहीं पर भी बरसात में जलभराव की समस्या न पैदा हो सके।

बेहतर साफ-सफाई एवं नगरीय प्रबंधन से नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार होगा। रोगों से भी मुक्ति मिलेगी। उन्होंने जन समस्याओं को स्थानीय स्तर पर ही गम्भीरता से समाधान करने के निर्देश दिए। नगर विकास मंत्री ने लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात आज अपराह्न 01 बजे निकाय निदेशालय में 'सम्भव' की व्यवस्था के तहत निकायों में आमजन की शिकायतों को लेकर राज्यव्यापी जन सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, कूड़ा उठान, नाली व सीवर चोक होना, जलभराव, प्रमाण पत्र समय से जारी न करने, पानी का बिल न देने, गंदे

**▸ शहरों की नियमित साफ-सफाई, कूड़ा उठान पर रहे विशेष ध्यान**



पानी की आपूर्ति, पाइप लाइन व रोड का क्षतिग्रस्त होना, स्ट्रीट लाइट न जलना आदि विषयों से जुड़ी 10 जनसमस्याओं की वर्चुअल जनसुनवाई की और अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण एवं स्थायी समाधान के निर्देश दिए।नगर विकास मंत्री एक वर्ष से लगातार प्रत्येक माह 'सम्भव' के तहत जनसुनवाई कर रहे हैं और शिकायतकर्ता व अधिकारी से सीधी वार्ता कर शिकायतों का समाधान करा रहे है। उन्होंने 31311 शिकायतों का समाधान करा चुके हैं। विगत महीनों में इस दौरान उन्होंने ऐसी शिकायतों का समाधान कराया जो कई-कई महीनों या वर्षों पुरानी थीं और अधिकारी इन शिकायतों को गम्भीरता से नहीं ले रहे थे।सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त कानपुर को निर्देश दिये कि नौबस्ता के जयप्रकाश की शिकायत है कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र छः महीने बाद भी निर्गत नहीं किया गया और पत्नी के निगम कार्यालय जाने पर मेरे पत्नी के साथ दुर्व्यवहार किया गया, का तत्काल संज्ञान लिया जाए और जो भी दोषी अधिकारी व कर्मचारी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और कार्रवाई की रिपोर्ट निदेशालय भेंजे। इस दौरान उन्होंने हाथरस से श्री रजत पचौरी की शिकायत है कि तीन साल से नाली सीवर जाम होने से जलभराव की समस्या है, के स्थायी समाधान हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए। उन्नाव से श्री संतोष कुमार की शिकायत 25 वर्षों से नाले की सफाई नहीं हुई, जिससे यह ओवरफ्लों होकर पानी घरों में घुस रहा, इसके निस्तारण के लिए उन्होंने ईओ को 4.7 किलोमीटर लम्बे नाला जो कि आवासीय क्षेत्र होकर जा रहा है के शीघ्र सफाई के निर्देश दिए और लोगों को गंदगी से बचाने के लिए इसकों ढकने की कार्ययोजना बनाने को कहा। निकाय कर्मियों की मेहनत एवं कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा कि आपकी बदौलत नगर विकास विभाग देश में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहा और 762 निकायों की 07 करोड़ आबादी को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं।





गोमती नगर विस्तार में विशाखा सभागार में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास व पुस्तकों का विमोचन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में नगर विकास मंत्री एके शर्मा

## खबरें एक नजर में

### गांव चौपालों के आ रहे सुखद परिणाम
### 17 हजार ग्राम चौपालों में एक लाख से अधिक मामलों का निस्तारण: केशव

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व और निर्देशन तथा उनकी पहल पर प्रदेश में प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड की दो ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही ग्राम चौपालों के सुखद व सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं।ग्राम चौपालों में लोगों की समस्याओं को सुना व सुलझाया जा रहा है। लाभार्थीपरक व सोशल सेक्टर की योजनाओं सहित अन्य विकास व निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत को समझा जा रहा है। यही नहीं चौपाल से पूर्व वहां संचालित योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों,कर्मचारियों तथा ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की उपस्थिति में ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम चौपालों के प्रति गांवों मे बहुत ही उत्साह है और उनके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम चौपालों का आयोजन किया जाता रहेगा और ग्राम चौपालों में उच्च स्तर पर भी विभागीय अधिकारी प्रतिभाग कर रहे हैं तथा जनप्रतिनिधियों को भी चौपालों में आमंत्रित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।श्री मौर्य ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को प्रदेश सरकार उनकी चौखट पर ही सुलझा रही है। पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना को प्रतिबिंबित करती इस व्यवस्था के पीछे मंशा यह है कि विकास योजनाओं को सुदूर गांवों तक पहुंचाया जा सके और क्रियान्वयन से लेकर निगरानी तक की व्यवस्था गांव के स्तर पर हो सके। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा ग्राम चौपालों से वापस आने के बाद फीड बैक भी लिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम चौपालों से पूर्व संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ग्राम में चल रही परियोजनाओं का निरीक्षण भी किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इन चौपालों से विवादों के निस्तारण तो ही रहा है, और कृषि, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी मूलभूत और बुनियादी सुविधाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने में मदद मिल रही है। चौपालों में उत्साह से गांव में ऐसा माहौल बन रहा है,कि सरकार यकीनन गांव व गरीबों के द्वार पहुंच रही है। चौपाल से पूर्व गांव का निरीक्षण कर विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना भी चौपालों के एजेंडे में रखा गया है, यही नहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं व लाभार्थीपरक योजनाओं का क्रियान्वयन भी धरातल पर देखना और क्रियान्वयन कराना भी चौपालों का मूल मकसद है।महिला सशक्तीकरण व ग्रामीण जनों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार सृजन के संबंध में भी मंथन इन ग्राम चौपालों मे किया जा रहा है ताकि सामुदायिक विकास संभव हो और गांव सुशासन व स्वशासन की ओर अग्रसर हो सकें। गांवों से युवा शक्ति के पलायन को रोककर उन्हें उनके कौशल और हुनर के अनुरूप रोजगार व काम दिलाना भी ग्राम चौपालों के मूल में है। पंचायत स्तर पर अच्छा कार्य करने जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों का ग्राम्य विकास विभाग जहां कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ा रहा हैं, वहीं ग्रामीणों ,खासतौर से युवाओं में जनसेवा की भावना भी बलवती हो रही है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार प्रदेश की 17हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 01लाख 20हजार ब्लॉक व ग्राम स्तरीय अधिकारियों ,कर्मचारियों ने ग्राम चौपालों में प्रतिभाग किया। ग्राम चौपालों में 14 लाख से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की ,जिसमें से 01लाख से ऊपर संदर्भों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर और उनके नेतृत्व व निर्देशन में नये वर्ष की शुरुआत से एक दिन पहले गांव की समस्या,गांव में समाधान नाम से गांव की चौपालो की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से की गयी ।

### बेसिक शिक्षा विभाग में गजब का खेल
### 23 शिक्षकों को एक माह में दो बार प्रमोशन

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा विभाग के कारनामे आए दिन उजागर होते रहते हैं। शामली जिले का एक बड़ा घोटाला सामने आया। बेसिक शिक्षा विभाग में पांच वर्ष पूर्व 194 शिक्षकों को पूर्व नियम विरुद्ध काल्पनिक पदोन्नति दे दी गई। हद तब हो गई जब इनमें से 23 शिक्षकों को एक माह के भीतर दो बार पदोन्नत किया गया। ये शिक्षक पिछले पांच साल में करोड़ों का अतिरिक्त वेतन उठा चुके हैं। सूचना से इस गड़बड़ी का खुलासा भी हो गया, लेकिन कार्रवाई करने की बजाय बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर इसे दबाकर बैठ गए।शामली जिले में वर्ष 2018 में बीएसए के पद चंद्रशेखर सिंह तैनात थे। अपने कार्यकाल के दौरान 2018 में 194 शिक्षकों को काल्पनिक पदोन्नति के आदेश जारी किए थे। इनमें 23 शिक्षकों को एक माह के भीतर दो बार काल्पनिक पदोन्नति दी गई। नियमानुसार इसके लिए शिक्षा सचिव की अनुमति ली जानी थी, लेकिन अनुमति नहीं ली गई। पदोन्नति से बढ़े वेतन का एरियर भी बिना टीडीएस काटे दे दिया गया। इस मामले में जांच भी हुई लेकिन रिपोर्ट दब गई। 194 शिक्षकों को पदोन्नति देने के लिए दूसरे शिक्षकों की पदोन्नति को आधार बनाया गया लेकिन जिन्हें आधार बनाया गया, उन शिक्षकों की पदोन्नति की जांच किसी अधिकारी ने नहीं की। 23 शिक्षकों को पहले एक शिक्षक की पदोन्नति को आधार बनाकर पदोन्नति दी, फिर एक माह बाद ही दूसरे शिक्षक को आधार बनाकर दोबारा पदोन्नति दे दी गई। नियमानुसार ऐसा करते समय पदोन्नति का पहला आदेश निरस्त करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।काल्पनिक पदोन्नति पा चुके शिक्षकों की सेवानिवृति हुई तो पेंशन विभाग में यह मामला पकड़ा गया,जिसके बाद काल्पनिक पदोन्नति हटाकर पेंशन शुरू की गई। नियमानुसार शिक्षकों से रिकवरी होनी थी लेकिन नहीं हुआ।

# धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव , अजर अमर हैं हनुमानजी: दिनेश शर्मा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

**▸ हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कलयुग में हनुमान का नाम जपने से सभी संकटों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है।**

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वावधान में प्रताप मार्केट अमीनाबाद स्थित राम मंदिर में व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से भव्य तरीके से मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कलयुग में हनुमान का नाम जपने से सभी संकटों से छुटकारा प्राप्त हो जाता है। श्रीराम की पूजा के बाद हनुमान की पूजा अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा हनुमान को सीता का आशीर्वाद प्राप्त है। वह अजर अमर हैं। आज भी पृथ्वी पर हैं ऐसी मान्यता है। उन्होंने हनुमान का वर्णन करते हुए उपस्थित जनसमूह को कई दृष्टांत सुनाये तथा राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान की मूर्तियों की पूजा अर्चना की इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल, प्रताप मार्केट अध्यक्ष बलबीर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष अनिल गुलानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, महामंत्री ओपी सिंहनारंग,उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, संरक्षक जेपी गुप्ता मौजूद रहे तथा हनुमान की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, प्रताप मार्केट के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तथा भारी संख्या में मौजूद महिलाओं ने हनुमान का भजन कीर्तन एवं गुणगान किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल,प्रताप मार्केट के पदाधिकारियों ने डॉ दिनेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेशआदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को अंग वस्त्र एवं राम दरबार की प्रतिमा भेंट किया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने इस अवसर पर सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई दी। श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रताप मार्केट एवं राजधानी के बाजारो के व्यापारियों और नागरिकों ने हिस्सा लिया।वही दूसरी ओरहनुमान जयंती पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के इंदिरा नगर स्थित कार्यालय में ष्हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्षवर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल व ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने पवन पुत्र हनुमान की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया तथा उनसे संसार में सुख शांति बनाए रखने की प्रार्थना की ह्यइस अवसर पर हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा कि ष्हनुमान जी भगवान राम के परम भक्त थे तथा हमेशा भगवान राम जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनके द्वारा बताए हुए हर नियम का भी परिपूर्ण पालन करते थे, आज हमें यह प्रण लेना चाहिए की हम हमेशा हनुमानजी की तरह ही सच्चाई और अच्छाई का आचरण करेंगे तथा देश हित एवं जनहित में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे, यह हनुमान का ही आशीर्वाद है कि हमारे देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सानिध्य प्राप्त हुआ है जो दिन रात भारत देश को उन्नति की ऊंचाइयों तक ले जाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। हमें अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है तथा उम्मीद है कि भगवान राम एवं पवन पुत्र हनुमान निश्चय ही हम सभी की मनोकामना जल्द ही पूर्ण करेंगे।



लखनऊ समस्त डिपो समाचार पत्र वितरक सेवा समिति शाखा --चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वाधान में हनुमान जी जन्म उत्सव बाग महानारायण स्थित गोमती अखाड़े में कार्यक्रम हुआ इसमें मुख्य अतिथि डॉ दिनेश शर्मा( पूर्व उप मुख्यमंत्री) एवं समिति के संरक्षक अनुराग मिश्रा (पार्षद ) के कर कमलों द्वारा किया। इसमें बच्चों की कुश्ती हनुमान चालीसा व भव्य आरती का आयोजन हुआ । चौक डिपो (अध्यक्ष) प्रदीप कुमार वर्मा,आचार्य राजेश शुक्ला, पंडित कृष्णा जी, पंडित नीरज अवस्थी के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ एवं मुख्य अतिथि व पार्षद द्वारा भव्य आरती के बाद अखाड़े मैं लखनऊ स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन के अध्यक्ष सुनील मिश्रा जी ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस मौके पर लखनऊ समस्त डिपो के सुप्रीमो व वितरक उपस्थित एवं समाचार पत्र के अधिकारियों, डॉश्र उमंग खन्ना, संजय द्विवेदी, संजीव झींगरन,गोपाल नाथ शर्मा, पंकज बाजपेई, रमेश कुमार, सुनील कश्यप गोमती नगर डिपो सुनील शुक्ला, मनोज तिवारी, मनीष,आदित्य, पप्पू जी,राजू माली, किरण जी,रीना जी, कुश्र श्रद्धा अवस्थी वासुदेव पाल बारा बिरवा अध्यक्ष आदि उपस्थित होकर बड़े हर्षोल्लास से हनुमान जी का गुणगान करते हुए सभी भक्तों पर कृपा बनाए रखने के लिए प्रार्थना की ।

# लोहिया विधि विश्वविद्यालय में शिक्षकों का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में वर्षों से लम्बित समस्याओं का समाधान नहीं होने से आक्रोशित फैकल्टी का जोरदार प्रदर्शन, विश्वविद्यालय प्रशासन को जमकर कोसा शिक्षकों ने कुलपति के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। शिक्षकों ने विश्वविद्यालय में परीक्षा सहित कार्य बहिष्कार कर दिया हैं। इसी कड़ी में शिक्षकों ने सुबह 10 बजे से 3 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों का कहना है कि जब तक विश्वविद्यालय उनकी मांगों को पूरा नहीं करता है वह काम पर वापस नहीं लौटेंगे। न ही किसी भी तरह के काम में सहयोग करेंगे। शिक्षकों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन वर्ष 2013 में सृजित पदों पर शिक्षकों को रेगुलर नहीं कर रहा है। इसका फायदा उठाकर सहायक कुल सचिव की ओर से बिना कुलपति से अनुमोदन उनका वेतन रोका जा रहा है। इसके अलावा शिक्षकों का वर्षों से प्रमोशन रोक कर रखा हुआ है।विधि विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. अलका सिंह ने बताया कि श्आंदोलन में शामिल हुए शिक्षकों ने सभी कार्यों का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया है। साथ में सुबह 10रू00 से 2रू00 बजे तक सांकेतिक धरना दिया गया। उन्होंने बताया कि जब तक शिक्षकों की मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक लगातार हर दिन धरना प्रदर्शन होगा। इसके अलावा शिक्षकों ने निर्णय लिया है कि 10 तारीख से शुरू होने वाले अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे। 14 अप्रैल से शुरू हो रही सेमेस्टर परीक्षा में भी विश्वविद्यालय का सहयोग नहीं करेंगे। शिक्षकों का कहना है कि इस साल जनवरी में शिक्षकों के लिए सलेक्शन कमेटी का आयोजन किया गया था। जिस पर अनुमोदन करने के लिए परिषद की बैठक आयोजित होनी थी, लेकिन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भटनागर के ढुलमुल रवैया के कारण 4 महीने बीतने के बाद भी अभी तक कार्यपरिषद की बैठक नहीं बुलाई गई हैं। कार्य परिषद बैठक को जल्द से जल्द बुलाकर पदों का स्थाईकरण कराया जाए। इस विद्यालय के रवैया के कारण लगातार शिक्षकों का मनोबल गिरता जा रहा है। आए दिन शिक्षकों को मानसिक प्रताडना देकर और नजरंदाज करके यूनिवर्सिटी उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर रहा है। प्रदर्शन कर रहे शिक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि कुलपति और रजिस्ट्रार दोनों को अल्टीमेटम दिया गया हैं। करीब 10 साल का समय बीत चुका हैं। अब तक कोई निर्णय नही लिया गया। अब यह रवैया बर्दाश्त नही होगा। जब तक ठोस कदम नही उठाए गए तब तक यूनिवर्सिटी में पढ़ाई और एग्जाम दोनों पर ही हमारी तरफ से असहयोग रहेगा। कुलपति प्रो. सुबीर कुमार भटनागर ने कहा कि कुलसचिव और वित्त अधिकारी के साथ इस पूरे मामले पर बात हो चुकी हैं। शिक्षकों के रुके हुए वेतन का भुगतान एक दो दिन में जारी हो जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों के स्थायीकरण का प्रकरण शासन को भेजा गया हैं। जल्द ही निर्णय मिल जाएगा। कुल सचिव को 15 दिन में कार्य परिषद बुलाने को निर्देश दिए गए हैं।

# नल कनेक्शन देने के मामले में यूपी ने राजस्थान को भी पछाड़ा

**लखनऊ।** योगी सरकार ने हर घर नल योजना में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नल कनेक्शन देने के मामले में यूपी ने जहां राजस्थान को पछाड़ा है वहीं सबसे अधिक नल कनेक्शन देने में देशभर में वो तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। यूपी ने गरुवार तक 97 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। देश में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले राज्यों में बिहारऔर महाराष्ट्र के बाद उत्तर प्रदेश तीसरे पायदान पर पहुंच गया है। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से पांच करोड़ से अधिक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक यूपी ने गुरुवार तक 97,11,717 से अधिक परिवारों तक टेप कनेक्शन पहुंचा दिये हैं। योजना से 5,82,70,302 से अधिक ग्रामीण लभान्वित हो रहे हैं। जबकि राजस्थान में 39,33,140 टेप कनेक्शन दिये गये हैं। योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना से यूपी के 36.59 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचाने का सपना पूरा हो चुका है। जबकि राजस्थान में 36.47 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों तक हर घर जल पहुंचा है। यूपी में जहां प्रत्येक दिन लगभग 40 हजार से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन दिये जा रहे हैं।

# निकाय चुनाव: सपा ने कम आरक्षण देने के खिलाफ दाखिल की आपत्तियां

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को अनुमन्य आरक्षण से कम आरक्षित सीटें देने का मामला उठाया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी ने आज गुरूवार को आरक्षण के इस मामले को लेकर निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ में अपनी आपत्तियां दाखिल की और आरक्षण सूची में तत्काल संशोधन की मांग की।समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में पार्टी डेलिगेशन ने इस बाबत निदेश को अपनी लिखित आपत्तियां सौंपी। सपा ने कहा कि 30 मार्च को जारी आरक्षण सूची में कई खामियां हैं। सपा ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के चुनाव में कम सीटें आरक्षित करने का विवरण भी स्थानीय निकाय निदेशक को दिया है और नियमानुसार इसमें संशोधन की मांग की है।सपा का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद की 544 सीटों में बलरामपुर, कानपुर नगर, ललितपुर में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। अमेठी, अमरोहा, बलरामपुर, बिजनौर, चन्दौली, गाजियाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर, ललितपुर, महोबा, मिर्जापुर, रामपुर, श्रावस्ती, वाराणसी जिले में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं की गयी। बलरामपुर, चित्रकूट, इटावा, हापुड, कानपुर नगर, ललितपुर में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है।सपा ने अपने पत्र में कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कुल 544 पदों के सापेक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए लेकिन कई जिलों में कम आरक्षण मिला। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के पद 199 में अनुसूचित जनजाति को एक भी सीट आरक्षित नहीं की गयी। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद में बस्ती एवं देवीपाटन मण्डल में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं की गयी है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के कुल पद 199 पदों के सापेक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए लेकिन कई जिलों में कम आरक्षण मिला। सपा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नगर निगम के महापौर पद के लिए कुल 17 पदों के सापेक्ष अनुसूचित जाति के लिए 21 फीसदी अनुमन्य आरक्षण के अनुसार 3.57 सीटें आरक्षित होनी चाहिए जबकि घोषित आरक्षण में केवल 02 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित की गयी है। अनुमन्य आरक्षण के अनुपात में 1.57 सीटें कम आरक्षित की गयी है।अनुसूचित जाति को 11 फीसदी की आरक्षण दिया गया है। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी अनुमन्य आरक्षण के अनुसार 4.59 सीटें आरक्षित होनी चाहिए जबकि घोषित आरक्षण में केवल 4 सीटें हैं।

# एकेटीयू पहुंचे स्कूली बच्चे, डॉ.कलाम जैसा वैज्ञानिक बनने का सपना संजोया

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

एकेटीयू यानी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय लैब मौजूद हैं। जिनमें छात्रों से लेकर रिसर्च स्कॉलर घंटों प्रयोग में लगे रहते हैं। कोई रोबोट बनाने में जुटा रहता है तो कोई 3 डी प्रिंटर पर काम करता है। अक्सर इन लैब को देखने कॉलेज और स्कूल के बच्चे आते हैं। गुरूवार को गर्वनमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल दुगौना हरदोई के नौवीं और दसवीं के बच्चों के लिए खास दिन था। अपने शिक्षकों के साथ आये बच्चों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न लैब को देखा। क्लासरूम, शिक्षक, लेक्चर और किताब के डेली रूटीन से अलग बच्चे जब लैब पहुंचे तो उनकी आंखें चमक उठीं। बच्चे लैब के विभिन्न हिस्सों को बड़ी गंभीरता से देख रहे थे। हर एक चीज की जानकारी बारीकी से पूछ रहे थे। इस दौरान बच्चों ने एडवांस फैब्रिकेशन लैब, आइडिया लैब, थ्री डी प्रिंटिंग लैब, गूगल कोडिंग लैब, फाइबर सेमुलेशन, रोबोटिक्स, इंडस्टियल ऑटोमेशन, सेंसर लैब, लेजर लैब आदि का निरीक्षण किया। बच्चों ने थ्री डी प्रिंटिंग से किस तरह मॉडल बनाये जाते हैं कि जानकारी ली। साथ ही आइडिया लैब को करीब से जाना। लैब देखने के बाद ऐसा लगा जैसे बच्चों को भविष्य की राह मिल गयी हो। कोई डॉ0 कलाम जैसा बनने के सपने बुनने लगा तो कोई इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम करने को आतुर दिखा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि छोटे बच्चों के लिए इस तरह का अनुभव बहुत जरूरी है। ऐसी जगहों पर आने से बच्चों कि दिशा बदल जाती है। बच्चे न केवल बहुत कुछ नया सीखते हैं बल्कि उनके सपने भी बड़े हो जाते हैं। इस दौरान इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने बच्चों को लैब के बारे में विस्तार से बताया। वहीं, वंदना शर्मा ने बच्चों को इनोवेशन के बारे में बताया।



बच्चे विश्वविद्यालय की डिजिटल लाइब्रेरी भी पहुंचे। वहां बच्चों ने लाइब्रेरी के बारे में जानकारी ली। मसलन किस तरह की किताबें हैं और डिजिटल लाइब्रेरी पर कैसे किताबों को पढ़ा जा सकता है इस बारे में भी पूछा। बच्चों के साथ उनके शिक्षक प्रदीप कुमार, राकेश कुमार और इंतजार अहमद भी आये थे।

# विधायक ने किया महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**





मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के कर कमलों द्वारा नगर विकास की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास करते हुए लोकार्पण सजीव प्रसारण के माध्यम से नगर पंचायत परसपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक करनैलगंज अजय सिंह एवम अन्य जनप्रतिधि सहित, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का बखान किया। कार्यक्रम के अवसर पर विधायक करनैलगंज द्वारा पीएम स्वानिधि व पीएम आवास योजना के लाभार्थियों और सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम के पश्चात विधायक अजय सिंह द्वारा नगर के मुख्य स्थानों पर लगाए गए वाटर कूलर और पार्क का लोकार्पण किया गया।तथा पंडित दीनदयाल योजना अंतर्गत 11 वार्डो के लिए कुल 148 लाख रुपए धनराशि स्वीकृत करते हुए मौके पर शिलान्यास किया गया।कार्यक्रम में वासुदेव सिंह, परसपुर विकास मंच के अरुण सिंह, दिनेश गुप्ता, राकेश तिवारी, डॉक्टर सुरेश तिवारी बालपुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थिति रहे।

# 71 लंबित प्रकरणों की हुई सुनवाई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने सूचना का अधिकार अधिनियम- 2005 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित 71 मामलों की कलेक्ट्रेट सभागार में सुनवाई किया। जिसमें से 55 केश का निस्तारण किया गया, शेष बचे हुए प्रकरणों पर तारीख देते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश जनसूचना अधिकारियों को दिए।मा0 राज्य सूचना आयुक्त द्वारा एक-एक करके वादकारियों एवं संबंधित जन सूचना अधिकारी/ प्रथम अपीलीय अधिकारी का पक्ष सुनते हुए सुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्र पर बिन्दुवार सूचना उपलब्ध करायी जाय। राज्य सूचना आयुक्त ने सुनवाई के उपरांत सभी विभागों के जन सूचना अधिकारियों/ प्रथम अपीलीय अधिकारियों के बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिया कि सूचना उपलब्ध कराने के दौरान आवश्यक प्रपत्र संलग्नक के रूप में अवश्य लगाये जाय, जिसमें सूचना मांगने वाले का आशय की पुष्टि हो, आधी-अधूरी अथवा भ्रामक सूचना कदापि न उपलब्ध कराई जाए। मा0 सूचना आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जनसूचना अधिकारी अपने कार्यालय में एक रजिस्टर रखें, जिसमें जनसूचना आवेदन पत्र की प्राप्ति एवं उसके निस्तारण से संबंधित विवरण क्रमवार, तिथिवार अंकित किया जाय, यदि कोई आवेदन पत्र विभाग से संबंधित नही है, तो 05 दिन के भीतर संबंधित विभाग को अन्तरित कर दिया जाए।

# चौकी प्रभारी सहित कई उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में कानून व्यवस्था के मद्देनजर बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने पांच उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में अदला-बदली किया है स्थानांतरित उप निरीक्षकों में अपने निरंकुश कार्यशैली एवं एक पत्रकार की जमीन पर अवैध कब्जा कराने और दबंगों के इशारे पर पहाड़ापुर क्षेत्र के एक पीड़ित व्यक्ति को थर्ड डिग्री देकर पुलिसिया उत्पीड़न करने, सरकारी व लोगों की निजी जमीनों पर अवैध कब्जे कराने में शामिल रहने सहित अन्य तमाम गंभीर आरोपों के चलते काफी समय से विवादों से घिरे चौकी प्रभारी पहाड़ापुर अभिषेक मिश्रा समेत भानु प्रताप सिंह चौकी प्रभारी गुरुनानक चौक थाना कोतवाली नगर, विरेन्द्र कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी माधवपुर थाना कटरा बाजार, अरूण कुमार गौतम चौकी प्रभारी हथियागढ़ थाना छपिया, धीतेंद्र सिंह प्रभारी न्यायालय सम्मन सेल शामिल हैं। अभिषेक मिश्रा चौकी प्रभारी पहाड़ापुर को चौकी प्रभारी गुरुनानक चौक थाना कोतवाली नगर, भानु प्रताप सिंह चौकी प्रभारी गुरुनानक चौक थाना कोतवाली नगर को चौकी प्रभारी हथियागढ़ थाना छपिया, धीतेंद्र सिंह प्रभारी न्यायालय सम्मन सेल को चौकी प्रभारी पहाड़ापुर थाना कटरा बाजार,विरेन्द्र कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी माधवपुर थाना कटरा बाजार को प्रभारी न्यायालय सम्मन सेल, अरूण कुमार गौतम चौकी प्रभारी हथियागढ़ थाना छपिया को चौकी प्रभारी माधवपुर थाना कटरा बाजार के पद पर स्थानांतरित किया गया है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो अभी कुछ प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी कप्तान के निशाने पर हैं। अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे कुछ प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष पर भी देर सबेर गाज गिर सकती है। इन लोगों के विरुद्ध पत्रकार संगठन सहित अनेकों लोगों के माध्यम से एसपी को अनेकों शिकायतें मिल चुकी हैं। जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हो रही है। एसपी आकाश तोमर की साख पर बट्टा लगाते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली करनैलगंज सुधीर सिंह एवं थाना प्रभारी कटरा बाजार मनोज कुमार राय अपने निरंकुश कार्यशैली और मनमानी के साथ ही बढ़ते अपराध एवं अपराधियों के वर्चस्व को लेकर विवादों के घेरे में है। वहीं प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज व कटरा बाजार पर गंभीर आरोप हैं। अब देखना यह है कि जिले के काफी तेज तर्रार कहे जाने वाले एसपी आकाश तोमर की इन निरंकुश अफसरों पर कब नजरें टेंढ़ी होती हैं और इनके तबादले कब होते हैं।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**कर्नलगंज/ गोण्डा , समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर गुरुवार को ग्राम सकरौरा ग्रामीण के छतईपुरवा के पास एक बाईक व साईकिल सवार सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी एम्बुलेंस द्वारा नाजुक हालत में सीएचसी भेजवाया गया। जहां चिकित्सक ने एक व्यक्ति सिराजुद्दीन उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम धौरेमऊ,थाना इमलिया जनपद सीतापुर जो कि फेरी का काम करता था उसे मृत घोषित कर दिया और वहीं आकाश शुक्ला उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नहवा परसौरा कर्नलगंज को बेहतर इलाज हेतु गोण्डा रेफर कर दिया। वहीं दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। इस संबंध में जानकारी लेने हेतु जब प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्नलगंज के सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा था।

# शांति फाउन्डेशन ने बच्चों को भेंट किए उपहार

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




- फाउन्डेशन ने सोनबरसा के बच्चों को दान स्वरूप बुक सेट, स्कूल बैग, नोट बुक व पेन कराया उपलब्ध

गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के सुविधा विहीन घरों से आने वाले बच्चों को शांति फाउन्डेशन गोण्डा के सचिव गया प्रसाद आनन्द द्वारा विभिन्न वस्तुएं दान स्वरूप भेंट की गई।इसी क्रम में केशमी भारती को नवीं कक्षा की बुक सेट व कापी, अमन कुमार को स्कूल बैग, सुषमा, खुशनाज, काजल पासवान, मुनिया तिवारी, दिनेश, आदित्य पासवान, प्रिंस यादव,मो0 शोयब, रूबी भारती, साकिरा बानो, अंशिका मौर्या, मनीषा मौर्या आदि लगभग पन्द्रह बच्चों को नोट बुक व पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही भविष्य में भी उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित करने का वादा किया। गया प्रसाद द्वारा शिक्षा के महत्व को दर्शाता हुआ एक गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस नेक कार्य के लिए स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक बलजीत सिंह कनौजिया व शिक्षकों राम अनुज, शताब्दी वर्मा, सुरेश कुमार, अमर ज्योति शर्मा, पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा, चित्रावती मौर्य आदि द्वारा संस्था की अध्यक्षा पिंकी देवी, संयोजक सुनील आनंद, संरक्षक शिवप्रसाद आनन्द का आभार व्यक्त किया गया।

## जीआईसीटी कंप्यूटर एजुकेशन सेन्टर का मनाया गया चौथा वर्षगांठ

**बालपुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक परसपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगिया बालपुर परसपुर रोड पर स्थित GICT कंप्यूटर एजुकेशन सेन्टर का चौथा वर्षगांठ कर्नलगंज विधायक अजय सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित मनाया गया। GICT कंप्यूटर एजुकेशन सेन्टर के संचालक विनय प्रकाश भारती ने बताया कि GICT कंप्यूटर एजुकेशन सेन्टर पर लगभग सात सौ बच्चें पढ़ते और कुछ बच्चो को कर्नलगंज विधायक के द्वारा मौजूद बच्चो को कंप्यूटर प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधान देव पराग अवस्थी, सालिक राम, राजेश चौबे, आशीष तिवारी, सुरेश गोस्वामी पूर्व प्रधान, सहित कई ग्राम पंचायत के प्रधान व, राजू गोस्वामी, प्रदीप सिंह, भूपेश पांडेय, गुड्डू सिंह, प्रोपराइटर आनन्द गोस्वामी, विकास सिंह राम धीरज यादव, दीनानाथ मास्टर, शुभम सिंह, संतोष शुक्ला, अजय सिंह, दिनेश गोस्वामी आदि क्षेत्रिय लोग मौजूद रहे। सभी लोगों ने त्नद्धष्ट्ज्ञ कंप्यूटर एजुकेशन सेन्टर के शिक्षा को लेकर खूब प्रशंसा की।

## खबरें एक नजर में

### डीएम-सीडीओ ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

- डीएम ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारी को कार्य में तेजी लाकर समय से कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिया जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे बिल्डिंगों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### चोर समझकर गैर-इरादतन हत्या करने के 2 आरोपी गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** दिनांक 04.04.2023 की रात्रि को थाना को0 देहात क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम दुफेड़िया लच्छीपुर में देर रात घूम रहे एक युवक को लोगो ने चोर समझ पीट-पीटकर मरणासन स्थित में कर दिया था। ईलाज हेतु ले जाते समय युवक की मृत्यु हो गयी थी। मृतक के भाई विनोद कुमार की तहरीर पर थाना को0 देहात में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश प्र0नि0 को0 देहात को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्तों में से 02 आरोपी अभियुक्तों- 01. ओमप्रकाश, 02. जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तगण** :- 01. ओमप्रकाश पुत्र राम सबूरे नि0 दुफेडिया नऊउन पुरवा लच्छीपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा। 02. जयप्रकाश पुत्र राम सबूरे नि0 दुफेडिया नऊउन पुरवा लच्छीपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

# सात घंटे बाद पकड़ में आया तेंदुआ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- लोगों पर हमले के बाद मड़हे में था छिपा
- दुधवा और कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की टीम ने किया रेस्क्यू
- जंगल से निकले तेंदुए ने पांच लोगों पर किया था हमला



कतर्नियाघाट रेंज के चहलवा गांव में बृहस्पतिवार छह बजे एक तेंदुआ पहुंच गया था। तेंदुए के हमले में महिला समेत सात लोग घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दुधवा और कतर्नियाघाट की संयुक्त टीम ने तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर उसे रेंज कार्यालय लाया गया है। स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे जंगल में छोड़ दिया जाएगा।कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे गांवों में गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगली जानवर भी आबादी की ओर रुख करने लगे हैं। बृहस्पतिवार सुबह छह बजे के आसपास एक तेंदुआ कतर्नियाघाट रेंज के चहलवा में मंगल पुरवा गांव में पहुंच गया। तेंदुआ ने नित्य क्रिया के लिए गई महिला रीता देवी (35) पत्नी हरिकेश पर हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण हाका लगाते हुए दौड़ पड़े। तेंदुए ने संजय पुत्र राम अवध, लालबहादुर पुत्र काशी, सहदेव पुत्र मुक्ति नारायण व संतोष पुत्र मुक्ति नारायण समेत सात लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सभी ने हाका लगाना शुरू किया जिससे तेंदुआ गांव में घुस गया। तेंदुआ गांव निवासी लक्ष्मण पुत्र जंगली के फूंस के मड़हे में घुस गया। जहां ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। सूचना पर पहुचे वन विभाग की टीम की ओर से रेंजर राम कुमार, वन दरोगा मयंक पांडे, वन रक्षक अब्दुल सलाम ने घायलों को इलाज के लिए पीएचसी सुजौली भेजा जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी मोतीपुर के लिए रेफर कर दिया गया। डीएफओ आकाशदीप वधावन ने बताया कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग चार टीम लगाई गई। मकान को जाल से घेर दिया गया। हथिनी जयमाला और चंपा कली को भी मदद के लिए लगाया गया है। इसके बाद पिंजड़ा लगाकर तेंदुए को पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद तेंदुए को जंगल में छोड़ने की कार्यवाई की जायेगी।

### ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा

तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजड़ा लाया गया। वन विभाग की ओर से पशु चिकित्सक डॉ दयाशंकर (दुधवा नेशनल पार्क) व डॉ दीपक वर्मा कतर्नियाघाट से गांव पहुंचे। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि तेंदुआ एक मकान में घुस गया। भीड़ कम करने के बाद उसे संयुक्त टीम ने ट्रेंकुलाइज कर लिया है।



## राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने निकाला पथ संचलन जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्र सेविका समिति बहराइच विभाग के तत्वावधान में शकुंतला एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चिलवरिया चल रहे प्राथमिक शिक्षा वर्ग मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनों ने आज बहराइच नगर में पथ संचलन निकाला। राष्ट्र सेविका समिति में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बहनों का एकत्रीकरण महाराज सिंह इंटर कॉलेज में हुआ तदुपरांत प्रार्थना के उपरांत पूर्ण गणवेश में महाराज सिंह इंटर कॉलेज से चल कर अस्पताल चौराहा, छोटी बाजार, घंटाघर, पीपल चौराहे होते हुए पथ संचलन नगर पालिका परिसर पर समाप्त हुआ। पथ संचलन में क्षेत्र प्रचारिका शशि, प्रांत कार्यवाहीका यशोधरा, प्रांत तरुणी प्रमुख रमा, नगर कार्यवाहीका सुनीता सिंह, जिला प्रचारक दीनानाथ, विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, नगर प्रचारक आशुतोष, नगर प्रचारक श्रावस्ती भानु प्रकाश, जिला कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अर्जुन कुमार, जिला व्यवस्था प्रमुख ओम प्रकाश सक्सेना जिला सेवा प्रमुख विनोद सिंह जिला पर्यावरण संयोजक डॉ देवेंद्र उपाध्याय, नगर कार्यवाह रमेश, सहनगर कार्यवाह शिवम, प्रांत कोषाध्यक्ष एकल विद्यालय धर्मेंद्र सिंह, इंद्र बहादुर सिंह खंड कार्यवाह चितौरा धर्मेंद्र सिंह, प्राचार्य शकुंतला एजुकेशनल इंस्टीट्यूट डॉ संजय चौधरी, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे ।

## जमीनी विवाद में महिला को पीटा, मकान में लगाई आग

- दोनों पक्षों के आठ लोगों पर केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले गुजौली खुर्द गांव निवासी एक महिला को दबंगों ने जमीनी विवाद में पिटाई की। इसके बाद मकान में आग लगा दिया। आग की चपेट में आकर गेहूं की फसल भी जल गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि इसको लेकर वायरल हो रहे आग लगने के वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। बौंडी थाना क्षेत्र के गुजौली खुर्द गांव निवासी कुसुमा देवी पत्नी मदन पाल का विवाद गांव निवासी मोनू पुत्तू, निर्मल आदि से चल रहा है। बुधवार को जमीनी विवाद में मारपीट शुरू हो गई। दबंगों ने महिला के मकान में आग लगा दी। मकान पूरा जल गया। साथ ही खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। मकान और गेहूं की फसल जल गई। घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बौंडी थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव में पुलिस तैनात है। उन्होंने बताया कि जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा है। ऐसे में कोर्ट के आदेश का स्थगन आदेश का पालन कराया जायेगा।

# केडीसी में आयोजित हुआ स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम

- 2573 विद्यार्थियों को मिली स्मार्ट फोन की सौगात


**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




भारत को डिजिटल पथ पर तेज गति से आगे बढ़ाने, प्रत्येक देशवासी का जीवन आसान बनाने तथा डिजिटल इण्डिया की सुविधाओं से आच्छादित करने एवं प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरा मेडिकल तथा नर्सिंग आदि विभिन्न शिक्षण/ प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत लाभार्थी युवा वर्ग को स्मार्टफोन निःशुल्क प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना से लक्षित युवा लाभार्थी वर्ग जहॉ एक ओर अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर सकेंगे वहीं दूसरी ओर शैक्षिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के उपरान्त विभिन्न शासकीय, गैर शासकीय तथा स्वावलम्बन की योजनाओं में भी इस गैजेट का सदुपयोग कर सेवारत/ व्यवसायरत हो सकेंगे। केडीसी में आयोजित निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, प्राचार्य डॉ विनय सक्सेना, पूर्व प्राचार्य मेजर डॉ एस.पी. सिंह, वाइस प्राचार्य डॉ उस्मान, सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार शिक्षा के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं का आहवान किया कि स्मार्ट फोन का सदुपयोग शिक्षा ग्रहण करने में करें। विद्यार्थियों के लिए ऐसे गैजेट्स प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी अत्यन्त उपयोगी हैं। वक्ताओं ने स्मार्ट फोन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं का आहवान किया कि छात्र-छात्राओं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दें। समारोह के दौरान एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, प्राचार्य डॉ विनय सक्सेना, पूर्व प्राचार्य मेजर डॉ एस.पी. सिंह, वाइस प्राचार्य डॉ उस्मान, सहायक प्रो. डॉ डिम्पल जैन, ने अन्य अतिथियों के साथ महाविद्यालय के 2573 विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन तथा 78 विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया। इस अवसर पर गणमान्य व संभ्रान्तजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## समारोह पूर्वक मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत रुपईडीहा के अन्तर्गत निधिनगर पौखरा में भाजपा का चौवालीसवां स्थापनादिवस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा की शून्य से शिखर तक की राजनैतिक यात्रा और उसकी उपलब्धियां बताईं। अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि हमारे नेतृत्व ने सत्ता प्राप्त करने के लिए सिध्दांत से समझौता कभी नहींकिया। प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि भाजपा के लिए राजनीति राष्ट्र निर्माण का माध्यम है स्वार्थ पूर्ति का साधन नहीं। उमेश कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जहां कार्यकर्ता अपनी क्षमता और योग्यता के अनुसार ऊंचे से ऊंचे पद तक पहुंच सकता है। सबने एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने आगामी चुनावों में जिताने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में गोकरन यादव, मुरलीप्रसाद, तेजराज, निरंकार वर्मा, संदीप प्रजापति, पुत्तीलाल प्रजापति सहित अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# बीमार नवजात को एनबीएसयू में मिलेगा जीवनदान

- पीलिया, सांस गतिरोध सहित जन्म के तुरंत बाद होने वाली समस्याओं का त्वरित होगा उपचार
- जनपद के सात ब्लाकों में स्थापित हुईं यूनिट

**राहुल सोनी**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीण क्षेत्रों में घर के नजदीक बीमार नवजात को इलाज उपलब्ध कराने के लिए जनपद के सात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नवजात शिशु स्टेबलाइजेशन यूनिट ( एनबीएसयू ) की स्थापना की गयी है। इस यूनिट में जहां एक ओर जन्म के तुरंत बाद होने वाली समस्याओं का त्वरित उपचार हो सकेगा वहीं गंभीरता के मामले में रेफर करने से पहले नवजात को प्राथमिक उपचार भी इसी यूनिट में मिल जाएगा।

इस प्रयास से रेफरल के दौरान होने वाली मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद के दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों क़ैसरगंज व नानपारा में पूर्व से ही एनबीएसयू स्थापित था। बीते 29 मार्च को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र ने जनपद के 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जरवल, महसी, रिसिया, मोतीपुर व पयागपुर में एनबीएसयू की स्थापना के निर्देश दिये थे। जिसके अनुपालन में सभी पांचों स्थानों पर यूनिट की स्थापना कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार जनपद में 7 एनबीएसयू की स्थापना हो चुकी है।

### नजदीक मिलेगी सुविधा

जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि एनबीएसयू में गंभीर रूप से बीमार सभी नवजात का इलाज किया जाएगा चाहे वह उसी अस्पताल में जन्म हो या बाहर से लाया गया हो। ब्लॉक स्तर पर ऐसी सुविधा होने से सुदूर गांवों व स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर जन्मे गंभीर बीमारी से जूझ रहे नवजात का त्वरित उपचार कर जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा अब लाभार्थियों को जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, वहीं जनपद स्तरीय चिकित्सालयों पर काम का बोझ थोड़ा कम होगा, इससे उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता और बेहतर हो सकेगी।

### क्या है एनबीएसयू

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सरजू खान ने बताया कि एनबीएसयू में स्थापित 4 रेडियंट वार्मर व 2 फोटो थेरेपी मशीनों की सहायता से बीमार नवजात का इलाज किया जाएगा । इनमें ऐसे नवजात जिनका तापमान सामान्य से कम अथवा अधिक है या उनकी सांस तेज है अथवा झटके आ रहे हैं या समय से पहले जन्मे (प्री-मेच्योर) बच्चों, सांस लेने में परेशानी व कम वजन वाले नवजातों को त्वरित इलाज मिलने लगेगा। इसके अलावा एनबीएसयू में स्वास्थ्य कर्मी प्रसूताओं को शीघ्र स्तनपान कराने में भी मदद करेंगी और उन्हें केएमसी और स्तनपान का सही तरीका भी सिखाएंगी।

### इन सुविधाओं का होगा प्रबंध

- बीमार नवजात का उपचार व प्रबंधन
- नवजात का टीकाकरण
- स्तनपान में सहयोग व शीघ्र स्तनपान
- जन्म के समय कम वजन के शिशुओं की पहचान व प्रबंधन
- नवजात पीलिया का फोटोथेरेपी विधि से उपचार
- नवजात का ठंड से बचाव
- नवजात का सांस गतिरोध से बचाव व प्रबंधन
- गंभीर बीमार शिशु की पहचान व रेफरल से पूर्व प्राथमिक उपचार

# पीएम आवास योजना के 10 लाभार्थियों को सौंपी गई प्रतीकात्मक चाभी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**




मुख्यमंत्री द्वारा नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग की 8731 करोड़ की 2029 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास नगरीय निकाय निदेशालय, लखनऊ स्थित सभागार से किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं अन्य लोगों द्वारा देखा गया तथा इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी वितरण की गई।

पीओ, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रुपये 281.52 लाख लागत की 13 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत विधायक एवं जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा 10 पात्र लाभार्थियों को उनके आवास की चाभी सौंपी गई।

# निराला को सीबीएसई बोर्ड पाठ्यक्रम से हटाने की निन्दा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को निराला सृजन मंच एवं वी आर फाउंडेशन की एक संयुक्त बैठक शंकर नगर मुराई बाग में हुई। बैठक में महाप्राण निराला की रचनाओं को सीबीएसई बोर्ड के इन्टरमीडिएट पाठ्यक्रम से हटाने की डलमऊ के साहित्यकारों ने कड़ी निन्दा की है।

वरिष्ठ साहित्यकार राम नारायण रमण ने कहा कि निराला जी डलमऊ में बीस वर्ष तक रहे हैं। उन्होंने अपना अधिकांश साहित्य सृजन डलमऊ में किया। उनकी रचनाओं को सीबीएसई बोर्ड पाठ्यक्रम से हटाना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं निन्दनीय भी है।कवि रमाकांत ने कहा कि निराला छायावाद प्रगतिवाद प्रयोगवाद के झंडाबरदार सार्वकालिक महाकवि हैं। उनकी रचनाओं को जन जन तक पहुंचाना चाहिए।कवि एवं आलोचक वाई.वेद प्रकाश ने कहा कि निराला की राम की शक्ति पूजा से लेकर कुकुरमुत्ता तक अनेक रचनाएं विश्व प्रसिद्ध हैं। सरकार उनकी रचनाओं को सीबीएसई पाठ्यक्रम से हटा कर साहित्य और समाज के साथ अन्याय कर रही है।कवि प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि सरकारें सच को स्वीकार नहीं कर पातीं इसलिए निराला जैसों की रचनाएं पाठ्यक्रम से हटा दी जाती हैं। बैठक में ओमप्रकाश,आन्या प्रिया, सम्राट, एंजेलिना, सविता यादव,सत्य प्रकाश, बसंत लाल गुप्ता, सुंदर लाल मनमौजी,अशोष बाजपेई,वेद प्रकाश, जिया यादव आदि उपस्थित रहे और महाप्राण निराला की रचनाओं को सीबीएसई बोर्ड पाठ्यक्रम से हटाने की कड़े शब्दों में निन्दा की।

# मारपीट की घटना को रोकना पड़ा महंगा

- दो समुदायों के बीच ज्वेलर्स की दुकान में जमकर मारपीट
- पुलिस दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जहां एक तरफ योगी सरकार लगातार कानून व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेश के समस्त जिला प्रशासन को समय-समय पर आदेशित करते रहते हैं वही अगर बात की जाय रायबरेली में तो इस समय रायबरेली में कानून व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी है और दबंगों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं।

दरअसल मामला रायबरेली जनपद के लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लालगंज कस्बे का है जहाँ दो लोगों के विवाद में तीसरे को कूदना महंगा पड गया दो लोगों के द्वारा तीसरे व्यक्ति के दुकान के सामने आपस में झगड़ा कर रहे थे झगड़ा देखकर जब दुकानदार के द्वारा उन दोनों लोगों को समझाना चाहा कि मेरी दुकान के सामने लड़ाई मत करिए जिससे नाराज होकर उन लोगों के द्वारा उस दुकानदार के साथ मारपीट की गई उसकी दुकान के अंदर घुस कर तोड़फोड़ की गई और उसके गले से सोने की चेन खींच ली गई लोगों के द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची और घटना से जुड़ी चीजों पर बारीकियों के साथ जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर मिक्सर मशीन से गिरकर मजदूर घायल ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में हुई मौत

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बछरावां की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर मिक्सर मशीन के अनियंत्रित होने से मिक्सर मशीन पर बैठे मजदूर मशीन से गिरकर हुए गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया वही ट्रैक्टर चालक मिक्सर मशीन ले कर घटना स्थल से फरार हो गया.जहां पर चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया लेकिन ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के दामोदर खेड़ा निवासी श्रीपाल पुत्र मेड़ई उम्र 48 वर्ष दूसरा भीमराव पुत्र पप्पू उम्र 16 वर्ष निवासी दामोदर खेड़ा बछरावां से मकान की छत डाल कर वापस आ रहे थे तभी शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोडियागढ़ी गांव के 5 सेक्टर अनियंत्रित हो गया जिससे उस पर बैठे दोनों मजदूर नीचे गिरकर घायल हो गए घायलों को ग्रामीणों की सूचना पर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया जिसमें श्री पाल पुत्र मेडई की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई श्रीपाल की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरुणेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल से मिले मेमो के आधार पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है वही ट्रैक्टर व मिक्सर मशीन को कब्जे में ले लिया गया है.

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली अंतरगत ग्राम रानीखेड़ा मज़रे राजामऊ में बबूल के पेड़ पर युवक का लटकता शव ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बीती देर रात करीब 10 बजे के आसपास ग्राम रानीखेरा मज़रे राजामऊ में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव उसकी ही बनियान वा शर्ट से फंदा बनाकर बबूल के पेड़ से लटकता मिला। मृतक श्रीराम पुत्र शीतलादीन 30 का शव उसके घर से 800 मीटर दूर लटकता मिला। मृतक दो भाई थे उसका आवास अपने भाई से अलग था मृतक की पत्नी सुनीता वा उसके दो छोटे छोटे बच्चे है। घटना के बाद से बच्चों और पत्नी का रो रोके बुरा हाल है। इस बाबत थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया था। आगे की जाँच प्रक्रिया चालू है।

### चोरी की बकरी व चाकू के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई के अंतर्गत एक अंतर्जनपदीय चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।जिनके कब्जे से चोरी की एक पशु व अन्य सामान बरामद कर लिया।जिसके बाद पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया। सलोन कोतवाली पुलिस की टीम ने सलमान निवासी कोला बन मजरे रानीगंज कैथौला थाना लालगंज प्रतापगढ़ को बीबीपुर नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया।जिनके कब्जे से चोरी की एक बकरी व एक अवैध चाकू बरामद किया गया हैं।अभियुक्त के विरुद्ध सलोन कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

### मरहूम हाजी सेठ नसरुल्ला की याद में हुई इफ्तार पार्टी में मांगी गई अमन चैन की दुआ

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** माहे रमजानुल मुबारक के 13वें रमजान यानी 5 अप्रैल बुधवार को हाजी सेठ नासिर मंसूरी के जानिब से नदीगांव रोड स्थित ग्रीन गार्डन में मरहूम हाजी सेठ नसरुल्ला की याद में रोजा इफ्तार का एहतमाम किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। इफ्तार के बाद हाफिज अताउल्ला खां गौरी ने नमाज मगरिब अदा कराई। नमाज के बाद रोजेदारों ने अपने गुनाहों की तौबा के साथ मुल्क में अमन चैन कायम रहने व खुशहाली की दुआ मांगी। हाफिज गौरी ने कहा कि जितना सबाब रोजा रखने का है उतना ही सबाब रोजेदार को रोजा इफ्तार कराने का है। उन्होंने कहा मुकद्दस माहे रमजान की बहुत फजीलतें हैं इसलिए हमें चाहिए कि नमाज, रोजे तराबीह के साथ साथ जकात, सदकए फित्र अदा करें और तमाम बुरे कामों से दूर रहकर गुनाहों से बचें। इस मौके पर हाजी मोहम्मद अहमद, मोहम्मद उमर, एनुल आरफीन, हामिद हुसैन, काजी बशीरउद्दीन, अशफाक उल्ला खां, तारुफहुसैन, तौसीफअहमद, हाजी सुल्तान राइन, सेठ ताहिर मंसूरी, अयाज गौरी, छोटू टाइगर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी का सामान सहित गौवंश व बाइक खाक

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम परासनी में स्थित एक घर में आग लग जाने से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। मामले के मुताबिक ग्राम परासनी निवासी किसान जयनारायण पुत्र धनीराम गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे परिजनों संग खेत पर गया हुआ था तभी घर में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से गाय के 2 बछड़े झुलस कर मर गये, साथ ही एक बाइक यूपी 92 एफ8325 सहित 3 कुन्तल गेंहू, 1 कुन्तल सरसों सहित गृहस्थी का अन्य सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग की ऊंची लपटें उठती देख मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई जिसके बाद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। फिलहाल आग लगने के कारणों का कोई कारण सामने नहीं आ सका है। पीड़ित किसान जयनारायण ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाये जाने की गुहार लगाई है।



### भारतीय जनता पार्टी का 43वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** धूमधाम से मनाया गया भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस कस्बा स्थित रुद्रनगर वार्ड नंबर 6 में भारतीय जनता पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस सूर्य प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।भारतीय जनता पार्टी एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को मौजूद लोगों ने बहुत ही ध्यान पूर्वक से सुना। इस मौके पर नामित सभासद हीरा पासी बूथ अध्यक्ष विकास लोधी घनश्याम चौरसिया शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मी नारायण लोधी विनोद त्यागी ईश्वर गुड़िया लोधी रामकुमार विशंभर राम प्रसाद त्यागी कल्लू यादव सत्रोहन लोधी सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सशक्त राष्ट्र व समाज के निर्माण में अपना योगदान दें : ओम प्रकाश

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




बृहस्पतिवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में कक्षा 9 व 11 की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला व प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।

कक्षा 9 में आंचल सिंह ने प्रथम, आयुष यादव ने द्वितीय व सलोनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलसुम, अनुप्रिया ,वर्षा मौर्या, दीपाली, प्रतीक शुक्ला, अभिषेक यादव ,जहीन सिद्धकी ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 11 में सेजल सिंह ने प्रथम ,काजल वर्मा व सानिया ने द्वितीय व अनुष्का वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।विकास पाल, लक्ष्मी यादव महेंद्र कुमार ,फिजा, सत्यम बाजपेई, कांति देवी, तृषा सिंह, साक्षी ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन सभी मेधावियों को विद्यालय के प्रबंध निदेशक व प्रधानाचार्य ने मेडल व प्रगति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत से सफलता के नए सोपान हासिल करें और सशक्त राष्ट्र व समाज के निर्माण में अपना योगदान दें ।विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि जो भी विद्यार्थी पुरस्कार पाने से वंचित रह गए हैं वह निराश ना हो और कड़ी मेहनत से अगले वर्ष सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरुजनों व अपने स्नेही जनों को गौरवान्वित करें ।विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास हेतु कालेज में डिजिटल कक्षाओं का संचालन शुरू किया गया है। अब इस सत्र से विद्यार्थियो को डिजिटल कक्षाओं का भी लाभ मिलेगा।हिंदी मीडियम प्रभारी रोहित शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की ।

# पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

चैत्र माह की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पतित पावनी मां गंगा के तट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई है। बृहस्पतिवार को चैत्र माह की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गंगा नदी में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। श्रद्धालु ने एक दिन पूर्व गंगा तट पर पहुंच गए थे। इसके पश्चात रात्रि में स्नान घाटों पर ढोल नगाड़ों की धूम में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाये। इतना ही नहीं श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होने के बाद पूर्णिमा पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने भगवान श्री सत्यनारायण की व्रत कथा सुनी। इसके साथ ही स्नान घाटों के पास स्थित देवी देवताओं के मंदिरों में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर मन्नतें मांगी। चैत्र मास की पूर्णिमा स्नान करने के लिए बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान करना प्रारंभ कर दिया था। बृहस्पतिवार को सुबह 7 बजे से 10 बजे के बीच सड़क घाट ,वीआईपी घाट, रानीजीका शिवाला घाट, पक्का घाट ,संकट मोचन घाट, पथवारी घाट, महावीरन घाट, वरूड्डा घाट, छोटा मठ व बड़ा मठ घाट पर श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ में मौजूद रही।

### मुराई बाग चौकी पर हनुमान जयंती पूजन व प्रसाद वितरण



हनुमान जयंती के दिन भक्त उन्हें पूजते हैं और उनके नाम का जाप करते हैं। इस दिन अलग-अलग जगहों पर हनुमान जी के मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगती है। भक्त इस दिन दान-धर्म करते हैं और पूरे दिन भक्ति भाव में रहते हैं। इस दिन भक्तगण हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस चौकी मुराई बाग पुलिस परिवार द्वारा हनुमान जयंती मनाई गई जहां पवनपुत्र हनुमान की पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं और आगंतुकों को प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर प्रभारी पंकज तिवारी,चौकी उपनिरीक्षक मानसिंह यादव,उपनिरीक्षक विभाकर शुक्ला,उपनिरीक्षक संजय शर्मा मुख्य आरक्षी जितेन्द्र तिवारी आरक्षी योगेंद्र शर्मा,आरक्षी विनय आरक्षी पंकज सहित योगेंद्र शुक्ला अभिषेक उपस्थित रहे।

### शार्ट सर्किट से लगी आग लगभग चार बीघे फसल राख

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग की लापरवाही एक बार फिर आई सामने बिजली के शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग आग से लगभग चार बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख मामला खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत निहस्था गांव का है जहां बिजली के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने आग का विकराल रूप धारण कर लिया देखते देखते आग का रूप इतना विकराल हो गया जिससे लगभग चार बीघा गेहूं की फसल जलने लगी किसानों की पकी गेहूं की फसल जलते हुए देखकर किसानों में चीख-पुकार मच गई आनन-फानन में किसानों ने दमकल कर्मियों को सूचना दी लेकिन मौके पर दमकल कर्मी नहीं पहुंच पाए वही कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक आग से चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक सम्पन्न



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय महराजगंज में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई मासिक बैठक। जिसमें शिक्षकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा मार्च 2023 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक-/शिक्षिकाओं जिनमें खलील मुहम्मद, कृष्ण पाल सिंह को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । बैठक में अमर पाल, दयाशंकर अवस्थी, सुरेन्द्र शर्मा, इरफ़ान सिद्दीकी, आकाश, उमेश गुप्ता, मोहम्मद सगीर, प्रेमलता, सीताराम, हिमांशु, अखिलेश श्रीवास्तव, दिव्य प्रताप सिंह, राजेंद्र कुमार, सुरेश द्विवेदी, विनोद दौंतरा, नीरज जायसवाल, राम सुमिरन, केशर बक्स सिंह, मीरा देवी, अंजू, प्रदीप चौरसिया, संतोष गुप्ता, आशुतोष श्रीवास्तव, धीरेन्द्र बहादुर आदि शिक्षक शिक्षकाएं उपस्थित रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**शिवगढ़,रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ का किया औचक निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था एवं ड्रेसिंग रूम का निरीक्षण करने के साथ ही कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किया इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल आए हुए मरीजों के दवा पर्चे देखें गौरतलब हो कि बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉ वीरेंद्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर भी चेक किया इस दौरान उन्हें सभी कर्मचारी मौजूद मिले और व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त मिली इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित एल वनप्लस कोविड हॉस्पिटल भवन में आशा बहुओं एवं आशा संगिनी की मीटिंग में भी हिस्सा लिया मीटिंग में उन्होंने आशा बहुओं एवं आशा संगिनीयों से आयुष्मान भारत योजना की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली और लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने का भी आशाओं को निर्देशित किया वहीं निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ का रुट विजिट किया गया है अस्पताल में मरीजों से दवाओं के बारे में भी जानकारी ली गई है सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली है।

# अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज, रायबरेली में अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस, गुड फ्राइडे एवं हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रज्ञा बाजपेई ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के साथ किया साथ विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाओं व बच्चों ने मिलकर हनुमान चालीसा व हनुमान जी की आरती की। तत्पश्चात् विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों ने हनुमान के वीरता ज्ञान और पराक्रम का बखान झाँकी के माध्यम से प्रदर्शित किया और जय श्री राम के नारे की गूंज से सम्पूर्ण विद्यालय कृतार्थ हो गया। अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस के परिप्रेक्ष्य में विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रकार के गेम कराए गए जिनमें बच्चों ने पूरी तन्मयता से प्रतिभाग किया और अपने अंदर छुपे हुए हुनर को दिखाया। खेलों के प्रति बच्चों को प्रेरित करते हुए अपने उद्बोधन में कॉर्डिनेटर शिवांग अवस्थी ने बताया कि मानव जीवन में खेलों का सर्वाधिक महत्व है। खेल से ही मानव का शरीर स्वस्थ एवं पुष्ट होता है, इसके साथ ही सोचने की क्षमता में भी वृद्धि होती है। महान विचारक एवं चिंतक अरस्तु ने कहा था कि- 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।' इसी क्रम में 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गुड फ्राइडे ईसाइयों का प्रमुख दिवस है, इसे ग्रेट फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन प्रभु ईसा मसीह को भारी यातनाओं के पश्चात् सूली पर चढ़ा दिया गया था, उन्हीं की याद में ईसाई समुदाय के लोग गिरजा घरों में जाकर ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और उपवास भी रखते हैं। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने 'हनुमान जयंती' के अवसर पर हनुमान जी के चरित्र पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी का चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणाप्रद है, उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य को करने में कर्तापन का अहंकार नहीं होना चाहिए कार्य कितना भी बड़ा हो हमारे द्वारा क्यों न किया जाए पर हमारा भाव यही होना चाहिए कि यह सब कार्य प्रभु की कृपा से ही हो रहा है, वे मुझे माध्यम बनाकर ही मुझसे सारे कार्य करवा रहे है, ऐसा भाव रखने से जीवन में अहंकार का नाश हो जाता है। साथ ही सभी को हनुमान जयंती की ढेरों शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा में पालिकाध्यक्ष पद के 18 दावेदार अब तक आये सामने

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

निकाय चुनाव को लेकर भाजपा शुरूआती होमवर्क करने में जुट गई है। बुधवार की शाम नहर निरीक्षण भवन में निकाय चुनाव प्रभारी मदन पांडे के समक्ष पालिकाध्यक्ष पद के दावेदारों की लंबी लाइन लगी दिखाई दी। डेढ दर्जन यानी 18 लोगों ने अपनी दावेदारियां प्रस्तुत की हैं जिनमें तमाम मौजूदा और भूतपूर्व पदाधिकारी शामिल हैं। हालांकि इनमें आधा दर्जन लोग ही चुनाव लड़ने को लेकर गंभीर माने जा सकते हैं वरना तो दर्जन भर केवल लाइन को लंबा खींचने का काम कर रहे हैं।

आसन्न निकाय चुनाव दिन-ब-दिन रौ में आता जा रहा है। राजनैतिक दल भी शुरुआती होमवर्क करने में जुट गए हैं। भाजपा ने तो अध्यक्ष पद के दावेदारों के आवेदन तक ले लिए हैं। शायद वह जताना चाहती है, कहीं इस तरह का संदेश न चला जाए कि सत्ता दल होने के नाते प्रत्याशी चयन में लेटलतीफी उसका हक है। बहरहाल, बुधवार को स्थानीय नहर निरीक्षण भवन में निकाय चुनाव प्रभारी मदन पांडे सहित भाजपा नगर प्रभारी अनिल



बहुगुणा, निकाय चुनाव संयोजक सुनीलकांत तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया व संचालन समिति द्वारा पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशिता को लेकर दावेदारों से आवेदन लिए गए। दावेदारों की लंबी लाइन हैरान करने वाली थी। 18 लोगों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की जिसमें जिला मंत्री अंजू अग्रवाल, अजय गुप्ता बाबूजी, निर्भय प्रकाश रेजा, डॉ. सावित्री गुप्ता, नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया, पूर्व नगर अध्यक्ष व निकाय चुनाव संयोजक सुनीलकांत तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, व्यापारी नेता प्रभंजन गर्ग, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान सीरौठिया, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री, सुशील दूरवार मिरकू महाराज, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र सोनी लला, पूर्व नगर अध्यक्ष शंभूदयाल स्वर्णकार, पूर्व नगर अध्यक्ष केशरीमल तरसौलिया, अर्चना सोनी, शिवसिंह कुशवाहा, ऋषि अग्रवाल शामिल हैं। इसमें चार तो भूतपूर्व और एक मौजूदा नगर अध्यक्ष हैं। कुछ जिले के पूर्व तो कुछ वर्तमान में पदाधिकारी हैं।

# हनुमान जयंती पर मंदिर में हुआ हवन, बंटा प्रसाद

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त, मारुतिनंदन, अंजनीपुत्र महावीर हनुमान के प्राकट्योत्सव पर गुरुवार को सुप्रसिद्ध दोहर मंदिर में हवन पूजन कर भंडारा प्रसाद बांटा गया। महावीर हनुमान के प्राकट्योत्सव पर सुबह ही दोहर मंदिर सहित गुदरिया मंदिर, पंचमुखी मंदिर में हनुमान जी की पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना आरम्भ हो गई थी। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर महावीर हनुमान की पूजा अर्चना कर भोग अर्पित किया और घर परिवार की सुख समृद्धि व मंगलकामना हेतु विनती की। दोहर मंदिर पर श्रद्धालुओं ने हवन पूजन किया और चोला चढ़ाया। भंडारा प्रसाद वितरण व्यवस्था में पुजारी कमलेश दुवे, मंदिर कमिटी के अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, अनिल नगाइच, धर्मेंद्र बबेले, राजेन्द्र दुवे, नंदकुमार तिवारी, भुप्पी सोनी, अनुज नगरिया, मनोज उपाध्याय, अंकित वाजपेयी, दीपक रावत, रामू दुवे आदि संलग्न रहे।

# तेल की तपिश

ऐसे वक्त में जब रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया की कच्चे तेल आपूर्ति की स्थापित व्यवस्था ध्वस्त हो गई, तेल एक राजनीतिक हथियार भी बन गया है। ओपेक सदस्य देशों द्वारा तेल उत्पादन में हालिया कटौती से दुनिया में महंगाई की आग बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। दरअसल, सऊदी अरब, कुवैत, इराक आदि देशों ने यकायक तेल उत्पादन में प्रतिदिन सोलह लाख बैरल के करीब कटौती की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम तुरंत बढ़ गए। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे उन देशों की अर्थव्यवस्था के लिये इससे बड़ी चुनौती पैदा हो गई, जिनकी अर्थव्यवस्था आयातित कच्चे तेल पर आधारित है। दरअसल, अरब देश दलील दे रहे हैं कि दुनिया की आर्थिकी में मंदी की आहट के बीच तेल उत्पादन में कटौती की है। उन्हें आशंका है कि यदि मंदी आई तो तेल की मांग कम हो जाने से उसकी कीमत में भारी गिरावट आ सकती है। बहरहाल , दुनिया के तेल बाजार में इस घोषणा से उतार-चढ़ाव देखने में आ सकते हैं। दरअसल, बीते साल यूक्रेन पर रूसी युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमतों में जो अप्रत्याशित वृद्धि का सिलसिला शुरू हुआ था, वो भले ही अब थम गया था, लेकिन हालिया कटौती से फिर दाम बढ़ने की आशंका बलवती हुई है। खासकर उन देशों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं जिनकी अर्थव्यवस्था तेल आयात पर ज्यादा निर्भर है। कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद विश्वव्यापी महंगाई का ट्रेंड थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई देशों में महंगाई के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, कई अर्थव्यवस्थाओं का दिवाला निकल गया है। धीरे-धीरे इन देशों में जरूरी वस्तुओं की खरीद मुश्किल होगी तो आक्रोश में वृद्धि ही होगी। इसके साथ ही परिवहन सेवा व माल ढुलाई की व्यवस्था महंगी होने से महंगाई को और अधिक बल मिलने की भी आशंका है।दरअसल, दुनिया में बदलते सामरिक संतुलन ने भी तेल के खेल को गहरे तक प्रभावित किया है। अब तक जो ओपेक कीमत व उत्पादन निर्धारण में अमेरिकी प्रभाव में रहा करता था, उसमें अब बदलाव आ गया है। पिछले दिनों दशकों से धुर विरोधी सऊदी अरब व ईरान को करीब लाने का जो करिश्मा चीन ने किया, वह मध्यपूर्व में अमेरिका के घटते प्रभाव का ही सूचक है। जाहिर है पर्दे के पीछे कहीं न कहीं रूस की भी भूमिका हो सकती है। तभी अमेरिका की उस सलाह को दरकिनार किया गया, जिसमें तेल उत्पादन को बढ़ाये रखने की बात कही गई है। यानी दुनिया में कुल तेल का चालीस फीसदी उत्पादन करने वाले ओपेक देश अब अमेरिकी दबाव से बाहर आ गये हैं। इन देशों ने भांप लिया है कि दुनिया के बैंकिंग संकट व युद्ध के चलते मंदी की जो आहट महसूस हो रही है उससे खपत कम होने से बाजार में तेल की उपलब्धता बढ़ सकती है। वहीं दूसरी ओर इस कटौती को रणनीतिक हथियार के जरिये अमेरिका पर दबाव बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यह कटौती ऐसे समय पर हुई है जब अमेरिका का आपातकालीन तेल भंडार न्यूनतम स्तर पर है। जिसके लिये उसे भारी मात्रा में तेल खरीदने की जरूरत है। जाहिर है तेल दामों में वृद्धि के कारण उसे महंगा तेल खरीदना पड़ेगा। नई तेल व्यवस्था को जन्म देने वाले ओपेक के सदस्य देश अब अमेरिका को आंखें दिखा रहे हैं कि वे अपनी मर्जी के मालिक हैं। वे खुद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों का निर्धारण करेंगे। दरअसल, रूस की आर्थिकी को कमजोर करने के लिये रूसी कच्चे तेल पर प्रतिबंध लगाने का दांव पश्चिमी देशों पर उलटा पड़ रहा है। कहा जा रहा है कि भारत पर इस वृद्धि का ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, भारत दुनिया में अस्सी फीसदी आयात वाला तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है, लेकिन रूस से मिलने वाला सस्ता कच्चा तेल और सऊदी अरब से सामरिक संबंध भारत के लिये लाभदायक साबित होंगे। भारत फिलहाल अपनी जरूरत का तीस फीसदी से अधिक कच्चा तेल सुविधाजनक स्थितियों में रूस से खरीद रहा है।

# दिव्यांगता : उनके सशक्तिकरण को प्रणाम

संजीव ठाकुर

**2015 में दिव्यांगों की शिक्षा नीति बनाई गई जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा के सुरक्षित तथा सम्मानजनक समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया। इनको शिक्षा से जोड़ने हेतु सुगम में पुस्तकालय नामक ऑनलाइन कोर्स प्रारंभ किया गया ताकि वह बटन क्लिक करने के माध्यम से पुस्तकों को पढ़ सकें, जिसके बाद इनकी नौकरियां व स्वरोजगार क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने हेतु 2016 में विकलांग अधिकारिता विभाग के परामर्श से एक जॉब पोर्टल की भी शुरुआत की गई। जॉब पोर्टल एकल मंच पर निशुल्क नौकरी के अवसर स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण व कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 2017 में दिव्यांग जनों की मदद के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांग साथी मोबाइल ऐप की शुरुआत की जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संबंधित विभिन्न उपयोगी जानकारी जैसे विभिन्न नियमों दिशानिर्देशों योजनाओं छात्र वित्तीय एवं रोजगार संबंधी अवसरों के बारे में दिव्यांग जनों को सरल प्रारूप में जानकारियां उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। इससे दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रयासों को वास्तविक रूप से अमलीजामा पहनाया जा सके। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें लगातार प्रयास कर रही है कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उन्हें खेलकूद, विज्ञान टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं में पूरा पूरा स्थान प्राप्त हो सके, ऐसे प्रयास निरंतर जारी हो रहे हैं।**

ओलंपिक में जिस तरह खेलों में अपना प्रदर्शन दोहरा कर स्वर्ण, रजत और अन्य पदक प्राप्त किए है, उसे देखकर उनकी क्षमता, ऊर्जा, शक्ति और जिजीविषा को दृष्टिगत रखे तो वे राष्ट्र की सलामी और अभिनंदन के हकदार हैं। पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की गणना के अनुसार दिव्यांगजन की जनसंख्या लगभग एक अरब है। भारत में ही 2011 की जनसंख्या के अनुसार 2.68 करोड़ दिव्यांगजन निवास करते हैं। दिव्यांगजन प्राकृतिक रूप से शारीरिक क्षमता में कमी के कारण आम आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दिव्यांग जनों को कई श्रेणी में माना गया है जिनमें दृष्टि हीनता, बधिरता, मुकता, चलने में असमर्थ, मानसिक कमजोरी, मानसिक रुग्णता, बहु दिव्यांगता आदि होती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है की सभी देशों में विकलांगों की समस्याएं अलग-अलग होने के बावजूद उनकी मूल समस्या एक जैसी है, जिसमें आमूलचूल बदलाव लाकर ऐसे व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। शरीर के किसी अंग अथवा मस्तिष्क के बाधित अथवा अपूर्ण विकास को दिव्यांगता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो मानव समाज की एक संवेदनशील समस्या है। जिसका सामना विश्व के सभी देशों के दिव्यांग जनों को करना पड़ता है। दिव्यांग जनों को मूलतः शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात आदि तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। इस संदर्भ में दृष्टि हिनता तथा बधिरता से ग्रस्त हेलेन केलर ने कहा कि दृष्टि हिनों की प्रगति मुख्य बाधा दृष्टि हीनता नहीं, बल्कि दृष्टिहीन लोगों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच भी है भारत सरकार ने इस संदर्भ में काफी विचार-विमर्श कर 1995 में विकलांगों के प्रति समाज के दायित्वों के निर्वहन हेतु विकलांग व्यक्ति अधिनियम पारित किया था, जिसे 1996 में लागू किया गया।

अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए शिक्षा रोजगार सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही शासकीय नौकरी में विकलांगों का पद आरक्षित भी किया गया। इतना ही नहीं 1999 में एक अलग विकलांग राष्ट्रीय कल्याण तथा राष्ट्रीय न्यास का गठन किया गया, जिससे इनकी समस्याओं को समाधान हेतु सुना जा सके। इसके अतिरिक्त दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बनाया, जिससे इनके लिए अलग से कुछ पैमाने को निर्धारित कर विकास में सहभागी बनाया जा सके ऐसे प्रावधान रखे गए है। इसके अतिरिक्त 2015 में दिव्यांगों की शिक्षा नीति बनाई गई जिसमें दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा के सुरक्षित तथा सम्मानजनक समान अवसर उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया। इनको शिक्षा से जोड़ने हेतु सुगम में पुस्तकालय नामक ऑनलाइन कोर्स प्रारंभ किया गया ताकि वह बटन क्लिक करने के माध्यम से पुस्तकों को पढ़ सकें, जिसके बाद इनकी नौकरियां व स्वरोजगार क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने हेतु 2016 में विकलांग अधिकारिता विभाग के परामर्श से एक जॉब पोर्टल की भी शुरुआत की गई।

जॉब पोर्टल एकल मंच पर निशुल्क नौकरी के अवसर स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण व कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। 2017 में दिव्यांग जनों की मदद के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिव्यांग साथी मोबाइल ऐप की शुरुआत की जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से संबंधित विभिन्न उपयोगी जानकारी जैसे विभिन्न नियमों दिशानिर्देशों योजनाओं छात्र वित्तीय एवं रोजगार संबंधी अवसरों के बारे में दिव्यांग जनों को सरल प्रारूप में जानकारियां उपलब्ध कराना इसका उद्देश्य है। इससे दिव्यांगजन सशक्तिकरण के प्रयासों को वास्तविक रूप से अमलीजामा पहनाया जा सके। केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारें लगातार प्रयास कर रही है कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़कर उन्हें खेलकूद, विज्ञान टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस, इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं में पूरा पूरा स्थान प्राप्त हो सके, ऐसे प्रयास निरंतर जारी हो रहे हैं। और इन्हीं सब का परिणाम है कि आज दिव्यांगों को पहचान कर समाज में उनकी नई पहचान दिलाई जा रही है स्वरोजगार में इनकी संख्या बढ़ रही है शिक्षा के स्तर में वृद्धि हुई है यहां तक कि नौकरियों मेल की भागीदारी काफी बढ़ी है। दिव्यांग व्यक्तियों ने खेल में अपना नाम बहुत ऊंचा किया है 20 18 में भारतीय दिव्यांग क्रिकेटरों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की टीम को हराकर ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने नाम किया था और इस तरह देश का नाम ऊंचा किया। माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय विकलांग महिला अरुणिमा सिन्हा का नाम प्रमुख है। 2016 2020-21 पैरा ओलंपिक खेलों में दीपा मलिक ने अनेक पदक जीते उन्हें अर्जुन पुरस्कार भी दिया गया है। इसी प्रकार प्रसिद्ध एथलेटिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया का नाम प्रमुख है, जिन्होंने पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। 2020-21 में पैरालंपिक जापान में भारतीय खिलाड़ियों ने जिस कदर ओलंपिक पदकों की भारत के लिए श्रृंखला जीती वह अभूतपूर्व है। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले भारतीय क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन, संगीतकार रविंद्र जैन, बैडमिंटन प्लेयर गिरीश शर्मा, ब्लाइंड क्रिकेट में 32 शतक लगाने वाले शेखर नायक, प्रसिद्ध डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुरेश आडवाणी आदि का नाम अत्यंत गौरवशाली सूची में शामिल है। जिन्होंने न सिर्फ अपना बल्कि राष्ट्र का गौरव भी बढ़ाया है। यह सब दिव्यांग जनों के लिए अपनी पहचान बनाने के अलावा प्रेरणा स्रोत के रूप में भी तेजी से उभरे हैं। इनकी उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि दिव्यांगों में अपार क्षमताएं होती हैं तथा वे प्रेरणा दाई भी होते हैं। यदि इनके लिए अवसर और सशक्तिकरण के सफल प्रयास किए जाएं,आधुनिक तकनीकी से इनकी क्षमताओं में वृद्धि की जाए तो इनमें क्षमताओं की वृद्धि की अपार संभावनाएं निहित हैं।

भारत देश में जितने दिव्यांग निवास कर रहे हैं, अभी भी बेहतर परिणाम आना शेष है इसीलिए देश के विकास एवं प्रगति में दिव्यांगों की भूमिका तथा उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरे समाज तथा शासन प्रशासन को आगे आकर इनकी हौसला अफजाई कर सामान्य जीवन की सुविधाओं में इजाफा किया जाना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य पेशेवरों, शिक्षकों, स्थानीय समुदाय, छोटी-छोटी संस्थाओं,स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को आगे आना होगा तभी दिव्यांग जनों को समावेशी विकास में शामिल किया जा सकेगा। यह शुभ संकेत भी है कि न सिर्फ भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता मैं काफी वृद्धि हुई है, और यही कारण है कि विकलांगों को दिव्यांग जैसे सम्मान पूर्वक शब्दों से पुकारा जाता है, यदि समाज की भूमिका मानवीय तथा सामंजस्य पूर्ण होती है, तो दिव्यांग जनों को विकास की ओर अग्रसर होने तथा सामाजिक समरसता की मुख्यधारा में जुड़ने से कोई रोक नहीं सकता है।

## विचार

# सुप्रीम कोर्ट की खरी-खरी

मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट की एक अहम टिप्पणी आई है कि सत्ता से सवाल पूछना और लोगों तक सच्चाई पहुंचाना मीडिया का कर्तव्य है। और सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलने वाले देश विरोधी नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मलयालम समाचार चौनल मीडिया वन के मामले की सुनवाई करते हुए हुए यह टिप्पणी की। दरअसल मीडिया वन पर राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर केंद्र ने कार्रवाई की थी। चौनल के प्रसारण लाइसेंस के नवीनीकरण को रोक दिया गया था। केरल हाईकोर्ट ने केंद्र के फैसले को बरकरार रखा था। तब शीर्ष अदालत में इसके खिलाफ चैनल चलाने वाली कंपनी मध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड यानी एमबीएल ने विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ ने केंद्र के इस तर्क को खारिज कर दिया कि चौनल के कुछ प्रसारणों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित किया है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दावे हवा में नहीं किए जा सकते, इसके समर्थन में ठोस तथ्य होने चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ द्वारा लिखे गए फैसले में पुरजोर तरीके से कहा गया है कि राज्य केवल राष्ट्रीय सुरक्षा की दलील देकर नागरिकों के अधिकारों से इनकार नहीं कर सकता है। अदालत ने कहा, सरकार को यह रुख रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है कि प्रेस को सरकार का समर्थन करना चाहिए। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि सरकार की आलोचना एक टीवी चौनल के लाइसेंस को रद्द करने का आधार नहीं हो सकती है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार अदालत ने कहा, प्रेस का कर्तव्य है कि वह सच बोले और नागरिकों को सही तथ्यों के साथ प्रस्तुत करे, जिससे वे लोकतंत्र को सही दिशा में तैयार करने वाले विकल्पों को चुनने में सक्षम हो सकें। प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध नागरिकों को उसी पर सोचने के लिए मजबूर करता है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीति से लेकर राजनैतिक विचारधाराओं तक के मुद्दों पर एक समान दृष्टिकोण लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2022 में भारत का स्थान 180 देशों में 150वें स्थान पर आया है। इससे पहले वर्ष भारत 142वें स्थान पर था और उसमें एक साल के भीतर आठ अंकों की गिरावट आई। इस गिरावट का सीधा मतलब ये है कि पत्रकारों के लिए काम करने के हालात कठिन बने हैं, प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में खबरों को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। सत्ता की खामियों को खुलकर दिखाने का साहस मीडिया में नहीं हो रहा है और जो यह हिम्मत दिखा रहे हैं, उन्हें किसी न किसी तरह परेशान किया जा रहा है। मीडिया की स्वतंत्रता का यह सूचकांक रिपोर्टर्स विदाउट बार्डर्स नाम का अंतरराष्ट्रीय संगठन करता है।



भारत इस सूचकांक में लगातार गिरता जा रहा है, इसकी चिंता देश के पत्रकारों, मीडिया घरानों के मालिकों और सरकार को भी करनी चाहिए थी। क्योंकि मीडिया तो एक तरह से सरकार के लिए आईने का काम करता है। मगर सरकार ने चिंता करने की जगह, चिंता के कारण को ही खत्म करने का कदम उठाया। यानी इस सूचकांक को ही खारिज कर दिया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा, श्विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक एक विदेशी गैर-सरकारी संगठन द्वारा प्रकाशित किया जाता है, जिसे रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स कहा जाता है, और सरकार इसके विचारों और देश की रैंकिंग को नहीं मानती है और इस संगठन के निष्कर्षों से सहमत नहीं है। सरकार ऐसा इसलिए मानती है कि संगठन रैंकिंग के लिए बहुत कम नमूना लेता है, लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को बहुत कम या कोई महत्व नहीं देता है और एक ऐसी कार्यप्रणाली को अपनाता है जो संदिग्ध और गैर-पारदर्शी है। जब सरकार ने बीमारी दिखाने वाले यंत्र को ही गलत बता दिया, तो बीमारी की दवा की अपेक्षा करना ही बेकार है। लेकिन आंख मूंद लेने से मुसीबत टलती नहीं है। देश में यह साफ-साफ महसूस किया जा सकता है कि कैसे कार्पोरेट की पूंजी से संचालित मीडिया में एकतरफा रिपोर्टिंग होती है, सरकार की चापलूसी करने वाले कार्यक्रम बनाए जाते हैं, बहसों में खुलकर सत्ता का पक्ष लिया जाता है और जनता के जीवन से जुड़े मुद्दों की जगह धार्मिक, सांप्रदायिक नफरत फैलाने वाले कार्यक्रम धड़ल्ले से प्रसारित होते हैं। वहीं दूसरी तरह सत्ता से सवाल करने वालों को किसी न किसी तरह परेशान किया जाता है। बीबीसी विवाद किस तरह बढ़ा, यह सभी ने देखा है। अभी कुछ वक्त पहले उत्तरप्रदेश में एक गांव के पत्रकार को केवल इसलिए गिरफ्तार किया गया, क्योंकि उसने अपने इलाके के विकास के जुड़े कुछ सवाल सत्तारुढ़ पार्टी के नेता से कर लिए थे। इस तरह की कानूनी कार्रवाइयों के पीछे भले ही अन्य कारण बताया जाए, उसका सीधा संबंध किस से है, यह समझना कठिन नहीं है। सरकार वैश्विक रैंकिंग, उसके तरीकों को माने या न माने, यह उसका विवेक है। किंतु देश के हालात जो सच्चाई दिखा रहे हैं, उससे इंकार करना आसान नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इन हालात को समझते हुए ही टिप्पणी की है। दो हफ्ते पहले भी एक कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि अगर सत्ता प्रेस को सच बोलने से रोकती है तो इससे लोकतंत्र प्रभावित होता है। देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का भी मानना था कि प्रेस की स्वतंत्रता महज एक नारा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार भी है। अब सर्वोच्च अदालत ने एक मामले को आधार बनाकर इसी बात को कुछ और जोरदार तरीके से कहा है। इस बात को सुनने और गुनने में ही देश का भला है।

## साहित्य



### उसे कितना भी बांधो घर-बार के खूंटे से...


**अनिता भारती**
सीलमपुर, दिल्ली।

उसे कितना भी बांधो
घर-बार के खूंटे से
भांडे-बर्तन कपड़े-लत्ते
प्यार-स्नेह के बंधन से
या फिर अपनी उद्दीप्त अभिशप्त
आलिंगन से
वह इनमें बंध कर भी
उनींदी विचरेगी सपनों की
दुनिया में
जहां वह दिल की गहराइयों से
महसूसती है
और जीती है
मदमस्त मुक्त जीवन
एक अल्हड़ प्यारी-सी
जिन्दगी
हरी नम दूब
गर्म मीठी धूप

## झरोखा



पहाड़ों की ऊंचाई
तितलियों की उड़ान
चिड़ियों की चकबकाहट
सब उसके अन्दर छिपा है
हिरनी-सी कुलांचें मार
बैठ बादलों की नाव में
झट से उड़ जाएगी
तुम्हारे मजबूत हाथों से बर्फ-
सी फिसल जायेगी
तन-मन से स्वतंत्र वह मुक्ति-
गीत गायेगी
गुलामों की परिभाषा कभी
नहीं गढ़ेगी
अपनी आंखों में पहले आजादी
के स्वप्न-बीज से
हर आंख में अंकुर जगायेगी!



# राशिफल

**मेष:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभ:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जरूरी कार्य की समय से पूर्ति करें।

**मिथुन:-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्क :-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। रोजगार में क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कन्या:-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। आलस्य कतई न करें।

**तुला:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्यो से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्य में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं। जरूरी कार्य की पूर्ति समय से करें।

**मकर:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

**मीन:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# सामाजिक न्याय सप्ताह में क्या शिक्षक भर्ती मामले का हो सकेगा समाधान

अमर बहादुर

देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी छह अप्रैल अपने स्थापना दिवस से 14 अप्रैल बाबासाहेब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह मना रही है, क्या इस सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों को लागू करने में हुई विसंगति मामले का पटाक्षेप हो पाएगा? उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नौकरी में पारदर्शिता की बात करती है लेकिन वर्ष 2018 में आयोजित 69000 शिक्षक भर्ती विसंगति के कारण अभी पूर्ण नहीं हो सकी। भर्ती में नियुक्ति पाने से वंचित अभ्यार्थी आये दिन आन्दोलन व धरना प्रदर्शन करते हैं। इस मामले में 13 मार्च 2023 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग को भर्ती संबंधी जून 2020 की सूची पर फिर से विचार करने को कहा है। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अधिकारियों ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कोटा तय करने में कई अवैध काम किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह अंतिम सूची की समीक्षा अगले तीन महीने के भीतर करके सही तरीके से आरक्षण तय कर करे। अब न्यायालय के इस फैसले से आंदोलनरत छात्रों का एक समूह खासकर एससी और ओबीसी वर्ग को इस बात का भय है कि कहीं करेक्शन के नाम पर करप्शन न हो जाय। 69000 शिक्षक भर्ती वर्ष 2018 में आयोजित की गयी थी। 21 जून 2020 को 69000 अभ्यर्थियों की चयन सूची आई थी जिसको लेकर आरक्षित वर्ग



के छात्रों ने आरोप लगाया कि आरक्षण लागू करने में विसंगति की गई है। जब विभाग ने मामले का संज्ञान नहीं लिया तो सभी चयन पाने से वंचित अभ्यर्थी अपनी शिकायत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग नई दिल्ली में दर्ज कराई। लगभग एक वर्ष हुई सुनवाई के बाद 29 अप्रैल 2021 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि पिछड़े वर्ग को नियमानुसार आरक्षण नहीं दिया गया है। आयोग की रिपोर्ट में बिन्दु संख्या 16 में साफलिखा है कि उपरोक्त प्रकरण में ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कुल 18598 सीटों में से 5844 सीटें ऐसी है जो ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को दी जानी थी, परन्तु जो जनरल श्रेणी के उम्मीदवारों को दी गई है। और इस प्रकार ओबीसी उम्मीदवारों के अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। आयोग द्वारा प्रश्नगत मामले में विस्तृत जांच की गयी, जिसमें भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 व 16 आदि के उल्लंघन परिणामस्वरूप पूर्वोक्त तथ्यों के आधार पर जिन अधिकारियों द्वारा आरक्षण नीति, नियम और विनियमों को लागू करने में उल्लंघन किये गए है तथा जिनके द्वारा गलत फैसले लेकर शासन के आदेशों की अवहेलना की गयी है, का उत्तरदायित्व नियुक्त करते हुए सम्बंधित गैर जिम्मेदारी के विरुद्ध गंभीर कार्यवाही तथा वंचित लाभार्थियों को न्याय प्रदान करने की संस्तुति की जाती है। इसके बावजूद पीड़ितों को न्याय नहीं मिला। अभ्यर्थियों ने इन सब प्रक्रिया के बाद 21 मई 2021 से एनसीबीसी की रिपोर्ट लागू कराने के लिए धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया। अभ्यर्थियों का आंदोलन बढ़ता देख सरकार ने इस समस्या का समाधान करने का विचार बनया। सितंबर माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर राजस्व परिषद के चेयरमैन की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन किया गया। दिसंबर में जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपकर बताया कि दलित पिछड़े एवं दिव्यांग वर्ग के छात्रों को मानक के अनुसार आरक्षण नहीं दिया गया है। इस पर 23 दिसंबर 2021 को मुख्यमंत्री ने छात्रों एवं तत्कालीन बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी और विभाग के अधिकारियों के साथ बुलाकर छात्रों को न्याय देने संबंधित आदेश दिया। जिसके बाद 05 जनवरी 2022 को विभाग द्वारा चयन पाने से वंचित 6800 दलित और पिछड़े वर्ग की चयन सूची जारी की गई। इस सूची के विरोध में कुछ छात्र न्यायालय में चले गये। एक वर्ष से अधिक लखनऊ हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद 13 मार्च 2023 को हाई कोर्ट के आदेशानुसार 6800 दलित पिछड़ों की चयन सूची रद्द कर दी गई और न्यायालय ने बेसिक शिक्षा विभाग को भर्ती संबंधी जून 2020 की सूची पर फिर से विचार करने को कहा है। अब देखना होगा कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी अपने द्वारा की गई गलती को किस प्रकार से सुधारकर सूची प्रस्तुत करते है, क्योंकि की आयोग की रिपोर्ट और जांच के बाद विभाग ने स्वयं 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों की चयन सूची तैयार की थी। इन 6800 आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियुक्ति विभाग देगा या फिर से कोई नया बहाना ढूंढेगा। यह मामला न केवल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रभावित कर रहा बल्कि योगी सरकार की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहा है, ऐसे में समय रहते इसका पटाक्षेप कर लेना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# बीएसए ने की नामांकन मेले की शुरुआत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत 06 अप्रैल 2023 को समस्त परिषदीय विद्यालयों में वृहद नामांकन मेले का आयोजन किया गया। आज एक दिन में परिषदीय विद्यालयों में 11078 छात्र-छात्राओं के नवीन नामांकन किए गए। जिसमे 1137 सर्वाधिक नामांकन विकास क्षेत्र लखीमपुर ने किए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने प्राथमिक विद्यालय राजापुर से की नामांकन मेले की शुरुआत की। बीएसए ने विद्यालय में नवीन नामांकन कराने आए और बच्चों से बातचीत की अभिभावकों को बच्चों को रोज स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया तथा बच्चों को पेंसिल बॉक्स रबड़ कटर कॉपी आदि भेंट की।डॉ. लक्ष्मीकांत पाण्डेय ने बताया कि माह अप्रैल में स्कूल चलो अभियान का पूरा कार्यक्रम कैलेंडर ऑफ एक्टिविटी जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत नामांकन की दृष्टि से समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, एस आर जी, एआरपी एवम शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि नामांकन के लिए वृहद स्तर पर विद्यालय आच्छादित क्षेत्र में प्रचार प्रसार करें। एस. एम. सी. व नागरिकों का सहयोग लें। नवीन नामांकन केंद्र बनाकर उसकी सजावट करवाएं। विद्यालय परिसर व कक्षा कक्ष की स्वच्छता करवाएं। आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हांकित करवाएं व हाउस होल्ड सर्वे करवाएं। कोई भी बच्चा विद्यालय में नामांकन से वंचित न रहे, शतप्रतिशत नामांकन करवाएं। शासन द्वारा विद्यालयों में छात्र छात्राओं को दी जा रही योजनाओं और सुविधाओं का प्रचार प्रसार करें। समस्त एस0आर0जी0/ए0आर0पी0 / शिक्षक संकुल भी उपरोक्त कार्य में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। समस्त जिला समन्वयकों ने आज पाठ्य पुस्तक वितरण का सत्यापन किया तथा वृहद नामांकन मेले में भी अलग-अलग विकास क्षेत्रों में प्रतिभाग किया। जिला समन्वयक प्रशिक्षण दीपक अवस्थी ने ईसानगर विकास क्षेत्र, जिला समन्वयक एमआईएस पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने रमिया बेहड़, जिला समन्वयक निर्माण आलोक रंजन मौर्य ने धौरहरा विकास क्षेत्र में प्रतिभाग किया। तथा समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने अपने विकास क्षेत्र में नामांकन मेले में प्रतिभाग किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडेय ने आज एक दिन में बृहद नामांकन मेला के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय में हुए वृहद रूप से नामांकन के लिए स्कूल चलो अभियान के प्रभारी जिला समन्वयक श्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, विद्यालय के समस्त स्टाफ की प्रशंसा की है। तथा अप्रैल माह में प्रतिदिन अधिक से अधिक नामांकन करवाने का आह्वान किया है।

> स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में वृहद नामांकन मेले के अंतर्गत 1 दिन में रिकार्ड 11078 नामांकन

# धूमधाम से निकाली गई हनुमान जयंती पर विशाल पदयात्रा

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

शहर लखीमपुर से गुलरीपुरवा को निकली भव्य रूप में विशाल हनुमान जन्मोत्सव पदयात्रा, पद यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु लोग हुए शामिल।

हनुमान जन्मोत्सव की पदयात्रा लखीमपुर से गुलरी पुरवा हनुमान मन्दिर तक संपन्न हुई, इस मौके पर सदर विधायक योगेश वर्मा नामी-गिरामी व्यापारियों समाजसेवी व नेताओं के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह प्रसाद व भंडारे की व्यवस्था की गई । एलआरपी चौराहे से लेकर गुलरी पुरवा मंदिर तक जगह-जगह पानी, प्रसाद,भंडारा की व्यवस्था की गई। प्रशासन भी पूरी तरीके से मुस्तैद रहा हालांकि पुलिस प्रशासन ने पहले से ही शहर में रूट डायवर्जन कर उसकी सुरक्षा पदयात्रा की सुरक्षा को लेकर पूरी तरीके से मुस्तैद रही

विशाल पदयात्रा को लेकर मोतीपुर जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट और अन्य स्टाफ को पूरी तरह से तैयार रहे । वहीं जिला चिकित्सालय की ओर से एक एंबुलेंस भी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ इस यात्रा में तैनात रही।

आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टर व फार्मासिस्ट की अतिरिक्त टीम भी तैयार रही। इमरजेंसी में 10 बेड सुरक्षित रक्खें गये। दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था पहले ही कर ली गई थी। हनुमान मन्दिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर उनकी सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## चोरी के माल सहित शातिर चोर गिरफ्तार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

काम करने गए दंपत्ति के सूने घर में घुसकर चोरों ने घर गृहस्थी का सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही 24 घंटे के अंदर पुलिस ने एक चोर को पकड़कर चोरी का सामान भी बरामद किया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी गोलू पुत्र राजेंद्र ने पुलिस का बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मध्य प्रदेश के अकोड़ा में मजदूरी के लिए गया था। सूने घर में उन्होंने ताला लगा दिया था। बुधवार की शाम जब वह घर वापस आए तो देखा कि घर के कमरों के ताले टूटे पड़े हैं और दरवाजे खुले हुए हैं। अंदर जाकर देखा तो घर गृहस्थी का सामान गायब था। तब कहीं जाकर उन्हें चोरी का अहसास हुआ। पीड़ित ने बताया कि घर से फ्रिज, एलसीडी टीवी, गैस सिलिंडर समेत अन्य सामान चोरी हुआ है। पीड़ित गृहस्वामी की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। उक्त संदर्भ में कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए सीओ उमेश पांडेय ने बताया कि कोतवाल कुलदीप तिवारी, एसएसआई आनंद सिंह, चौकी प्रभारी अतुल राजपूत की टीम को सूचना मिली कि चुंगी नंबर 4 के पास एक व्यक्ति कार से चोरी का सामान लेकर बेचने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चला रहे आशीष उर्फ पुच्ची को रोककर जब उसकी कार की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें से फ्रिज व एलसीडी बरामद कर ली। पुलिस कार व बरामद माल समेत आरोपी को कोतवाली ले आई। खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नोडल अफसर ने देखा आश्रय स्थलों का सूरत-ए-हाल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**06 अप्रैल।** गुरुवार को जनपदीय नोडल अधिकारी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उप्र (वरिष्ठ आईएएस) श्रीश चंद्र वर्मा ने अपने जनपद भ्रमण के दूसरे दिन अपर निदेशक (पशुपालन) डॉ पीएन सिंह के साथ ब्लॉक फूलबेहड़, पलिया के विभिन्न गो आश्रय स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। नोडल अधिकारी ने स्थलीय भ्रमण करते हुए निराश्रित गोवंश संरक्षण, भरण-पोषण, भूसा संग्रहण, जनपद में किए कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण किया। नोडल ब्लॉक फूलबेहड़ की वृहद गो आश्रय स्थल बसेगापुर पहुंचे, जहां उन्होंने अभिनव प्रयोग के तहत विकसित नंदी शाला को देखा। प्रशासन के इस कांसेप्ट को सराहा। निरीक्षण में आश्रय स्थल में 491 नंदी को संरक्षित मिले। निर्देश दिए कि अन्य आश्रय स्थलों को भी इसी प्रकार विकसित करे, ताकि शेष मादा गोवंश का भी संरक्षण हो सके और शासन की मंशानुरूप आमजन को राहत मिल सके। नोडल अधिकारी ने तहसील व ब्लाक पलिया क्षेत्र अंतर्गत संचालित को नगरीय निकाय द्वारा संचालित गो आश्रय स्थल ढाका सहित गो आश्रय स्थल परसईया, बसंतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। निरीक्षण में गो आश्रय स्थलों में चाक-चौबंद एवं मुकम्मल पाई गई।निरीक्षण के दौरान अफसरों ने गोवंश की वास्तविक संख्या, सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश की संख्या का अभिलेखों से मिलान करते हुए सत्यापन किया। प्रत्येक गौशाला में पानी, चारे एवं समुचित पशु चिकित्सीय सुविधाओं की स्थिति देखी, जो संतोषजनक मिली। नोडल अधिकारी ने गो आश्रय स्थल परसैया के निरीक्षण के दौरान पांच नवजात गोवंश देख न केवल प्रसन्नता जताई बल्कि उन्हें दुलारा। उन्होंने निर्देश दिए कि पशुपालन की टीम इनकी प्रॉपर मॉनिटरिंग करें। इस दौरान उन्होंने स्वयं गोवंश को चारा खिलाया। नोडल ने सरकार की प्राथमिकता में शामिल गोवंश के पालन पोषण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सभी गोआश्रय स्थलों में पशुओं की अच्छी तरह से देखभाल की जाएं। साथ ही गोवंश के लिए हरा चारा, भूसा, पानी व चिकित्सा और अन्य प्रकार की सुविधाओं के और अधिक पुख्ता इंतजाम करें, जिससे गोवंश को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस दौरान उन्होंने गोवंश की संख्या का रिकॉर्ड से सत्यापन भी किया। निरीक्षण के दौरान सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, बीडीओ अरुण सिंह, क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## जेसीआई ने कुष्ठ रोगियों को किया फल वितरण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** जेसीआई ने EACH ONE FEED ONE कार्यक्रम के अंतर्गत फल वितरण का कार्यक्रम जेसी मुदिता अग्निहोत्री के कुशल निर्देशन, अध्याय अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया कुष्ठ रोग अस्पताल के 50 कुष्ठ रोगियों के मध्य फल वितरण करने के लिए धीरज कुमार ने कहा कि हम लोगों का कोई भी ध्यान नहीं देता है आपकी संस्था जेसीआई लखीमपुर खीरी के द्वारा कई बार हम लोगों को फल वितरण किया हमें बहुत अच्छा लगा इसके लिए हम सभी आप लोगों का साधुवाद करते है अध्याय अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्ता जी ने कहा कि जेसीआई लखीमपुर खीरी प्रत्येक माह हम उन जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे कार्य करते रहेंगे जिससे समय-समय पर हम समाज को भी ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित करें! इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्ता, कोषाध्यक्ष शुभम टंडन जेसी लार्ड रितेश अग्निहोत्री, जेसी सदस्य एवं कुष्ठ रोगी आदि उपस्थित रहे।

## गत वर्ष की तुलना में राजस्व में हुई बढ़ोतरी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में खनन विभाग जनपद खीरी द्वारा विगत वर्षो 2021-2022 के सापेक्ष वर्ष 2022-2023 में कुल 330.06 लाख (तीन करोड़ तीस लाख छः हजार) का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। उक्त आशय की जानकारी खान अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने दी।

उन्होंने यह भी अवगत कराया कि अवैध खनन /परिवहन /ओवर लोड पर प्रभावी अंकुश लगाये हुए वर्ष 2021-2022 के सापेक्ष 133 छापे मारे गये है, जिसमें वर्ष 2021-2022 के सापेक्ष मु0 43,82,334.00 (तैतालीस लाख बयासी हजार तीन सौ चौतीस) अधिक राजस्व प्राप्त किया गया है। साथ ही साथ शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद में साधारण बालू के संचालित / स्वीकृत खनन पटटे के अलावा 02 अन्य खनन पट को ई-निविदा-ई सह-नीलामी के माध्यम से सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गयी है। जो अतिशीघ्र स्वीकृति एवं संचालित करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित ईट भटठों से अधिकाधिक विनियमन शुल्क जमा कराते हुए अब तक मु0 2,88,01,707.00 जमा कराया गया है। सर्व साधारण को सूचित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में साधारण बालू/मिट्टी का अवैध खनन न किया जाय, अन्यथा की स्थिति में संबंधित वाहनों को सीज कर वाहन व वाहन स्वामी तथा भू-स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

## पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता को दी दिया जायेगा टिकट : दीपराज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

> सपा की बैठक में निकाय चुनाव के दावेदार पहुंचे समर्थकों के साथ



नगर निकाय चुनाव की रणनीति तैयार करने के लिए गुरुवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन बंगरा रोड स्थित गेस्ट हाउस में किया गया।

बैठक में नगर निकाय चुनाव को ताकत के साथ लड़ने की बात सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय के चुनाव में अमीर या गरीब का कोई पैमाना नहीं होगा। जिले में स्थानीय निकाय के चुनाव में टिकट उसे ही मिलेगा जो समाजवादी पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता या कार्यकत्री होगी। कहा कि दावेदार भी कई होंगे। लेकिन टिकट एक ही प्रत्याशी को मिलना है। इसलिए पार्टी जिसे टिकट देती है पार्टी हित में उसी प्रत्याशी को जिताएं। यदि कोई कर्मठ कार्यकर्ता या कार्यकत्री है जो नगर पालिका अध्यक्ष और सभासदों के चुनाव चुनाव लड़ना चाहते हैं। चुनाव में साधन संपन्नता कोई बहुत बड़ा विषय नहीं है विषय है कार्यकर्ता कर्मठ होना चाहिए। कहा कि पार्टी ऐसे प्रत्याशियों के विषय में विचार कर रही है। कहा कि सभी पार्टी हित में कार्य करें और पार्टी की नीतियों से जन जन को अवगत कराएं। बैठक सुरेंद्र बजरिया, शिवराम कुशवाहा, थोपन यादव, दीपू त्रिपाठी, गुलाब सिंह जाटव, विनय श्रीवास्तव, मानसिंह वर्मा, कैलाश यादव, सिद्धार्थ यादव, इमरान अंसारी, गौरीश द्विवेदी, रामेंद्र त्रिपाठी, सोमिल याज्ञिक, अजमेर सिंह यादव, जाकिर सिद्दीकी, संतोष शर्मा, नारायण सिंह सेंगर, सुरेश राव डेंगरे, रामजी प्रधान, नरसिंह यादव, भूरे यादव, राजू यादव, लल्लू विश्वकर्मा, प्रदीप दीक्षित, वीरपाल दादी, महेंद्र कठेरिया, नारायण दास अहिरवार, महेश शिरोमणि आदि मौजूद रहे।

## बेटे का टूटा पैर तो मां-बेटी हथठिलिया पर बैठा पहुंची अस्पताल

> नहीं आयी एंबुलेंस तो अस्पताल में स्ट्रेचर भी नहीं मिला

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

माधौगढ़ से एक ऐसा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें एक महिला अपने बेटे का दुर्घटना में पैर टूटने पर जब ऐम्बुलेंस की सेवा नहीं मिली तो वह हथठिलिया पर बैठाकर उपचार कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ में पहुंची। इसके बाद भी अस्पताल में अंदर ले जाने के लिये स्ट्रेचर तक मुहैया नहीं हुआ तो मां ने किसी तरह से सहारा दिया तब कहीं जाकर वह चिकित्सक के पास पहुंची। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवालिया निशान लगना लाजिमी है। दरअसल कस्बा माधौगढ़ के मोहल्ला गोकुलपुरा निवासी काशीराम 60 वर्ष का दुर्घटना में पैर टूट गया था। तो उसने काशीराम को सामुदायिक स्वास्थ्य माधौगढ़ ले जाने के लिये उसने ऐम्बुलेंस बुलायी थी लेकिन जब काफी देर बाद भी उसके पास ऐम्बुलेंस नहीं पहुंची तो काशीराम की पत्नी राजकुमारी उर्फ रेखा व बेटी पूजा ने किसी तरह से हथठिलिया पर काशीराम को बैठाया और अस्पताल पहुंच गयी। जब यह नजारा मीडिया कर्मियों ने देखा तो उन्होंने उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद तो स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं हथठिलिया से अस्पताल लाने के बाद भी उसे वहां पर स्ट्रेचर नहीं मिला तो उसने स्वयं ही सहारा देकर किसी तरह से चिकित्सक के पास पहुंची। बताया जाता है कि काशीराम का दुर्घटना में पैर टूट गया था।

## हनुमान जयंती पर दिन भर चलते रहे धार्मिक कार्यक्रम

> हवन, पूजन के साथ पवनसुत के जयकारों की रही धूम

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को हनुमान जयंती के मौके पर भक्तों का सैलाव मारूती नन्दन के दर्शनों को उमड़ा। पवनसुत के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से हवन पूजन किया तथा भगवान के दर्शन कर दरबार में मत्था टेका। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में भीड़-भाड़ नजर आयी। अखण्ड रामायण के पाठ किये गये। कई स्थानों पर भण्डारे हुये जिसमें प्रसाद ग्रहण करने वालों की कतार लगी रही। डीजे व लाउड़स्पीकरों पर बज रहे भजनों के चलते वातावरण में भक्ति की बयार बह रही थी।

हनुमान जयन्ती के उपलक्ष्य में सुबह से ही पूजा पाठ की तैयारी शुरू हो गयी। भोर से ही भक्त अपने आराध्य भगवान बजरंगवली का पूजन करने के लिये मंदिरों की तरफ आ जा रहे थे। शहर के प्राचीन प्रसिद्ध ठड़ेश्वरी मंदिर में महंत सिद्धरामदास जी ने सुबह ही भगवान का सिन्दूर से अनुपम श्रंगार किया साथ ही राम-सीता की अनुपम झांकी सजाई। श्रंगार के पश्चात आरती की गयी तथा भक्तों ने हवन पूजन किया। श्रद्धालुओं ने हवन कुण्ड में देवताओं को आहुतियां दी। आचार्य वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर रहे थे। अखण्ड रामायण का पाठ एक दिन पूर्व शुरू किया गया था। पूजा पाठ के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। देर शाम तक भक्तों के आने जाने का क्रम चलता रहा। भगवान बजरंगवली के उदघोष तथा घण्टा घड़ियालों की ध्वनि से वातावरण गुंजायमान रहा। श्री संकटहरण बरगद वाले हनुमान मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा पाठ की तैयारी की गयी। सभी जगह श्री हनुमान जी का सिन्दूर लगाकर श्रृंगार किया गया। इसके बाद आरती की गयी और हवन पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। प्रभू के दर्शन करने के लिये भक्तों का सैलाव उमड़ पड़ा। कई मंदिरों पर मेला लगा रहा। जहां पर भक्तों ने खूब खरीददारी की। कालपी रोड़ स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी तादात में दर्शन करने पहुंचे। मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान किये गये। शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। शहीद भगत सिंह चौराहा, जिला अस्पताल तथा बस स्टैण्ड कोंच झांसी तिराहे के समीप बरगद वाले हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण के साथ ही पूजा पाठ हुआ। भारी संख्या में भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर मत्था टेका। कमलेश, अशोक, गोपाल, जीतू महाराज, उदय महाराज, तन्नू महाराज, गौरव महाराज, प्रेमनारायण, रमेश महाराज, ब्रजेश महाराज सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### बाला जी के भजनों पर झूमे श्रोता



नगर क्षेत्र के प्राचीन ठडेश्वरी मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा सवा मन का हवन पूजन किया गया। हवन पूजन, करता रमेश महाराज, बृजेश महाराज हवन के सहयोगी डॉक्टर संतोष खरया, राजकुमार खारया, मनोज कुमार राजेश, अमित, लालू सभासद, अनिल गुप्ता, पवन गुप्ता, राजेश, अरविंद नगरिया, लखनलाल कीर्तन मंडली लखन, चुनमुन वर्मा, मूलचंद पवन वर्मा आदि लोग सहयोग में थे जन्म उत्सव में श्री महंत जी, रामदास महाराज पूजा सहयोगी कमलेश, अशोक, ओकाशा वाले गोपाल मिश्रा, महाराज उदय महाराज तनु महाराज गौरव महाराज जय नारायण समस्त भक्त गणों में भारी संख्या में भक्त मौजूद रहें साथ ही मंदिर प्रांगण में बाला जी के भजनों का आयोजन किया गया। जहां पर श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के गीतों सहित अन्य गीतों पर भक्तों ने जमकर तालियां बजाई। तालियों की गड़गड़ाहट से मंदिर गुंजायमान रहा। हवन का कार्यक्रम पूरे दिन चलता रहा सभी देवताओं को आहुतियां दी गई। तदोपरांत पूर्ण आहुति के साथ हवन का समापन किया गया। इसके बाद भण्डारें का आयोजन किया गया। चूरमा प्रसाद वितरण का काम पूरे दिन चलता रहा। जहां पर भक्तों ने जमकर प्रसाद ग्रहण किया।

### काली फिल्म चढ़ाये फर्राटा भरते 15 वाहनों के चालान किए गए

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चार पहिया वाहन के शीशों पर काली फिल्म चढ़वाकर यात्रा कर रहे वाहनों की चेकिंग कर उनके चालान किए गए। इस दौरान करीब 15 वाहनों के चालान किए गए। चार पहिया वाहन के शीशों पर काली फिल्म चढ़कार वाहनों के परिवहन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाई गई थी। जिसके बाद से चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म चढ़वाना प्रतिबंधित कर दिया गया। इसके बाद भी कुछ लोग शीशों पर काली फिल्म चढ़कर यात्रा करते हैं। ऐसे वाहनों के खिलाफ देवनगर चौराहे पर ट्रैफिक एसआई उपेंद्र कुमार ने चेकिंग की। चेकिंग के दौरान करीब 15 वाहन ऐसे पकड़े गए जो काली फिल्म चढ़कर वाहनों को चला रहे थे। ऐसे सभी वाहनों का ट्रैफिक एसआई ने चालान कर आइंदा से ट्रैफिक नियमों का पालन कर वाहन चलाने के निर्देश वाहन चालकों को दिए।

## एमआरएफ सेंटर बना शोपीस, जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया भी ठप

> सेंटर में जलापूर्ति के लिये लगायी गयी सबमर्सिबल भी खराब

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**




नगर में कूड़ा निस्तारण की समस्या के समाधान के लिए एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर बनाया गया है। जिसमें गीला व सूखा कूड़ा तो अलग अलग किया जा रहा है। लेकिन अभी एमआरएफ सेंटर में जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। वहीं, कर्मचारियों के पेयजल के लिए लगाई गई सबमर्सिबल भी खराब पड़ी है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत नगर पालिका क्षेत्र में उदोतपुरा के पास मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का निर्माण किया गया है। एमआरएफ सेंटर बनकर तैयार है। सेंटर पर बिजली व्यवस्था व पेयजल की भी व्यवस्था है। इसके अलावा सेंटर पर आने वाले कूड़े की छंटनी के लिए पार्वती, सुरेश कुमार, ज्योति, राम खिलावन समेत चार कर्मचारियों को लगाया गया है। उक्त कर्मचारी एमआरएफ सेंटर पर पहुंचने वाले कूड़े की छंटपनी करते हैं। नगर में लगभग 20 टन कूड़ा प्रतिदिन निकलता है। योजना थी कि कूड़े के साथ आने वाली प्लास्टिक, लोहे का सामान, प्लास्टिक की बोतलों आदि को अलग कर नीलामी कराई जाएगी। इससे पालिका को भी आय अर्जित होगी। वहीं, प्लास्टिक कचरे का निस्तारण कर उसको दोबारा उपयोग लायक बनाया जाएगा। साथ ही नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से कूड़ा एकत्रित कर जैविक खाद बनाई जाएगी। जैविक खाद को नगर पालिका द्वारा किसानों का सस्ते दर मुहैया कराने की भी योजना थी। जिससे नगर पालिका की आमदनी को बढ़ाया जा सके। अब एमआरएफ सेंटर बनकर तैयार हो गया है। खाद के लिए गड्ढा बना दिया गया है। मशीन भी लगवा दी गई है और कूड़े को अलग अलग करने का कार्य भी किया जा रहा है। लेकिन जैविक खाद बनाए जाने का कार्य अभी शुरू नहीं हो पाया है। उक्त संदर्भ में नगर पालिका एसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि एमआरएफ सेंटर में मशीनें लग चुकी हैं। कूड़े के वेस्ट मैटेरियल और दुबारा उपयोग में आने वाले मैटेरियल को चार कर्मचारियों के माध्यम से अलग अलग कराया जा रहा है। सूखा और गीला कचरा के माध्यम से जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाएगी। वहीं, कर्मचारियों ने बताया कि एमआरएफ सेंटर पर सबमर्सिबल पंप पिछले करीब 10 दिनों से खराब पड़ा है। जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है।

## दो माह से आशा बहुओं को नहीं मिला मानदेय तो सौंपा ज्ञापन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



दो माह से आशा बहुओं को मानदेय न मिलने पर आशा बहुएं तहसील परिसर में पहुंची। जहां उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर उनका मानदेय दिलाने की मांग की है।

आशा बहू व संगिनी अर्चना देवी खनुआं, सोनी देवी सिहारी पड़ैया, रेनू छिरिया सलेमपुर, कौशिल्या हरकौती, सावित्री, विनीता, लक्ष्मी आदि समेत करीब आधा सैंकड़ा आशा बहुएं जुलूस की शक्ल में तहसील परिसर में पहुंची। जहां आशा बहुओं ने एसडीएम सना अख्तर को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार बलराम गुप्ता को सौंपकर बताया कि आशा बहुएं और संगिनी बेहद अल्प राशि में कार्य करते हुए सरकारी कार्यो को अंजाम देती हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सेवाएं फाईलेरिया, पोलियो, संचारी रोग, आयुष्मान कार्ड, ई कवच, डॉट्स आदि कार्यो को सजगता के साथ वह अंजाम देती हैं। सरकार की कई स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति समर्पित आशा व संगिनी को समय से उनका मानदेय नहीं मिल पाता है। यह खेद का विषय है। उनका मानदेय इतना नहीं है कि वह परिवार के लिए कुछ बचा लें। बमुश्किल महीने का खर्च निकलता है। इसके बाद भी समय से मानदेय न मिलने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आशा बहुओं ने तहसीलदार से उनका दो महीने का बकाया मानदेय दिलाने की मांग की है। ताकि वह अपने परिवार का भरण पोषण उचित तरीके से कर सकें।

# जातीय समीकरणों में उलझा नगर का चुनाव

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

> सपा में ठाकुर तो बसपा में सबसे ज्यादा ब्राह्मण उम्मीदवार



नगर पंचायत माधौगढ़ का चुनाव जातीय समीकरणों में उलझा हुआ नजर आ रहा है। सबसे बड़ी बात इतने बड़े नगर में सत्ताधारी दल सहित अन्य प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में गिने-चुने नाम ही उम्मीदवारों की लिस्ट में शुमार किए जा रहे हैं ऐसा लग रहा है कि जैसे बहुत अच्छे लोगों में चुनाव को लेकर उत्साह और उमंग नहीं है। सत्ताधारी दल में मिले-जुले समुदायों से उम्मीदवार हैं तो समाजवादी पार्टी से सिर्फ क्षत्रिय उम्मीदवार ज्यादा मजबूती से टिकट मांग रहे हैं। ताज्जुब की बात है कि प्रदेश में मृतप्राय अवस्था में होने के बाद भी बहुजन समाज पार्टी से नगर पंचायत के चुनाव में सबसे ज्यादा प्रत्याशियों की गिनती है। वहां पर भी ब्राह्मण सबसे ज्यादा।

दो बार से लगातार प्रदेश की सत्ता में काबिज होने और पिछले नगर पंचायत चुनाव में भाजपा की भारी जीत होने के बाद भी पार्टी में सिर्फ निवर्तमान चेयरमैन और आनंद गुप्ता वैश्य समुदाय से हैं,जबकि ब्राह्मण से राघवेंद्र व्यास और क्षत्रिय समुदाय से सुनील तोमर मजबूत दावेदार हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से विष्णु प्रताप सिंह और दीपा सिंह में टिकट को लेकर रस्साकसी है। विष्णु प्रताप सिंह पिछला चुनाव निर्दलीय लड़ चुके हैं।

राजनीतिक ताकत के लिहाज से नेपथ्य में लेकिन वोट बैंक में मजबूत बहुजन समाज पार्टी अभी भी प्रत्याशियों की पहली पसंद है। खासकर ब्राह्मण वर्ग में सबसे ज्यादा प्रत्याशिता देखने को मिल रही है। पिछला चुनाव मजबूती से लड़े आलोक मिश्रा, अरुण पालीवाल, अनिल पालीवाल, अवधेश मिश्रा, राघवेन्द्र उर्फ गुड्डू मिश्रा और मध्य प्रदेश में सरकारी सेवारत अनिल मिश्रा अपनी पत्नी के लिए बसपा में मजबूत दावेदारी ठोक रहे हैं। अभी भी नगर में बसपा का मजबूत वोट बैंक माना जाता है। पिछला चुनाव बसपा तीन ब्राह्मण प्रत्याशियों के खड़े होने की वजह से हार गई थी। बसपा में वैश्य समुदाय से रघुवीरशरण महतेले उर्फ राजू महतेले का नाम भी चल रहा है। बसपा से ब्राह्मण या वैश्य किसी का भी टिकट हो चुनाव कांटे का होगा। अनूप गुप्ता, शम्भू सिंह, नरेश राठौर भी भाजपा, बसपा और सपा से दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन जाति संतुलन के हिसाब से राजनीतिक दलों ने टिकट दिया तो ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य के बीच में जबरदस्त चुनावी सूचकांक बढ़ेगा।

समृद्धि न्यूज़
हिन्दी दैनिक



# 155 देशों के जल से होगा श्रीराम मंदिर का जलाभिषेक पूजन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



दुनिया के 155 देशों के जल से आगामी 23 अप्रैल को नव निर्माणाधीन श्री राममंदिर का जलाभिषेक पूजन किया जायेगा। गुरुवार को कारसेवकपुरम में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बताया कि विगत पांच अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी थी,तब हमने आवाह्न किया था कि देश के सभी नदियों का जल और रज अयोध्या पहुंचे जिसे कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा किया और इसे अयोध्या लाया गया।तभी दिल्ली के पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली के मन में विचार आया कि विश्व की सभी नदियों और समुद्रों का जल इकट्ठा करके मंदिर का अभिषेक किया जाए। यह चुनौतीपूर्ण कार्य था लेकिन इसको उन्होंने पूरा किया।आज वह दिन आ गया जब आगामी 23 अप्रैल को कई देशों के लोग आएंगे।वे सभी लोग बिड़ला धर्मशाला के मैदान में इकट्ठा होंगे और दर्शन पूजन करेंगे।मंदिर के चारों तरफ 155 देशों के नदियों और समुद्रों के जल से जलाभिषेक करेंगे जिसके बाद मणिरामदास छावनी के सभागार में संतो के साथ एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के साथ यात्रियों की सुविधा के लिए सुग्रीव किला वाले मार्ग पर निशुल्क जल लाकर सुविधा के साथ यात्रियों के लिए छाया की सुविधा की गई है।सड़क निर्माण होने के बाद अगर आवश्यकता पड़ी तो यह सब सुविधा और बढ़ाई जाएगी।कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक व दिल्ली स्टडी ग्रुप अध्यक्ष डॉ विजय जौली ने बताया कि 155 देशों के सात महाद्वीपों के नदियों और समुद्रों का जल प्रवासी भारतीयों द्वारा इकट्ठा किया गया है,जिससे 23 अप्रैल को सुबह दस बजे राम मंदिर का अभिषेक होगा।इसमें मुख्य अतिथि भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,योगगुरु स्वामी रामदेव,दिनेश चंद्र,संघ प्रचारक रामलाल,इंद्रेश कुमार,जैन आचार्य लोकेश मुनि, महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि,किरण चोपड़ा,पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल जोगिंदर जसवंत सिंह,भारत कमलनयन दास, सांसद मनोज तिवारी,प्रवेश वर्मा, लल्लू सिंह,रमेश बिधूड़ी,जे.पी. नामग्याल,दिल्ली के नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी,अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, गोपाल शरण गर्ग,विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की 43 वां स्थापना दिवस चोपन मंडल कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । मंडल कार्यालय चोपन में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर भाजपा का झंडा लगा कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जुगैल जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संजीव तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामना के साथ पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अपना योगदान दिए हुए उनसे प्रेरणा लेकर मां भारती को विश्वगुरु के स्थान पर ले जाने के लिए हम सबको ऐसे ही कार्य करते रहना है।

# भाजपा ने बूथों पर मनाया 43वां स्थापना दिवस

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बृहस्पतिवार को सभी बूथों पर पार्टी का 43 वां स्थापना दिवस मनाया गया। विधानसभा दरियाबाद के मंडल देवीगंज में बूथ संख्या 450 सूपामऊ पर भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया एवं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संबोधित कार्यक्रम को सुना गया ।कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी ने कहा कि पार्टी की स्थापना कर इसे समृद्ध और सशक्त करने वाले महान नेताओं को नमन करता हूं ।पार्टी के मूल उद्देश्य जनसेवा को कार्यकर्ताओं ने मूर्त रूप देने का काम किया है ।सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं ।हम सभी को आत्म मुग्धता से बचकर केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचना है। मंडल अध्यक्ष राकेश लोधी ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचकर विपक्षियों के सारे मंसूबे ध्वस्त करने का काम करेंगे। इस दौरान पार्टी के नव नियुक्त मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला उर्फ राजू, शक्ति केंद्र संयोजक आनंद तिवारी उमेश शुक्ला कुलदीप तिवारी अर्जुन समेत बूथ के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवागत जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत व निकाय चुनाव पर चर्चा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**




समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर गुरुवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के प्रथम आगमन पर महानगर कमेटी के पदाधिकारियों नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया।इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव व महासचिव हामिद जाकर मीसम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके मनोनयन से नौजवान और पूरी पार्टी मजबूत हुई है।स्वागत के बाद नगर निगम चुनाव पर चर्चा करते हुए पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि सड़क चौड़ी करने के नाम पर लोगों को बहुत मामूली मुआवजा दिया जा रहा है।यह सरकार किसानों, बेरोजगारों और व्यापारियों को ठगने का काम कर रही है।उन्होंने कहा कि मेयर एवं पार्षद प्रत्याशी सबसे विचार विमर्श करके ही तय किया जाएगा और जिसको महानगर कमेटी मेयर और पार्षद का टिकट देगी सभी लोग मिलकर उसको जिताने का काम करें।इस मौके पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पार्टी की ओर से जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है,उसका मै पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करुंगा।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाना उनकी प्राथमिकता है।महानगर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने मौजूद नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आने वाला दिन समाजवादी पार्टी का है।नव नियुक्त जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के नेतृत्व में एक बार समाजवादी पार्टी फिर से जिले में अपना परचम लहराएंगी।महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी निकाय चुनाव में पूरे दमखम के साथ सफलता हासिल करेगी तथा जिले में मेयर और पार्षदों को जिताने का काम करेगी। उपाध्यक्ष श्री चंद्र यादव ने स्वागत करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आने वाले लोक सभा निकाय चुनाव में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

# विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए आयोजित की गई बैठक

**अंबेडकरनगर, समृद्धि न्यूज़**



माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पदम नारायण मिश्र के निर्देशानुसार आगामी 16 अप्रैल को जनपद न्यायालय में आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित एडीआर भवन में अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कमलेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में बैंक के पैनल अधिवक्ताओं और अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।अपर जिला जज व सचिव श्री मौर्य द्वारा बैठक में उपस्थित बैंक अधिकारियों और पैनल अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया कि आगामी आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर अधिक से अधिक आर्बिट्रेशन वादों का निस्तारण कराएं और आगामी विशेष लोक अदालत को सफल बनाएं।बैठक में मौजूद बैंक अधिकारियों और पैनल अधिवक्ताओं द्वारा विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

# दोषी पति रामलाल को 10 वर्ष की कैद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

- **10 हजार रूपये अर्थदंड, ना देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद**
- **साढ़े 3 वर्ष पूर्व कुल्हाड़ी से प्रहार कर पत्नी कलावती को गंभीर चोट पहुंचाने का मामला**

साढ़े 3 वर्ष पूर्व हुए हत्या के प्रयास मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी रामलाल उर्फ पप्पू को 10 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल थाना क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी रिंकू पुत्र रामचंद्र ने करमा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी बहन कलावती की शादी करमा थाना क्षेत्र के मगरादहा गांव निवासी रामलाल उर्फ पप्पू पुत्र जग्गी के साथ हुई थी।करीब तीन साल पूर्व उसके जीजा रामलाल उसकी बहन को बेरहमी से मारते पीटते थे। जिसकी वजह से उसकी बहन अपने मायके में उसके यहां रहने लगी तथा उसके बच्चे भी वहीं पर पढ़ते हैं। 10 जून 2019 को जीजा के भाई के लड़की की शादी थी। जिसमें उसकी बहन कलावती को भी बुलाया गया था। 11 जून 2019 को उसके जीजा उसकी बहन कलावती को जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से गर्दन काटना चाह रहे थे, किंतु बहन पीछे मुड़ गई, जिसकी वजह से बहन के सीने पर गंभीर चोट लगी। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर रामलाल उर्फ पप्पू के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रामलाल उर्फ पप्पू को 10 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# रेलवे कालोनियों की सड़क हुई खस्ताहाल चलना हुआ दुभर

**चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर से लेकर रेलवे कॉलोनी की सड़कें बदहाल हो गई हैं, लेकिन इसके बावजूद इनका निर्माण नहीं किया जा रहा है। जबकि पिछले कुछ महीने पहले धनबाद मंडल रेल प्रबंधक ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान रेलवे परिसर व कॉलोनियों की सड़कों के सुधार के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए थे, किंतु अब तक इनका सुधार अथवा नया निर्माण शुरू नहीं हुआ है।

रोजाना लोगों को जर्जर सड़कों पर आवागमन में परेशानियो का सामना करना पड़ता है। जिस सड़क का इस्तेमाल कर कर्मचारी अपने अपने ड्यूटी पर जाते हैं उन सड़कों का हाल बद से बद्तर हो चुकी है जहाँ दिन में अगर सावधानी से न चले तो पैर में मोच आना कोई बड़ी बात नहीं हैं वहीं रात का आलम क्या होगा। गौरतलब हो कि चोपन जक्शन होने की वजह से यहाँ पर रेलवे अपने कर्मचारियों को लेकर तनिक भी संजिदा नहीं दिखती रेलवे के कई कालोनियों का हाल बहुत ही बद्तर हो चुकी है जहाँ साफ सफाई के नाम पर सिर्फ और सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है रेलवे क्वाटरों के चारों तरफ झाड़ झंखाड़ उगे हुए हैं नालियाँ बजबजा रही हैं सड़क अपने हाल पर आंसू बहा रहा है परन्तु कोई भी जिम्मेदार इसको लेकर गंभीर नही है। वहीं सुत्रों की माने तो रेलवे के द्वारा साफ सफाई को लेकर अच्छा खासा बजट दिया जाता है परन्तु स्थानीय रेलवे अधिकारियों की मिलीभगत से सिर्फ कोरम पूरा कर धन का बंदरबांट कर लिया जाता है। बताते चलें कि इन्ही रेलवे कर्मचारियों के अथक परिश्रम का परिणाम है कि इस वर्ष भी धनवाद डिवीजन माल लदान की क्षेत्र में नंबर वन पोजीशन पर है किंतु रेल कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाएं प्रयास न मिलना यह एक सोचनीय विषय है बताया जाता है कि रेल कर्मी समस्याओं की बाबत संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय समय पर अवगत भी कराते हैं किंतु सुनवाई के नाम पर रिजल्ट शून्य ही रहता है आलम यह है कि चोपन में कार्यरत काफी नये नियुक्ति वाले कर्मचारी रेलवे के क्वाटर में न रहकर प्राईवेट क्वाटर में रहना पसंद कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री प्राथमिकता की 37 बिन्दुओं पर डीएम ने किया समीक्षा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, द्वारा चिन्हित नवीन विकास कार्यो की मूल्यांकन एवं अनुश्रवण की 37 बिन्दुओ के प्रारूप की समीक्षा बैठक आहूत की गई। कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में मा0मुख्यमंत्री के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रम 37 बिन्दु की समीक्षा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, जिला पोषण, जिला निगरानी समिति, जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति, जनपद स्तरीय परियोजना इकाई, पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, आधार अनुश्रवण समिति, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष, जिला स्वच्छता समिति बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान विद्युत कनेक्शन, विद्युत भुगतान, स्वानिधि योजना, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पशुधन विभाग, टीकाकरण, आपरेशन कायाकल्प, प्रधानमंत्री आवास शहरी, एनआरएलएम, मनरेगा, मुख्यमंत्री आवास, जिओ टैगिंग, कौशल विकास समिति, वृक्षारोपण समिति, अंत्येष्टि स्थल, सामूहिक विवाह, शादी अनुदान, आंगनबाड़ी पोषण अभियान, कौशल विकास मिशन, परिवार नियोजन, लघु सिंचाई, जमीन पट्टा, नलकूप, गन्ना, भूमि संरक्षण, कृषि रक्षा, खादी ग्रामोद्योग, नगर विकास, बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, खनन, युवा कल्याण, विकलांग, सहकारिता, किसान सम्मान निधि, सेवायोजन, वन विभाग, उद्योग विभाग, कन्या सुमंगला योजना, मत्स्य संपदा योजना, दीन दयाल अन्त्योदय, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, दुग्ध समिति, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्ति करण सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा करने पर ज्ञात हुआ कि कुल 93त्न विद्यालयों को अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त किया जा चुका है।

# अमेठी से आये सैकड़ों सतनामी भक्तों का महंत ने किया स्वागत



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

पांच दिन पूर्व सिद्धा दास साहेब हरगांव अमेठी से सैकड़ों सत्यनामी अनुयायियों द्वारा दूलम दास साहेब के शिष्य सिद्धा दास की भक्ति तथा सिद्धियों एंव सत्यनाम पंथ के प्रचार प्रसार को निकली पद यात्रा शुकुलबाजार जरौली मधनापुर धाम होते हुये श्रीकोटवाधाम चौराहे पर पंहुची जंहा महन्त नीलेन्द्र बक्श दास नीरज भैय्या गुरु मां वंदना दास अशोक दास हरचंदपुर हनुमान दास जरौली प्रवेश दास उमापुर गददी रमाशंकर दास सूर्यप्रकाश दीक्षित गोविन्द शरण मंयक वाजपेई दुर्गेश दिक्षित केके वाजपेई प्रेमदास आदि ने स्वागत किया।

## हनुमान जयंती पर मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिरों पर श्रद्धालुओं की रही भीड़ कस्बा बदोसराय चौराहे पर पवन स्वीट हाउस पर सुंदरकांड पाठ आयोजित कर भण्डारे में प्रसाद वितरण किया।जेबीएस कालेज में हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा कर सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा पाठ का किया गया।बताते चलें कि हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर जेबीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुल्हदेपुर टिकैतनगर बाराबंकी में हनुमान जयंती का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा के सम्मुख संस्थान के विभागाध्यक्ष बाल गोविंद वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात संस्थान के समस्त छात्र छात्राओं द्वारा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर सुधीर कुमार वैश्य दीप नारायण वर्मा दिलीप कुमार निशा पांडेय, पुष्पा यादव हिमांशु सिंह विद्यावती आदि उपस्थित रहे।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम में मिला 500 का एक जाली नोट

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रिहंद नगर में स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ए टी एम मशीन जो एनटीपीसी परिसर मे स्वागत द्वार के बगल में यूनियन बैंक के एटीएम में ?500 का नोट जाली मिलने से मचा हड़कंप बताया गया जानकारी के अनुसार रमेश कुमार गुप्ता ह्य/श्च रामबृक्ष गुप्ता बीजपुर का रहने वाला है वह दिनक 05/04/2023 दिन बुधवार साम को 7=30 बजे अपने पिताजी के अकाउंट से ?25000 निकासी किया जिसमें एक नोट 500 का जाली मिला तत्पश्चात रमेश कुमार ने देर न करते हुए यूनियन बैंक के अधिकारियों से बात किया और बताया की पांच सौ का एक नोट मुझे जाली मिला है । यूनियन बैंक के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि आप कल सुबह रिसीविंग ले के बैंक खुलने के बाद 10=00 बजे आइए जाली नोट बदल दिया जायेगा आज सुबह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में जाने के बाद शाखा प्रबंधक से बात किया तो कहते है यूनियन बैंक के एटीएम में पैसा जांच करने के पश्चात ही एटीएम में डाला जाता है यहां से जाली नोट नहीं निकल सकता है तत्पश्चात यूनियन बैंक के कर्मचारियों द्वारा कहा गया की आप एक प्रार्थना पत्र लिख के ब्रांच में जमा कर दीजिए सीसीटीवी जांच के पश्चात आपका नोट बदल लिया जाएगा।

## कनपटी पर पिस्तौल लगाकर मोबाइल नकदी लूट ले गए बदमाश

**मसौली बाराबंकी।** गुरुवार की भोर करीब चार बजे अयोध्या लखनऊ हाईवे पर स्थित प्रतापगंज के निकट हूटर लगी चार पहिया वाहन सवार अज्ञात बदमाशों ने सब्जी व्यापारी और उसके ड्राइवर की कनपटी पर पिस्टल लगाकर 49 हजार की नगदी सहित मोबाइल फ़ोन लूट कर फरार हो गए । पीड़ित सब्जी व्यापारी ने सफदरगंज पुलिस को सूचना दी। लूट की सूचना पर हरकत में आयी सफदरगंज पुलिस ने घटना की जांच शुरू की ओर पुलिस इस घटना को पूरी तरह संदिग्ध बता रही है। गुरुवार की भोर करीब चार बजे नवीन मंडी बाराबंकी सब्जी लेने जा रहे कस्बा टिकैतनगर निवासी मुकीम पुत्र मुबारक अली अपने पिकप चालक मुकीम पुत्र शौकत अली के साथ बाराबंकी सब्जी मंडी सब्जी लेने जा रहा था सब्जी व्यापारी जैसे ही लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रतापगज के निकट पहुँची तभी पीछे से हूटर लगी सफेद रंग की चार पहिया गाड़ी ने पिकअप को ओवरटेक कर रोक लिया। और गाड़ी से उतरे आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने मुकीम और उसके ड्राइवर को गाड़ी से नीचे उतार कर आधार कार्ड मांगा। फिर तलाशी लेते हुए जेब में रखी करीब 49 हजार की नगदी एव मोबाइल छीन लिया। मुकीम और उसके ड्राइवर ने जब इसका विरोध किया तो अज्ञात बदमाशों ने दोनों की कनपटी पर पिस्टल लगा दिया और धमकाते हुए बाराबंकी की ओर फरार हो गये।

## शिविर का हुआ आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत उस्मानपुर मजरे गौरवा उस्मानपुर गांव में ग्राम प्रधान इंद्र कुमार मिश्र के सौजन्य से गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय उस्मानपुर में इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय लखनऊ द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर नेचरान हेल्थ केयर लिमिटेड मुंबई द्वारा शिविर में आए 5 सैकड़ा से अधिक लोगों के बीच निशुल्क रूप से कंपनी के उत्पादों का मुफ्त वितरण किया गया। पद्मश्री सम्मान से सम्मानित जनपद के प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। प्रधान द्वारा प्राथमिक विद्यालय में सुबह 8बजे से लेकर 2 बजे तक आयोजित शिविर में हेल्थ केयर कंपनी के चेयरमैन श्री सदानंद पांडे ने बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों के बीच पौष्टिक दवाइयां सौंदर्य सामग्री तेल मंजन एवं बाम उपहार के रूप में वितरित किए। इस अवसर पर इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय शिविर द्वारा ढाई सौ से अधिक लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया जहां सामान्य नेत्र रोगियों को निशुल्क रूप से दवाइयां एवं चश्मे उपलब्ध कराये गये। वहीं गंभीर नेत्र रोगों से परेशान आधा सैकड़ा लोगों को लखनऊ में उपचार के लिए चयनित किया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष की अनुमति से आगामी 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।इसमें प्रि-लिटीगेशन-धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन0आई0ऐक्ट),बैंक वसूली वाद,श्रम विवाद वाद,विद्युत एवं जलवाद बिल(अशमनीय छोड़ कर)अन्य(आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) है।न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)-आपराधिक शमनीय वाद,धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एन.आई.एक्ट),बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं,श्रम विवाद वाद, विद्युत एवं जलवाद बिल (अशमनीय छोड़कर),पारिवारिक विवाद,भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से सम्बंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्त लाभ के मामले,राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी,सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद,विशिष्ट अनुतोष वाद)आदि का निस्तारण किया जायेगा।

# एकादश रूद्र बड़े हनुमान मंदिर पर धूमधाम से मना वीर बजरंगी का प्रकट उत्सव

**गोला, गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



- **जन्मोत्सव पर अभिषेक पूजन व विशेष श्रृंगार से सजा बड़े हनुमान जी महाराज का दरबार**
- **11 किलो के लड्डू का विशेष भोग प्रसाद किया गया अर्पण**

चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर सर्वार्थ सिद्धि योग के संयोग में उपनगर गोला के एकादश रूद्र बड़े हनुमान मंदिर पर हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से वीर बजरंगी का प्रकट उत्सव मनाया गया। विद्वानों की देखरेख में बड़े हनुमान जी एवं भगवान राम के दरबार का अभिषेक पूजन के साथ विशेष श्रृंगार से सजा। साथ ही 11 किलों के लड्डू का विशेष भोग अर्पण किया गया। तथा महाआरती कर लोकमंगल की कामना किया गया। बड़े हनुमान मंदिर व ठाकुर जी मंदिर के महंत सुशील दास के सानिध्य में बड़े हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। विद्वानों अमित तिवारी व मयंक त्रिपाठी की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य यजमान अप्रवासी भारतीय उमेश कुमार यादव की अगुवाई में एकदाश रूद्र बड़े हनुमान जी का अभिषेक पूजन के साथ विशेष श्रृंगार पूजन किया गया। तदोपरांत भगवान महाबीर को 11 किलो लड्डू का विशेष भोग अर्पण किया गया। और फिर महाआरती कर लोकमंगल की कामना किया गया। मंदिर पर बड़े हनुमान जी महाराज की पूजा के लिए पूरे दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महंत सुशील दास ने बताया कि हनुमान जी महाराज आदि देव भगवान शिव के 11वें अवतार हैं। ऐसी मान्यता है कि उन्हें अमरता का वरदान मिला है और वे त्रेतायुग, द्वापर युग के बाद कलयुग में भी विद्यमान हैं। और सभी रामभक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। बड़े हनुमान मंदिर पर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में राजेश पाण्डेय, घनश्याम कसौधन,रिंकू मिश्रा, राजकुमार हिंदुस्तानी,देव नरायन यादव,अजय यादव, मनोज कुमार मिश्रा,आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# डिप्टी सीएम ने किया योजनाओं की प्रगति समीक्षा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**




उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा गुरुवार को जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं, विकास कार्यो, राजस्व वसूली, कानून व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा गई। समीक्षा बैठक के दौरान राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद विभाग सतीश चन्द्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप वर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत को जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने पॉवरप्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति से माननीय उपमुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने उपमुख्यमंत्री को विद्युत आपूर्ति, नई सड़को का निर्माण चैड़ीकरण, सुन्दरीकरण एवं कायाकल्प, पीएमस्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, निराश्रित गौवंश एवं गौआश्रय स्थल, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, जलजीवन मिशन, ओलावृष्टि का आकलन, सामुदायिक शौचालय, विद्युत आपूर्ति आदि योजनाओं एवं कार्यो से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा शान्ति व कानून व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी अपराध करने वाले अपराधी विशेष कर महिला एंव बाल अपराध करने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा मिले।

समीक्षा बैठक के दौरान माननीय उपमुख्यमंत्री ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश किया कि विद्युत बिलों में ओवर बिलिंग न हो तथा सभी उपभोक्ताओं को मोबाइल नम्बर रखते हुए बकाया बिल जमा करने के सम्बन्ध में पहले से ही एसएमएस भेजकर सूचित किया जाये तथा कर्मचारियों के द्वारा विद्युत बकाया बिल प्रत्येक उपभोक्ताओं तक पहुँचाना सुनिश्चित किया जाये।

# अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण, दी सख्त हिदायत

- निरीक्षण के दौरान वार्डों में किया भ्रमण मरीजों से की पूछतांछ
- महिला अस्पताल का भी किया निरीक्षण, प्रसव के बारे में ली जानकारी



बांदा। समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** दुर्गा शक्ति नागपाल गुरुवार की सुबह करीब सवा आठ बजे जिला अस्पताल पहुंच गईं। उन्होंने जिला पुरुष और महिला अस्पताल के चप्पे-चप्पे का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला अस्पताल में गंदगी पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। मरीजों से पूछताछ भी की। जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिए हैं कि मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ न करें। स्वास्थ्य सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध कराएं। उन्होंने आक्सीजन प्लांटों का भी निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी गुरुवार की सुबह करीब सवा आठ बजे ट्रामा सेंटर पहुंच गई। वहां पर मौजूद कर्मचारियों से भर्ती मरीजों के बारे में पूछतांछ की। इसके बाद ट्रामा सेंटर के ऊपर स्थित कोरोना वार्ड में लगे वेंटीलेटरों को भी देखा। वहीं जिलाधिकारी ने डायलिसिस सेंटर और नजदीक स्थित आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के आने की भनक लगते ही आक्सीजन प्लांट को अनट्रेंड कर्मचारियों से चालू करवा दिया गया था, ताकि डीएम के निरीक्षण में आक्सीजन प्लांट चालू हालत में मिले। जिलाधिकारी वहां से निरीक्षण करने के बाद इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से दवा मिलने के बारे में पूछतांछ की। मरीजों ने अस्पताल से ही दवा मिलने की बात कही। जिलाधिकारी इमरजेंसी ओपीडी, आपरेशन थियेटर, दवा वितरण कक्ष, फार्मासिस्ट ड्यूटी रूम, पुरुष महिला वार्डों में स्थापित शौचालयों तथा रसोई घर का निरीक्षण किया। अस्पताल में कुछ जगह गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। सीएमएस को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। कहा कि दोबारा निरीक्षण में अगर कमियां मिलीं तो वह कार्रवाई करेंगी। बिगड़ी पड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि पीएचसी और सीएचसी में एक-एक चिकित्सक की तैनाती कर दी गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के लिए चिकित्साधिकारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। वहां पर मौजूद सीएमएस डा. सुनीता सिंह से पूछतांछ की। उन्होंने बताया कि 15 से 20 प्रसव नार्मल होती हैं। सिजेरियन केस भी किए जाते हैं। जिलाधिकारी ने दो घंटे के निरीक्षण में जिला अस्पताल और महिला अस्पताल को पूरी तरह से खंगाल डाला। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. एसएन मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डा. सुनीता सिंह सहित चिकित्सक एवं स्वास्थ्य विभाग के पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# समय से विद्यालय न खुलने पर ग्रामीणों ने शिकायत की

पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज



**सरकार** प्रदेश के नौनिहालों के भविष्य के लिए शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिये निरंतर प्रयास कर रही है लेकिन शिक्षक सरकार की मंशा के विपरीत काम कर रहे है। परिषदीय विद्यालयों के संचालन का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक है।विकास खंड पनवाडी के प्राथमिक विद्यालय सतौरा में तैनात शिक्षक समय से विद्यालय नही पहुंच रहे है। ग्रामीण मनोज कुमार,छोटेलाल,भारत सिंह, जाहर सिंह,कमलेश सहित 30 ग्रामीणों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कहा कि विद्यालय में तैनात शिक्षक ब्रजभूषण यादव और दयाशंकर कभी समय से विद्यालय नही आते है।जब विद्यालय खुलने का समय नौ बजे था तब शिक्षक दस बजे आते थे,अब विद्यालय खुलने का समय आठ बजे है तो शिक्षक नौ बजे आते है।बच्चों को गुणवक्ताविहीन मिड डे मील का खाना दिया जाता है।सोमवार को बच्चों को मौसमी फल और बुधवार को दूध भी वितरित नही किया जाता है।ग्रामीणों ने शिक्षकों से समय से आने और मानक के अनुसार मिड्डे मील वितरित करने को कहा तो शिक्षक ग्रामीणों से अभद्रता करते है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### नौ अप्रैल को होगा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय निर्वाचन

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर हुई बैठक में आगामी 9 अप्रैल 11 बजे से राज मैरिज होम में होने वाले जिला स्तरीय निर्वाचन के संबंध में चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व द्वारा पत्र जारी कर जिला स्तरीय निर्वाचन का कार्यक्रम तय कर दिया है।इससे पूर्व सभी ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्वाचन पूर्ण कराया जा चुका है। जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 9 अप्रैल को राज मैरिज होम में निर्वाचन अधिकारी ब्रजेश दीक्षित प्रदेश संगठन मंत्री एवं चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेंद्र कसाना जिलाध्यक्ष आगरा की देखरेख में जिला निर्वाचन कराया जाएगा उन्होंने जनपद के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से निर्वाचन में भारी संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है बैठक में सत्यवीर सिंह के पी सिंह सत्यप्रकाश हरगोविंद चौहान हरिओम दुबे डा आलोक शाक्य डा कमलेश आर्य डा मनोज यादव दलवीर कठेरिया सुदीप पाण्डेय कौशल गुप्ता हेमसिंह अबलेंद्र कुमार योगेश दीप कुमार व्योम सक्सेना नंदलाल अभय चौधरी हरेंद्र बेस प्रबल चौहान कर्मवीर शाक्य जितेंद्र यादव ओसपाल रक्षपाल महेश आर्य प्रदीप यादव आदि उपस्थित थे।

### श्री रामभक्त भगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव की रही धूम

**महोबा।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रिय भक्त पवन पुत्र भगवान हनुमान का जन्मोत्सव जिले भर में उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिरों में सुंदर कांड पाठ और अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया गया। धार्मिक अनुष्ठानों में भक्तों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। अनुष्ठान के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। गुरुवार को जिले भर में सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों के परिवार के साथ पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मुख्यालय के बस स्टैंड पर स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया चरखारी तहसील क्षेत्र के काकुन में स्थित हनुमान मंदिर में दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने परिवार की सुख समृद्धि के लिए रामभक्त से आराधना की। काकुन हनुमान मंदिर भक्तों में आस्था का केंद्र है। हनुमान जन्मोत्सव पर महोबा मुख्यालय में वृहद जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे इसी तरह जैतपुर कस्बे में भी पंचमुखी मंदिर से घुसयाना तक जुलूस निकाला गया जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए किसी भी अशांति से निपटने के लिए हर जगह पुलिस की समुचित व्यवस्था रही।

### नीम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**इटावा।** जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम जगसौरा में घर से खेत पर निकले 21 वर्षीय युवक का शव रस्सी के फंदे पर नीम के पेड़ पर लटका मिला, परिजनों में कोहराम मच गया। विवरण के अनुसार ग्राम जगसौरा के रहने वाले इंद्र सिंह पुत्र विशंभर सिंह गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वह अपने घर से खेत पर गेहूं की फसल काटने के लिए निकला था। जब उसके परिजन सुबह करीब 7 बजे खेत पर गए तो उन्होंने अपने बेटे का शव खेत के पास स्थित एक नीम के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटका हुआ दिखा।तो परिजन हतिप्रभ रह गए और कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि बेटे ने क्यों रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। ये संदिग्ध मामला है। घर में किसी को यकीन नहीं हो रहा है कि उसने ऐसा क्यों किया। उसकी मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है। साथ ही बताया कि मृतक खेती संभालता था व ऐसी कोई बात नहीं थी जिससे कि वह आत्महत्या करें। उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह फांसी लगा लेगा। हादसे के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।मौके पर जाँच करने सीओ अतुल प्रधान,निरीक्षक मुकेश सोलंकी के साथ फोरेंसिक टीम भी पहुँची और जाँच में जुटी।वहीँ निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या देखने से मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है बाकी और जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर बता पाएंगे।

### हनुमान चालीसा का पाठ का हुआ आयोजन

**इटावा।** हनुमान जयंती के अवसर पर कस्वा महेवा स्थित सिद्धनाथ मन्दिर में हनुमान भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया तथा उसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया जिसमें कस्वा वासियों सहित आसपास क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया वहीँ लोगो ने बजरंगी बली के प्रिय मिस्ठान बूदी के प्रसाद को खाया । प्राप्त विवरण के अनुसार सिद्धनाथ मन्दिर महेवा पर समाज सेवी गौरव तिवारी एवम महंत जानकी दास के सयोंजन में आयोजित प्रसाद वितरण समारोह में मुख्य रूप से सहकारी संघ महेवा के अध्यक्ष राजीव चौधरी , श्रीगोविन्द दीक्षित ,कीरत प्रसाद पाल ,डॉ0 हरी चौबे ,राजेश दुबे , पूर्व प्रधान गम्भीर सिंह यादव ,राजू शुक्ला , कृष्णकांत तिवारी ,सोनू यादव आदि शामिल रहे।

### भीषण आग लगने से लाखों रुपये का हुआ नुकसान

**इटावा।** कस्बा के बकेवर भरथना ओवरब्रिज के समीप एक मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई आग की लपटों की चपेट में एक ओमनी कार सहित दो फोरव्हीलर वाहन जलकर नष्ट हो गये। आग की लपटों की चपेट में आने से आसपास रखे लकड़ी के खोखे में भी आग लग गयी जिससें वह भी जल कर नष्ट हो गयी। आगजनी की घटना? में दुकानदार का लाखो रुपये का नुकसान हुआ। घटना की सूचना पर? थाना पुलिस मौके पर पहुंची व फायर बिग्रेड को सूचना दी फायर बिग्रेड की पांच गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कस्बा के बकेवर भरथना ओवरब्रिज के समीप किशन लाल शर्मा की मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई आग की चपेट में दो फोरव्हीलर गाड़ी भी जलकर नष्ट हुई। आग की लपटे से आसपास की दुकानों में आग पहुंची जिसके चलते करीब पांच लकड़ी के खोखे व उसके अंदर रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकानदार किशन लाल शर्मा ने बताया कि बुधवार की शाम वह दुकान बंद कर अपने घर चले गये थे करीब ग्यारह बजे के समीप लोगों के द्वारा उन्हे जानकारी मिली की दुकान में आग लग गयी है। आनन फानन में जब दुकानदार दुकान पर पहुंचा तो दुकान में आग की लपटे उठ रही थी।

# महिला सुरक्षा विशेष दल ने चलाया चेकिंग अभियान

इटावा। समृद्धि न्यूज



महिला सुरक्षा विशेष दल ने शहर में मनचलों, अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जिससे मनचलों में हड़कम्प मच गया।

थानाध्यक्ष महिला थाना द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत मंदिर, पूजा घर, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र छात्राओं, युवक, युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी।तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया।

# भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 44वां स्थापना दिवस

- ज़िला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा शुरू किया गया 'फिर एक बार भाजपा सरकार' स्लोगन का लेखन कार्य

महोबा। समृद्धि न्यूज





जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय महोबा में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी, सदर विधायक राकेश गोस्वामी की उपस्थिति में नगर मंडल टीम भाजपा कार्यालय में उपस्थित रही, ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना ! पूरे जिले के प्रत्येक बूथ पर उक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बूथ पर निवास करने वाले पदाधिकारीगण बूथ अध्यक्ष ने घर जाकर झंडा लगाया एवं बूथ पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष/ एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर चरखारी नगर में स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए जिला अध्यक्ष के द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर दीवारों पर लेखन कार्य भी शुरू किया गया एक बार फिर से भाजपा सरकार।

### भाजपा ने राष्ट्रवाद पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रयासरतः सरिता

**इटावा।** बीजेपी केस्थापना दिवस की सभी राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने वंशवाद को समाप्त कर राष्ट्रवाद पर चलकर देश को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के नेतृत्व में हम सभी 'सेवा ही संगठन' को चरितार्थ करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त उद्गार सदर विधायक सरिता भदौरिया ने पुराना शहर मण्डल में बूथ 291 शक्ति केंद्र भाजपा नेता अशोक चौहान के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर अध्यक्ष सुशांत दीक्षित ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी 'सेवा ही संगठन' को चरितार्थ करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय विकास की सोचः शरद बाजपेयी

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के 44वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सभासद शरद बाजपेयी ने भाजपा का झंडा फहराते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय विकास की सोच पर आगे बढ़ रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का मान पूरे विश्व में बढ़ाया है आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। शरद बाजपेयी ने कहा भारतीय जनता पार्टी पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे प्रथम अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के आदर्शो पर हम निरंतर आगे बढ़ते हुए देश को मजबूत और विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं।इस अवसर पर भाजपा नेता जय प्रकाश जैन, शिव हरी दीक्षित, शिव किशोर धनगर, राजेंद्र वर्मा, प्रशांत दीक्षित, विजय दीक्षित, प्रमेंद्र तिवारी, मुकेश दीक्षित, सोनू राठौर, उदय राजपूत, प्रभाकर दीक्षित, कृष्ण कुमार दीक्षित, पंकज राठौर आदि सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने लूट का ऑटो बरामद कर आरोपी किया गिरफ्तार



इटावा। समृद्धि न्यूज

**चार दिन** पूर्व लूटा गया आटो थाना बकेवर पुलिस ने लावारिस स्थित में बरामद करने के साथ लूट की घटना के आरोपी दो युवकों को भी 12 बोर तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा।

अंकुश कुमार पुत्र हरीश निवासी ग्राम घुरहा जाखन नगला तौर थाना बलरई का आटो दो युवकों ने सवारी बनकर सोमवार की देर रात मारपीट कर लूट लिया था। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली की एक आटो भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पीपरीपुर के नजदीक लावारिस अवस्था में खड़ा हुआ है जिसपर प्रभारी निरीक्षक बिक्रम सिंह मौके पर पहुंचे तो लावारिस खड़ा आटो अंकुश का निकला जिसकी बैटरी लूटरे निकाल कर अपने साथ ले गये थे। आटो बरामद होने के बाद पुलिस सक्रियता से लुटेरों की तलाश में इस उद्देश्य से लग गयी कि जब लुटेरों ने आटो से बैटरी निकाली है तो उसे कहीं न कहीं बेचेंगे भी और हुआ भी यही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लुधियानी चौराहे पर लूटे गए आटो की बैटरी बेंचने के प्रयास में लगे दो युवकों को बैटरी सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के द्वारा की गरी पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम विपिन शर्मा पुत्र मान्धाता शर्मा निवासी राजागंज भरथना और दूसरे ने अंकित शंखवार पुत्र रामकिशन निवासी यादव नगर भरथना बंताया । जामातलाशी लेने पर दोनों आरोपितों के पास से 12 बोर के तमंचे व एक एक जिन्दा कारतूस भी बरामद किए। पुलिस ने लुट की घटना के आरोपितों की आटो चालक से शिनाख्ती कार्रवाई कर जेल भेज दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डिगरिया वि.ख. कबरई जि. महोबा

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 05.04.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डिगरिया की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.04.2023 से 12.04.2023 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे ते अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत डिगरिया में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 1226 | 9.20 | 9200 | 15.04.2023 से 31.03.2024 तक |

**शर्तेः-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. डिगरिया, वि.ख. कबरई

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.पं. डिगरिया, वि.ख. कबरई

## कार्यालय ग्राम पंचायत ढ़िकवाहा वि.ख. कबरई जि. महोबा

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 05.04.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढ़िकवाहा की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.04.2023 से 12.04.2023 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे ते अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत ढ़िकवाहा में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 1299 | 9.75 | 9750 | 15.04.2023 से 31.03.2024 तक |

**शर्तेः-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. ढ़िकवाहा, वि.ख. कबरई

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.पं. ढ़िकवाहा, वि.ख. कबरई

## कार्यालय ग्राम पंचायत ज्योरैया वि.ख. कबरई जि. महोबा

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 05.04.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ज्योरैया की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.04.2023 से 12.04.2023 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे ते अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत ज्योरैया में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 890 | 6.68 | 6680 | 15.04.2023 से 31.03.2024 तक |

**शर्तेः-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. ज्योरैया, वि.ख. कबरई

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.पं. ज्योरैया, वि.ख. कबरई

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिजरिया वि.ख. कबरई जि. महोबा

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 05.04.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिजरिया की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.04.2023 से 12.04.2023 को समय प्रातः 11 बजे से 3 बजे ते अधोहस्ताक्षरी के पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी। सामग्री का विवरण निम्न है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत सिजरिया में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 642 | 4.82 | 4820 | 15.04.2023 से 31.03.2024 तक |

**शर्तेः-** 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. सिजरिया, वि.ख. कबरई

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा.पं. सिजरिया, वि.ख. कबरई


# आयुक्त कानपुर मण्डल ने गौशाला की व्यवस्था परखी

इटावा। समृद्धि न्यूज



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ जी के आदेशानुसार हर जिले गौशालाओं की वास्तविकता परखने के लिए मुख्यसचिव दुर्गाशंकर मिश्रा द्वारा नियुक्त जिले के नोडल अफसर आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा आयुक्त कानपुर मण्डल ने विकास विभाग एव पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ ब्लॉक महेवा की ग्राम पंचायत महेवा में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया जहा प्राकृतिक छाया देखकर प्रसन्न नजर आये।

विदित हो कि महेवा में नहर विभाग की अनुपयुक्त पड़ी नहर कोठी में अस्थायी गौशाला संचालित है करीब 25 बीघा में फैली नहर कोठी में सैकड़ो विशाल वृक्ष है जिनकी छाया में गौवंश विचरण करते है वही पानी, चारा ,भूसा आदि की व्यवस्था देखकर सन्तुष्ट नजर आए । ग्राम प्रधान महेवा कुमुद सिंह द्वारा गौवंश के खर्च को बढ़ाने की बात पर कहा कि शाशन स्तर पर मंथन चल रहा है वहीँ समय पर पैसा न मिलने की बात पर भी कहा कि सत्यापन के सभी का भुगतान समय पर ही अब होगा। साथ मे आये उपनिदेशक पशुपालन विभाग जे पी सिंह ने सचिब सोनम कुशवाहा को गाय व साँड़ अलग अलग रखने की बात कही । श्री मीणा ने बी डी ओ महेवा सूरज सिंह से कहा कि संचालन में जो दिक्कत प्रधान व सचिव को आ रहीं है उन्हें नोटकरके जिलाधिकारी से हल कराने का प्रयास करे। इस अवसर पर जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता ,बी डी ओ महेवा सूरज सिंह ,सहायक विकास अधिकारी पँचायत श्याम वरन राजपूत , पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शरद यादव ,डॉ अनिलवीर सिंह चौहान ,सचिब सोहन कुशवाहा, ग्राम पंचायत सदस्य राजेश दुबे, अजय जादौन, रजनीश शर्मा सहित सभी केयर टेकर लोग मौजूद रहे।

# विधायक निधि से शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को किया जाएगा सुदृढ़: असीम अरुण

- समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री असीम अरुण ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री असीम अरुण व अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**समाज कल्याण** विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), असीम अरूण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मन्त्री असीम अरुण ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा एंव स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित कराना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। ई-संजीवनी से स्वास्थ्य विभाग में क्रान्तिकारी परिवर्तन दिखाई देगें। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बनेगी गौवंश आश्रय स्थल। टीम बनाकर निराश्रित गौवंशों की चिन्हित कर संरक्षित किया जाये। विधायक निधि को तीन वर्ष शिक्षा एवं दो वर्ष स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किये जाने हेतु दिये जायेगें। उन्होंने जनपद में पूर्ण एवं निर्माणाधीन गौंशाला एवं उसमें संरक्षित निराश्रित गौंवशों के संबंध में जानकारी की। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 132 निराश्रित गौंवश आश्रय स्थल के सापेक्ष 84 संचालित है शेष 48 निर्माणाधीन का निर्माण संबंधित कार्य एक माह में पूर्ण कर संचालित कर दी जायेगी। संचालित आश्रय स्थलों में 5662 निराश्रित गौंवशों को संरक्षित किया गया है। इस पर मन्त्री ने कहा कि आश्रय स्थलों पर हरे चारे हेतु नैपियर घास, पानी, भूसा, टीन शेड आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मंत्री जी ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी की, एवं निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा (आरटीई-25) योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। कहा कि सामाजिक न्याय की इससे बड़ी कोई योजना नही है। उन्होंनें कहा कि इस अवसर को खोना नही है प्रत्येक सीट को आरटीई के माध्यम से भरी जाये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालाबाद, गुगरापुर, कन्नौज में डिजिटल एक्स-रे मशीन, डेंटल कुर्सी, आदि की आवश्यकता है इस पर मा0 मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि उपकरण क्रय करने हेतु धनराशि उपलब्ध करा दी जायेगी। बताया गया कि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत 24 नये कार्य स्वीकृत हुये है, एंव पूर्व से निर्माणाधीन 26 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य गतिमान है, जिसमें से कुछ परियोजनाऐ पूर्ण होने की अवस्था में है। कहा कि निर्माण कार्य में गति लाकर परियोजनाओं को समय से पूर्ण करें। बैठक के बाद मन्त्री असीम अरुण ने कैटल कैसर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल समेत नोडल अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी समेत सम्बन्धित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव की धूम,जगह-जगह सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

- पवनसुत श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर दिखा उत्साह

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**



हनुमान जन्मोत्सव पर सजा बाबा का दरबार व मौजूद श्रद्धालुगण

**श्री दक्षिणमुखी** हनुमान जी के दरबार मे विशाल संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमानजी का दिव्य और मनमोहक श्रृंगार किया गया और फिर आरती के बाद देर शाम तक प्रसाद वितरित किया गया।

कस्बे में जीटी रोड पर स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इसके लिए मंदिर में श्री बजरंग सेवा समिति के द्वारा विशेष साज-सजावट सहित अन्य तैयारियां बुधवार को ही कर ली गई थीं। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पवनसुत श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर उत्साह देखने को मिला। हर ओर भक्तिमय माहौल दिखाई दिया। जय बजरंगवली व जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए लोग नजर आ रहे थे। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में अखंड रामायण, सुदरकांड पाठ और भंडारे के आयोजन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

# खबरें चलते-चलते

## स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाल नौनिहालों ने किया जागरूक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के अलीनगर स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय,गोवा,जेंवा, समेत ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों व बच्चों ने नए सत्र 2023-24 के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान रैली निकाल 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का सुसंगत कक्षाओं में नामांकन कराने हेतु अभिभावकों को प्रेरित कर जनजागरूकता अभियान चलाया। पीएस अलीनगर में रैली को हरी झंडी दिखाकर ग्राम प्रधान उर्मिला वाथम ने रवाना किया। रैली का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान नौनिहालों ने बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो, मम्मी पापा हमे भी पढाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखवाओ,बहुत हुआ चूल्हा चौका,अब बेटियों को दो पढ़ने का मौका,मिडे मील खायेगे,स्कूल में पढ़ने जायेगे इत्यादि स्लोगन लिखी हुई पट्टीकाओ को हाथो में लेकर क्षेत्र के अभिभावकों को जागरूक किया। इसी क्रम में अनौगी में नोडल शिक्षक संकुल रामऔतार,जसोदा में नोडल शिक्षक संकुल मनोज कुमार यादव,अटारा में नोडल शिक्षक संकुल धर्मेन्द्र सिंह चौहान,तरपुरवा में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग गौतम,कंपोजिट विद्यालय जलालाबाद में नीरेन कुमार, अनौगी द्वितीय में प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सुशील यादव,एआरपी सत्यपाल यादव,जितेंद्र प्रताप सिंह,भाजपा नेत्री गीता पाठक,भोले शंकर चतुर्वेदी,प्रगति कुमार,अंजली शुक्ला,पंकज सिंह,शिखा सोनकर,प्रियंका गुप्ता,प्रिया सिंह बघेल,रोहित द्विवेदी,अंजली तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

## समर की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेतों की सिंचाई के लिए किसान द्वारा लगवाई गई समर सेविल के पाइप को अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम नौसारा निवासी प्रमोद सिंह पुत्र स्वर्गीय सोबरन सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने उसके खेत में लगी समर सेविल की पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे उसका नुकसान हो गया और खेतों की सिंचाई करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने सटोरिए को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में गश्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राकेश कुमार पटेल ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम इस्माइलपुर में चाय की दुकान के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से सट्टा पर्ची एवं 560 रूपये बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम महफूज पुत्र मकसूद निवासी ग्राम इस्माइलपुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## पुलिस ने अवैध खनन करते जेसीबी व ट्रैक्टर को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बगैर अनुमति के खनन कर रहे जेसीबी व ट्रैक्टर को कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया गया। जबकि मौका पाकर जेसीबी चालक कहीं फरार हो गया। कोतवाली पुलिस द्वारा कब्जे में लिए गए जेसीबी व ट्रैक्टर को कोतवाली पहुंचाने के उपरांत कार्रवाई की गई है। बुधवार की देर रात हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे जसोदा चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे छापेमारी कर चोरी-छिपे मिट्टी का अवैध खनन कर रहे जेसीबी व ट्रैक्टर चालक को कब्जे में ले लिया। जबकि जेसीबी चालक मौका पाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस हिरासत में आरोपी ट्रैक्टर चालक ने अपना नाम राम कृष्ण पुत्र रघुवीर सहाय निवासी ग्राम जसोदा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा अज्ञात जेसीबी चालक सहित ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराकर जनता को समर्पित करें: डीएम

- डीएम ने विकास कार्यो की समीक्षा में कार्यदाई संस्थाओं व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



बैठक में कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण हो जाना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मंत्री फसल बीमा योजना के दावे यथाशीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए

डीएम ने कहा आयुष्मान गोल्डन कार्ड की प्रगति दिखनी चाहिए । अंत्योदय कार्ड धारक का अगर आयुष्मान गोल्डन कार्ड नही बना है तो उनका राशन कार्ड देखकर गोल्डन कार्ड बनवाये जाए। इसी कड़ी में श्रम विभाग से पंजिकृत श्रमिको के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाये जाने हेतु गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयो में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शौचालयों की स्थित ठीक होनी चाहिए। जिन पंचायत भवनों का निर्माण कार्य शेष है , उन्हें यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। इसी प्रकार उन्होंने रिक्त राशन की दुकानों के आवंटन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण कराने को कहा है। जिलाधिकारी ने इत्र पार्क वाले क्षेत्र के अंतर्गत फूलों की खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित करने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए। कहा कि इत्र व्यवसाइयों से फूलों की क्वालिटी के सम्बंध में चर्चा कर ली जाए फिर उसी क्वालिटी के फूलों की खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत दुग्ध डेरी हेतु जो प्रस्ताव प्राप्त हुए उनको क्रियान्वित कराए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। जिलाधिकारी ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण कार्यो में क्वालिटी पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी कार्यदायी संस्थायें निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराकर जनता को समर्पित करे। कैंसर अस्पताल,हृदय रोग अस्पताल, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यो की प्रगति जानी। बस स्टेशन गुरसहायगंज के निर्माण कार्य एवं समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में स्टॉप आवास के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। कहा कि ताहपुर से रममपूर्वा मार्ग व उमरापुर से अलमापुर सम्पर्क मार्ग और महानगर से मधुनगर सम्पर्क मार्ग के साथ ही बैसा पुर से भवानीसराय सम्पर्क मार्ग और चन्दरपुर जू0हा0 से भगवानपुर सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा जिन सड़को का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उसकी क्वालिटी की जांच करा ली जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# टेंपो की टक्कर से बाइक पर बैठी महिला हुई घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिनों पूर्व अनियंत्रित गति से आ रहे टेंपो ने बाइक सवार दंपति के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के उपरांत पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम लालपुर कीर्तिपुर निवासी गंभीर सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती 03 अप्रैल की सुबह वह अपनी पत्नी को बाइक पर बैठा कर बाजार करने जा रहा था। जैसे ही ग्राम जलेसर मोड़ के निकट पहुंचा अनियंत्रित गति से आ रहे टेंपो चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसकी पत्नी रानी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित पति की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# 1.8 लाख वेतन पैकेज के साथ 49 छात्र-छात्राओं को मिला नियुक्ति पत्र




**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**गुरुवार को** अनौगी स्थित एमएमआईटी पॉलिटेक्निक में मैग्ना आटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड पुणे (महाराष्ट्र) कंपनी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। जिसमें एमएमआईटी अनौगी, मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा,आगरा,संत कबीर नगर समेत अन्य जनपदों में स्थित पॉलिटेक्निक संस्थाओं के अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कंपनी के प्रेजेंटेशन में 69 छात्र- छात्राएं शामिल हुए। इसके बाद लिखित परीक्षा कराई गई। जिसमें 62 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। उसके बाद साक्षात्कार कराया गया। इसके परिणाम स्वरूप कुल 49 छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। इस कंपनी द्वारा 1.8 लाख का वेतन पैकेज के साथ 49 छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य विमल कुमार, कंपनी की एचआर अंकिता सेट्टी, डॉ राम सजीवन,अंकित द्विवेदी,अर्पित श्रीवास्तव, गौरव, सत्यम समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्रीय भावना की ऊर्जा से ओतप्रोत हैं: नरेन्द्र राजपूत

- जिलाध्यक्ष ने कहा-पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, कुशाभाऊ ठाकरे ने अपने खून पसीने से सीच कर पार्टी की पताका को विश्व पटल पर फैहराया
- भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मनाया गया पार्टी का स्थापना दिवस

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**





**भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी की पताका को फहराया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, कुशाभाऊ ठाकरे ने अपने खून पसीने से सीच कर पार्टी की पताका को विश्व पटल पर फैहराया। उन्होने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ता राष्ट्रीय भावना की ऊर्जा से ओतप्रोत हैं, जिनकी मेहनत के दम पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र से लेकर देश के ज्यादातर प्रदेशों में है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा गरीब किसान, शोषित वंचित को समान अवसर देने का काम किया और परिवारवाद वंशवाद पर गहरी चोट की है। इस अवसर पर जिला महामंत्री ठाकुर हरबक्स सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा, नगर अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, अंकित दुबे, सुमित प्रजापति, विक्की गुप्ता, अनुराग तिवारी, सोनू पंडित, सोभित कश्यप, शिवकुमार समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसपी ने फीता काटकर किया सीसीटीवी कंट्रोल रूम एवं मेस का शुभारंभ

- क्राइम कंट्रोल में सहायक होगा हाईटेक कंट्रोल रूम: एसपी

**गुरसहायगंज, कन्नौज**



कंट्रोल का शुभारम्भ करने के बाद सीसीटीवी रूम का निरीक्षण करते एसपी कुंपर अनुपम सिंह समृद्धि न्यूज

**कोतवाली** परिसर में सीसीटीवी कंट्रोल रूम की स्थापना होने से क्राइम कंट्रोल में सहायक होगा। अब अपराधी कानून की तीसरी नजर से बच नहीं पाएंगे और समय रहते उन्हें दबोच कर सलाखों के पीछे भेजने का कार्य किया जाएगा। जिससे आम जनमानस अराजक तत्वों से बिना भयभीत हुए शांतिपूर्ण ढंग से जीवनयापन कर सकेंगे और कानून का राज स्थापित होगा।

यह बात गुरुवार की शाम स्थानीय कोतवाली परिसर में सीसीटीवी वाईफाई कंट्रोल रूम का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत पुलिस अधीक्षक कुमार अनुपम सिंह ने कही इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित भोजनालय का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत कहा कि कर्मी खाद्य पदार्थो के बेहतर रखरखाव सहित स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाल द्वितीय आरपी त्रिपाठी, कस्बा चौकी प्रभारी शशिकांत कनौजिया, उप निरीक्षक अविनेस कुमार, राम गिरीश यादव सहित समर बहादुर सिंह, डेविड कुमार, सुधीर चौहान, आयुष्मान, मनोज यादव, तेज प्रताप सिंह, सुनील सिंह सहित महिला कांस्टेबल प्रियंका, कामिनी, रोशनी सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# कमरे में युवक की मिली सड़ी-गली लाश, दरवाजा तोड़कर पुलिस ने शव निकाला

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं सीओ सदर प्रिंयका बाजपेई, घटना के बावत परिजनों से की पूछताछ
- पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम








घटना स्थल पर पुलिस टीम के साथ मौजूद सीओ सदर व स्थानीय लोगों की भीड़ एवं मृतक का फाइल फोटो

**सदर** कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत कलेक्ट्रेट मोड़ के निकट एक मकान के कमरे में 30 वर्षीय युवक की सड़ी गली अवस्था में लाश मिली। कमरे से बदबू आने पर परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने कमरे का दरवाजा तोड़ा मों बेड पर युवक का शव पड़ा हुआ था। युवक के हाथ की नस कटी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच में जुट गई है।

बता दें कि तिर्वा रोड कलेक्ट्रेट मोड़ से लगभग 150 मीटर की दूरी पर इन्डेन गैस एजेन्सी संचालक स्व. रामप्रकाश व्यास का तीन मंजिला मकान है। राम प्रकाश की पत्नी का भी निधन हो चुका है। मकान में उनकी दो पुत्रियां और दो पुत्र रहते हैं। छोटा बेटा विकलांग है, जबकि बड़ा बेटा विजय एक कमरे में अलग रहता था। विजय लगभग पांच-छह दिन से किसी को दिखा नही। गुरुवार दोपहर मकान से बदबू आई तो घर में मौजूद सदस्यों ने कमरों को चेक किया। दूसरी मंजिल के कमरे में विजय रहता था, जहां से बदबू आने की जब जानकारी हुई तो परिजनों ने कमरे को खोलकर देखना चाहा, लेकिन कमरा अन्दर से बन्द होने के कारण खुल नही सका। काफी आवाज देने के बावजूद जब कमरा अन्दर से नही खोला गया तो परिजनों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सदर क्षेत्राधिकारी प्रियंका बाजपेयी और कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह पुलिस टीम के साथ कलेक्ट्रेट मोड़ स्थित राम प्रकाश व्यास के घर पहुंच गए। जिस कमरे से बदबू आ रही थी, उस कमरे का दरवाजा पुलिस कर्मियों ने तोड़ दिया। कमरे के अंदर बेड पर विजय का शव सड़ा हुआ पड़ा था। लगभग चार दिन पुरानी डेडबॉडी होने के कारण बदबू आ रही थी। मौके पर पहुंची फोरेन्सिक टीम ने गहनता से जांच पड़ताल कर यहां से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह का कहना है कि युवक के हाथ में नस काटने के निशान मिले हैं। जिससे उसके द्वारा आत्महत्या किए जाने का अनुमान है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। हांलाकि पुलिस ने परिजनों से भी पूछताछ की है।

# तीन घरों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

- ताबड़तोड़ चोरियों से पुलिस की कार्यशैली पर लगे सवालिया निशान



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़कर लाखों के माल व नगदी व हाथ साफ कर दिया। व एक घर में चोरी का असफल प्रयास किया। एक ही रात में हुई इन घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और पुलिस की कार्यप्रणाली सवालियां निशानों के घेरे में आ गयी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव उगरपुर निवासी शीला देवी पत्नी स्वर्गीय लज्जाराम के घर से चोरों ने 2 लाख की नकदी व लाखों रूपये कीमत के जेवरात चोरी कर लिये। पीड़िता के अनुसार चोर दो सोने के हार, 8 गुच्छे, 3 जोड़ी सोने के कुंडल, तीन अंगूठी, चार सोने की चैन व 3 जोड़ी सोने की झुमकी तथा घरेलू सामान चोरी कर ले गये। पीड़िता ने बताया कि उसकी नातिन की शादी 2 महीने बाद है। जिसके लिए उसने जेवरात अन्य सामान एकत्रित किया था। पीड़िता की बहू मीना देवी दिल्ली में रहकर कार्य करती है। तबियत खराब होने पर वह छत के ऊपरी हिस्से में सो रही थी, तभी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं गांव के रिंकू पुत्र रामविलास यादव के घर से चोरों ने पचास हजार की नगदी व डेढ़ लाख रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। उसका यह दूसरा मकान है। वहीं तीसरी घटना राम प्रकाश के दरवाजे पर लगी सरकारी सोलर प्लेट चोरों ने चोरी कर ली। चौथी घटना बसंत की दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने चोरी का प्रयास किया। इससे पूर्व कई चोरियां क्षेत्र में हो चुकी है। इस घटना से पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह अंकित हो गया है।

## मारपीट में युवक का शांतिभंग में चालान

**मोहम्मदाबाद(सं.)।** पति की पिटाई से परेशान महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खिमसेपुर निवासी वंदना प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका पति आए दिन मारपीट करता है। बुधवार रात्रि पति ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारा पीटा। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

## दलित उत्पीड़न व मारपीट में युवक को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने दलित उत्पीड़न व मरपीट के मामले में मुख्तयार अली पुत्र ताहिर अली निवासी गऊटोला कायमगंज को दोषी करार दिया।

विगत 16 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज निवासी होरीलाल जाटव ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरे खेत की मेड़ तोड़ दी थी। जब मेरी पत्नी गंगा देवी ने विरोध किया तो आरोपियों ने भद्दी-भद्दी गालियां दी। गालियों का विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट का घायल कर दिया। जिससे उसके काफी चोटें आयी थीं। मुकदमे की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलील व शाशकीय अधिवक्ता अशोक कटियार, अनुज प्रताप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने मुख्तयार को एक वर्ष की परिवीक्षा से दण्डित किया है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में देखा मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण

- पीएम शहरी योजना के पांच लाभार्थियों को दिये गये प्रमाण पत्र



प्रमाण पत्र के साथ लाभार्थी महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सीडीओअरविन्द कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लखनऊ में आयोजित नगर विकास विभाग की 8721 करोड़ लागत की 2029 परियोजनाओं का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण/ शिलान्यास, पुस्तकों के विमोचन के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिखाया गया। एडीएम ने बताया कि जनपद की 1492.96 लाख की 52 परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जनपद में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना से 4874 आवास बनाये गये। प्रतीकात्मक तौर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा 05 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गए। जनपद की समस्त नगर पालिका व नगर पंचायतों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सीडीओ ने जनप्रतिनिधियों व आये हुये लाभार्थियों तथा आम जनमानस को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक भोजपुर नागेंद्र राठौर, विधायक डा0 सुरभि, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# विशेष लोक अदालत की तैयारी बैठक में दिये गये आवश्यक निर्देश



बैठक लेते जिला जज अश्विनी कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार विशेष लोक अदालत का आयोजन 15 अप्रैल को होना तय हुआ है। जिसमें आरबीट्रेशन मामलों का निस्तारण होगा। तैयारी बैठक जिला जज अश्विनी कुमार त्रिपाठी की अध्यक्ष में उनके विश्राम कक्षा में हुई। संचालन प्राधिकरण के सचिव नरेन्द्र प्रकाश ने किया। बैठक में आरबीट्रेशन मामलों की विशेष लोक अदालत के लिए मामलों को चिन्हित किये जाने के निर्देश दिये गये। न्यायालयों में आरबीट्रेशन के 6 मामले लंबित है। बैठक में न्यायिक अधिकारी विष्णुचन्द्र वैश्य, महेन्द्र सिंह, कृष्णकुमार, राकेश कुमार सिंह, प्रेमशंकर आदि मौजूद रहे।

## जयंती पर महापदमनन्द को किया याद

### इतिहास को संजोने की जरुरत पर दिया बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सविता समाज उत्थान समिति की बैठक पदमनन्द की जयंती के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव के निवास पर हुई। बैठक में वक्ताओं ने शासन व्यवस्था और पदमनन्द तथा उनके नौ पुत्रों के इतिहास के बारे में बताया।

अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव नंदवंश के इतिहास पर प्रकाश डाला। चन्द्रनन्द, बिन्दुसार, सम्राट अशोक, कुणाल, दशरथ के इतिहास को उजागर किया। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने नाई, नंद, सेन समाज के इतिहास को लिखने नहीं दिया और विश्व विद्यालय को जलवा दिया। हम सभी को बिखरे हुए इतिहास को आज संजोने की जरुरत है। एक बैनर के नीचे आकर प्लेटफार्म पर खड़े होकर अपने समाज की पहचान बनानी है। बैठक में ग्यालाल, रामचन्द्र, राकेश, डा0 महेन्द्र, डा0 प्रेमप्रकाश, मुन्नाबाबू, चमन बाबू, सतीश चन्द्र, कैप्टन एच0आर0, सूबेदार दयाशंकर, राजेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# नोडल अधिकारी ने गौशालाओं का किया निरीक्षण, चारा, भूसे की देखी व्यवस्था



गौशाला का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी

- केयरटेकर ने तीन महीने से वेतन न मिलने का रोया दुखड़ा, ईओ से ली आवश्यक जानकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नोडल अधिकारी ने गुरुवार को गौशालाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गगनी में बनी गौशाला का नोडल अधिकारी अरुण कुमार अपर आयुक्त ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी की तो पूछा गया कि यहां पर कितनी गायों को सहभागिता में दिया गया है। गगनी प्रधान ने बताया कि यहां मौके पर 287 गाय हैं तथा 93 गौवंशों को सहभागिता में दिया है। इसके बाद केयर टेकर के बारे में जानकारी की गई, तो पता चला कि केयर टेकर का 3 महीने से अभी तक वेतन नहीं आया है। उसके बाद में दाना पानी की व्यवस्था देखी गई, तो मौके पर लगभग 40 कुंटल भूसा तथा 15 कुंटल दाना पाया गया। जिसके बाद प्रधान ने बताया कि हरी फसल की अभी बुआई करवाई है। जिसके बाद कुछ दिन में हरा चारा तैयार हो जाएगा। उसके बाद अधिकारी ने कमालगंज नगर पंचायत की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने अधिशाषी अधिकारी मुन्ना लाल से बातचीत की। जिसमें मुन्ना लाल ने बताया कि हमारे पास में टोटल 345 गायें हैं अभी और 90 गोवंशों को सहभागिता के तौर पर दिया गया।

मौके पर लगभग 4 कुंटल नमक तथा 30 कुंटल भूसा, लगभग 5 कुंटल दाना मौके पर उपलब्ध पाया गया। इस मौके पर नोडल अधिकारी अरुण कुमार, अपर आयुक्त एवं डॉ0 सतीश कुमार अग्रवाल संयुक्त निर्देशक एवं डॉ0 रमेश चंद्र शाक्य ग्राम प्रधान गढ़ी, गंगाराम, मुन्नालाल पासी एवं खण्ड विकास अधिकारी आलोक आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने प्लाट की पैमाइश कराकर गेहूं की कराई क्राप कटिंग



गेहूं की क्रॉप कटिंग करवाते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीएम संजय कुमार ने मोहम्मदाबाद के ग्राम करथिया पहुंचकर शीशराम पुत्र वीरबल के गाटा सं0 194, रकवा 0.231 में खड़े गेहूं में से 10वाई10 के प्लाट की माप कराकर क्रॉप कटिंग करायी। गेहूं की कटाई एवं मड़ाई कराने के बाद गेहूं 16 किलो 400 ग्राम निकला। डीएम ने अपेक्षा की कि जिन-जिन अधिकारियों को क्रॉप-कटिंग के लिए ग्राम/खेत आवंटित किए गए हैं, वह स्वयं अनिवार्य रूप से मौके पर उपस्थित होकर क्रॉप-कटिंग का कार्य सुनिश्चित करायें, ताकि आंकड़ों में शुद्धता परिलक्षित होती रहे। इस मौके पर तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक संजय प्रताप सिंह, लेखपाल एवं खेत स्वामी उपस्थित रहे।

# रमजान में रोजा तमाम बुराइयों से रोकता है

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्लाह की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुवे आफताब तक के लिए खाने पीने से रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की बुराइयों से रोके रखता है। मुसलमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है। अताउलहक काश्फी का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का सबाव 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, खैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे बी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सके।



अताउलहक काश्फी



सलमान खान



मदीना बेगम

अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारी नवी पर कुरान नाजिल फरमाया। सलमान खान ने बताया मुसलमानों के लिए रजमान वह बाबरकत महीना है जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिस करता है। जिसमें मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं। यह वह अजीम महीना है जिसमें अल्लाह ने तौरेव जुबूर, इंजील और कराने करीम नाजिल फरमाया। इसी माह में अल्लाह ने एक रात शबे-कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रातों से अफजल है।

भाजपा नेत्री मदीना बेगम का कहना है कि सब एक साथ मिलकर इख्त्यार में शरीक होते हैं। अल्लाह से दुआ की है कि सब एक हों सब नेक हों और अमन, चैन सुकून कायम रहे। सभी के बीच बच्चों और इखलाक कायम बना रहे। जहां की नफरतों की दुश्मनी खत्म हो लोगों के दिलों में दुश्मनी की कोई जगह न हो। रमजान, रोजा, इफ्तार, सहरी, जकात, फितरा, तरावीह समेत यह सभी चीजें रमजान में मुबारकवाद का आगाह करती हैं। उन्होंने कहा कि नमाज अदा करना मुसलमानों पर सबसे बड़ा फर्ज है।

## विद्युत बिल घोटाले में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्युत बिल संशोधन के नाम पर घोटाला करने के मामले में अधिशासी अभियंता अमरनाथ की तहरीर पर कायमगंज कोतवाली पुलिस ने 4 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। तहरीर में दर्शाया गीता देवी पत्नी धनीराम दुकान कलाखेल कायमगंज, शिवनंदन छपट्टी कायमगंज, बृजेश कुमार निवासी नई बस्ती, मधुसूदन अरोरा निवासी श्यामा गेट की मीटर रीडिंग जांच पड़ताल के दौरान पाया गया कि माह मार्च 2023 में गलत रीडिंग डालकर बिलों को सही करने के नाम पर उपभोक्ताओं से अनाधिकृत धनराशि वसूली गई। जांच के दौरान मीटर रीडर शाकिब खान, मीटर रीडर अनिल कुमार, सर्किल के सुपरवाइजर मयंक यादव, खंडीय सुपरवाइजर प्रशांत सिंह को दोषी पाया गया। पुलिस ने धारा 186, 384 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना हरिओम प्रकाश त्रिपाठी को सौंपी गई।

# प्रा0वि0 मदारपुर में विधायक ने बांटीं बच्चों को पुस्तकें



कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं विधायक सुरभि व मौजूद प्रधानाचार्य व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रा0वि0 मदारपुर में विधायक डॉ0 सुरभि ने पहुंचकर बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं। कायमगंज विकास खंड के प्रा0वि0 मदारपुर में नये सत्र के अध्ययनरत बच्चों को पुस्तकें वितरित की गयीं। खण्ड शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश पाल व प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने विद्यालय की खूबियां बतायीं। प्रधानाध्यापक ने डॉ0 सुरभि गंगवार व खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश को शाल ओढ़ाकर समृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में राजेंद्र सिंह शाक्य, जयराम सिंह, कृष्णा सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह शाक्य, जयराम सिंह, कृष्णा सिंह, निर्देश गंगवार, राजीव गंगवार, संदीप बर्धन, ओमदत्त शर्मा, जसविंदर सिंह, महेंद्र पाल, मनोज कुमार, उदय यादव, खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, कमलेश, कामिनी, विद्या, आशा, उमा, सत्यवती, भगवान देवी, मोहिनी, लौंग श्री, प्रेमवती सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

# बूथ स्तर पर मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



टीवी पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते विधायक व भाजपा नेता

**फर्रुखाबाद, सृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी अपने 44 वे स्थापना दिवस छह अप्रैल से 14 अप्रैल को बाबासाहेब डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह मनाएगी। नगर पश्चिम के बूथ संख्या 208 खड़ियाई में बूथ अध्यक्ष दीपक मिश्रा के निवास पर विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय ने पार्टी का झंडा लगाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन लोगों के साथ सुना। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आज हम देश के कोने-कोने में भगवान हनुमान की जयंती मना रहे हैं। हनुमान जी का जीवन आज भी हमें भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देता है।

जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए। भाजपा भी इसी प्रेरणा से परिणाम लाने में लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती रही है। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। जब हनुमान जी को राक्षसों का सामना करना पड़ा था तो वो उतने ही कठोर भी हो गए थे। इसी प्रकार से जब भ्रष्टाचार की बात आती है, जब परिवारवाद की बात आती है, कानून व्यवस्था की बात आती है तो भाजपा उतनी ही संकल्पबद्ध हो जाती है। इस मौके पर विकास पाठक, बबिता पाठक, रानू बाथम, अखिलेश अग्निहोत्री, बबिता पाठक, सत्यम अवस्थी, सदानंद शुक्ला, प्रदीप सक्सेना, मनोज दीक्षित आदि लोग रहे। फतेहगढ़ मंडल के बूथ संख्या 144 वनखड़िया में मंडल उपाध्यक्ष अनिल तिवारी के आवास पर पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत की उपस्थिति में स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत ने कहा भारतीय जनता पार्टी एक भारत श्रेष्ठ भारत को सशक्त कर रही है।

# डॉ0 जितेन्द्र यादव ने फीता काटकर औषधि संस्थान का किया उद्घाटन



मेडिकल स्टोर का उद्घाटन करते डॉ0 जितेंद्र यादव आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र यादव ने बबना तिराहे के निकट कुलदीप मेडिकल स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि चिकित्सा, चिकित्सक और मेडिकल स्टोर एक दूसरे के पूरक है, क्योंकि यदि चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा मरीज को उपलब्ध न हो पाये तो उसका इलाज नहीं किया जा सकता और यदि दवा उपलब्ध हो मगर चिकित्सक की सलाह न मिल पाये वह भी बेकार है। इसलिए चिकित्सक और मेडिकल स्टोर के मध्य एक दूसरे के पूरक है। उन्होंने प्रो0 कुलदीप कुमार दिवाकर को शुभकामनायें दी। इससे पूर्व डा0 यादव का तिराहे के निकट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया इस मौके पर सुरेन्द्र सिंह गौर आदि मौजूद रहे।

# गंगा नगर में कथा के पहले दिन भक्ति ज्ञान और वैराग्य पर चर्चा



श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करते भक्तगण

- कलश, वेदी और व्यास पूजन के साथ ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा नगर में 18वां धार्मिक अनुष्ठान श्रीमद् भागवत व श्रीमानस ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारम्भ कलश एवं वेदी पूजन के साथ हुआ। श्री भागवत वक्ता दाताराम अग्निहोत्री ने भागवत कथा का सरस वाचन किया। इससे पूर्व अनिल तिवारी ने विधि विधान पूर्वक सूर्य पूजन व व्यास पूजन कराया। हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण हनुमान जी का भी पूजन कराया गया। कथा व्यास दाताराम अग्निहोत्री ने श्रीमद् भागवत के शाब्दिक अर्थ से परिचय कराया और कथा सुनने के फल पर विस्तार से प्रकाश डाला। कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा के वाचन, श्रवण से मिलने वाले लाभ से परिचित कराया। उन्होंने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की कथा सुनाई। परीक्षित के रुप में महेश चन्द्र मिश्रा सपत्नी रहे।

संचालन महेशपाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर कथा समिति के अध्यक्ष रामसागर दीक्षित, ऋषि पाल सिंह, दशरथ सिंह, रामबाबू मिश्रा, अवधेश शुक्ला, दिलीप अग्निहोत्री, ब्रह्मानन्द मिश्रा, विशम्बर नाथ चतुर्वेदी, अमित बाजपेयी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कथा के पश्चात भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। कथा सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्तगण कथा सुनकर पुण्य लाभ कमा रहे हैं।






# दबंग प्रधान ने भाईयों पर तमंचे से बोला हमला

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंग प्रधान ने साथियों सहित फसल की सिंचाई करते समय युवक को खेत में घुसकर जान से मारने का प्रयास किया व उसके भाईयों की जमकर पिटाई की। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उधोपुर निवासी रामअवतार पुत्र भोजराज ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीती शाम उनके पुत्र विमलेश कुमार, यशवीर, आशीष फसल में पानी लगा रहे थे, तभी वर्तमान प्रधान लालू उर्फ श्रीकृष्ण रायफल लेकर अपने साथी आकाश, विकास पुत्रगण लाल, छोटेलाल, ओमकार पुत्रगण रामचरण के साथ खेतों में घुस आये और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिससे विमलेश व यशवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आकाश ने जान से मारने की नियत से यशवीर पर फायर कर दिया। जो मिस हो गया। जिससे उसकी जान बच गयी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोगपीण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## महिला को परिजनों ने पीटा, दी तहरीर

**मोहम्मदाबाद (सं.)।** समर चलाकर कीचड़ करने से मना करने पर परिवारियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गणपतपुर निवासी सुनीता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया कि वह घर के पास अपने जानवर बांधती है। परिवार के ही लोग समर आदि से उस जगह पर कीचड़ कर देते हैं। गुरुवार को जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता को जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के प्रस्तावों पर डा0 अनीता रंजन ने लगायी मोहर

- करोड़ों की लागत से क्षेत्र में होंगे ऐतिहासिक विकास कार्य
- पेयजल समस्या का त्वरित निदान करने के निर्देश, पार्क के लिए चौकीदार को नियुक्त करने पर विचार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लाक प्रमुख डा0 अनीता रंजन ने विकास कार्यों की समीक्षा करने के बाद भविष्य में करोड़ों की योजनाओं पर हस्ताक्षर कर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास का रास्ता खोलने के लिए अपनी रजामंदी दी। ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की समस्या को शीघ्र समाप्त करने का संकल्प लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि खराब पड़े हैण्डपंपों को रिबोर कराया जाये, ताकि पेयजल की समस्या से निजात पाई जा सके।

विकास खंड कार्यालय पर हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन बिंदुवार अपने क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा क्षेत्र के ग्राम प्रधानों से रूबरू होते हुए उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा प्रधानों से क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव लिए। ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन ने खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह तथा मेजर एसडी सिंह पीजी डिग्री कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ0 जितेंद्र यादव से परामर्श कर उन्होंने क्षेत्र में विकास कराने के लिए सभी को आश्वासन दिया। वहीं पेयजल समस्या को लेकर ब्लाक प्रमुख ने गंभीरता से बीडीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि वह पेयजल की समस्या हर हाल में निपटाए। जो हैंडपाइप रिबोर होने हैं उन्हे तत्काल रिबोर कराया जाए। वहीं बीडीओ ने प्रस्ताव किया कि ब्लाक परिसर में मीटिंग के लिए एक मंच बनवा दिया जाये। जिस पर ब्लॉक


विकास कार्यों की बैठक लेतीं ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन, डॉ0 जिर्तेंद्र यादव व बीडीओ आदि

प्रमुख ने बीडीओ को सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने विकास खंड कार्यालय परिसर में बने पार्क में अराजकतत्वों को रोकने के लिए मासिक शुल्क तथा रोजाना शुल्क लगाने की चर्चा की। उन्होंने बीडीओ को निर्देशित किया कि पार्क के लिए एक चौकीदार नियुक्त कर दें, ताकि सुरक्षा मजबूत हो सके। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई।

इस मौके पर विधायक कायमगंज डा0 सुरभि, अजीत गंगवार, सुरेन्द्र सिंह गौर, प्रदीप यादव टीटू, डॉ0 हरिनंदन सिंह यादव, अजय राज यादव, मनोज यादव, प्रधान राजीव यादव, प्रधान प्रतिनिधि विकास आफाक अली, एडीओ आईएसबी प्रवेश राजपूत, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, लेखाकार अवनीश सक्सेना, आलोक पाठक, राहुल चंदेल, एपीओ गौरव दिवाकर, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, लिपिक सुरेश चंद्र सहित आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शिव-पार्वती व राम-सीता विवाह के गूंजे प्रसंग


भागवत कथा के दौरान डॉ0 जितेंद्र यादव व प्रधान संजीव यादव



भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड के गांव हरदुआ में ग्राम प्रधान संजीव यादव के यहां हो रही श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए मेजर एसडी सिंह पीजी मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डा0 जितेन्द्र यादव ने अपने पैतृक गांव पहुंचकर कथा पाण्डाल में बैठकर श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीराम-सीता विवाह व शंकर पार्वती विवाह के प्रसंगों का श्रवण किया। कथाव्यास मंजेश शास्त्री ने अपने प्रवचनों से सभी को भावविभोर कर दिया। अपने पैतृक गांव पहुंचे ब्लाक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन के पति मेजर

- डॉ0 जितेन्द्र यादव ने अपने पैतृक गांव पहुंचकर अध्यात्म ज्ञान की गंगा में लगायी डुबकी

एसडी सिंह पीजी मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के चेयरमैन डा0 जितेंद्र सिंह यादव ने कथा के उपरान्त समर्थकों के साथ मंत्रणा की। इस मौके पर ग्राम प्रधान संजीव यादव, बदन सिंह यादव, मनोज यादव, कायस्थ महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन, मोहम्मदाबाद विकास खंड के ग्राम पंचायत संकिसा के प्रधान आशुतोष दीक्षित मौजूद रहे।

# हथियारबंद बदमाश बाइक लूटकर हुए फरार


घटना की जानकारी देता पीड़ित

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** हथियारबंद बदमाश ने बाइक सवार की तमंचे की नोक पर बाइक लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा निवासी रामकुमार पुत्र ईश्वर दयाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पांच माह पूर्व उसने अपनी रिश्तेदारी से बाइक संख्या यूपी 30बीएम/ 3421 खरीदी थी। बुधवार को किसी कार्य से वह शमशाबाद गया था। वापस लौटते समय रात्रि 8 बजे अलेपुर बम्बे के निकट एक युवक ने उसे रुकने का इशारा किया। पीड़ित के रुकते ही आरोपी युवक ने उसके सिर पर तमंचा लगा दिया और बाइक लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में तहरीर दी गयी है। तहरीर के आधार पर घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। लूट की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोगों का कहना है कि एक तरफ चोरी की घटनाओं से लोग डरे हुए हैं, वहीं लूट की घटना ने थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

# खबरें चलते-चलते

## दबंगों ने महिला को पीटा

**कमालगंज (सं.)।** कस्बा के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी शवाना पत्नी सलीम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 6 अप्रैल की सबह करीब 10 बजे मेरे जेठ अनवर पुत्र सद्दीक घर के बाहर बैठे थे, तभी एजाज पुत्र बहार ने जेठ के कंकड़ फेंककर मार दिया। जिसकी शिकायत करने मैं गयी तो इसी बात पर नवाब पुत्र नौसै, फूल मियां पुत्र नौसे, छोटू सोहेल ने मारपीट कर दी। बचाने आयी इकरा पुत्री हनीफ को भी पीटा व देवर के पुत्र तौहीद का फोन तोड़ दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## शादी का झांसा देकर युवती से ठगे दो लाख

**कमालगंज (सं.)।** शादी का झांसा देकर दो लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अचनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम श्रंगीरामपुर निवासी सौम्या पुत्री जागेश्वर नाथ तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 3 वर्ष पूर्व प्रेम प्रसंग में संजय पुत्र नामालूम निवासी नारायणपुर गढ़िया ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ फर्रुखाबाद में रहने लगा और उससे दो लाख रुपये ले लिये। जब पीड़िता ने शादी के लिए कहा तो वह टालमटोल करता रहा। 15 दिन पहले वह पीड़िता को बिना बताये चला गया। जब पीड़िता ने फोन पर अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज किया और पैसे न वापस देने की बात कही। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## गोश्त बेचने से मना करने पर पीटा

**कमालगंज (सं.)।** हनुमान जन्मोत्सव पर गोश्त की बिक्री करने से मना करने पर मीट विक्रेता ने मारपीट कर दी। जिससे तीन लोग घायल हो गये। पीड़ितों ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ितों को जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। कस्बे के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी नवाव कुरैशी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि पड़ोसी हनीफ गोश्त बेंच रहा था। तो उसने हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण गोश्त की बिक्री से मना किया तो हनीफ ने मारपीट की। जिससे तीन लोग घायल हो गये। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## शीतला माता मंदिर में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद (सं.)।** संकट मोचन श्रीबालाजी हनुमान जन्मोत्सव जिले में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। श्री संकट मोचन हनुमान जन्मोत्सव पर शीतला माता मंदिर में कमेटी द्वारा सुबह से ही लड्डू व बूंदी का प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में बांटा गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भीम प्रकाश कटियार, महामंत्री सचिन कटियार द्वारा केक काटकर रामभक्त महाबली हनुमान का जन्मोत्सव मनाया और भक्तों को प्रसाद के रुप में वितरित किया। इस अवसर पर मंदिर को पूरी तरह से गुब्बारों और रंगीन झालरों से सजाया गया। जब शीतला माता की मूर्तियों की स्थापना हुई थी, तभी से हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा शीतला माता मंदिर में स्थापित है। जो भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की आराधना करते उनकी सभी मनोकामनायें पूर्ण होती है। इस अवसर पर विक्की पुजारी, पवन मिश्रा, अमन कटियार,अंकुर कटियार, वंश कटियार, आरना कटियार, शिवम, कुलदीप, कृष्णा, रविंद्र तिवारी आदि भक्त मौजूद रहे।



# हनुमान जन्मोत्सवः मंदिरों में पवन तनय बल पवन समाना के गूंजते रहे स्वर


तलैया मोहल्ला में सुंदरकांड पाठ में भाग लेते भक्तगण


बड़े बूढ़े हनुमान मंदिर अढ़तियान में पूजा अर्चना करते भक्तगण


हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा छकते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भक्तराज हनुमान जन्मोत्सव पर अपराकाशी के हनुमान मंदिरों पर सुबह से लेकर देर शाम तक धार्मिक आयोजनों का क्रम चलता रहा। हवन पूजन, सुंदरकाण्ड पाठ, चोला चढ़ाने, महाआरती के साथ ही मंदिरों पर धूमधाम के साथ प्रसाद वितरण किया गया। भक्ति संगीत के बीच सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। कुल मिलाकर नगर के हनुमान मंदिरों पर दिन भर रौनक दिखायी देती रही। प्रमुख रुप से बड़े बूढ़े हनुमान जी अढ़तियान, पीपल वाले बाला जी महाराज, महाकाल मंदिर, भोलेपुर स्थित बड़े हनुमान जी के मंदिर, हनुमान गढ़ी पर श्रंगार पूजा हुई। चोले चढ़ाये गये। भव्य महाआरती हुई। सायंकाल बड़े बूढ़े हनुमान जी अढ़तियान में दिव्य दर्शन हुए एवं 56 भोग लगाया गया। सिल्वर साइन के निकट स्थित हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना हुई। दोपहर बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर भक्तों

- कई स्थानों पर भंडारों का हुआ आयोजन

ने भक्ति संगीत पर जयकारे लगाये। इस मौके पर उमाकान्त शर्मा, सुरेश शर्मा, सुनील मिश्रा, बबलू ठाकुर, विमल दीक्षित, सचिन मिश्रा, पम्मी बाथम, राजू गुप्ता, अनिल दुबे, अमित मिश्रा, अवधेश ठाकुर, अंशि शुक्ला, अंकित सक्सेना, सनी, जितेन्द्र, पंकज, दयाशंकर, आदित्य नारायण सहित तमाम भक्तों ने व्यवस्था देखी। यह जानकारी समाजसेवी केदार शाह ने दी। लोधी महासभा के जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर लल्ला ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर गमां देवी मंदिर तलैया फजल इमाम में सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन कराया। उनकी पत्नी पूर्व सभासद रन्नोदेवी, पुत्र सत्यम व शिवम राजपूत ने आयोजन की व्यवस्था संभाली। सुबह से ही धूमधाम के साथ हवन पूजन का क्रम रहा। दोपहर में सुंदरकाण्ड पाठ हुआ। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। पीपल वाले महाराज की गत दिवस शोभायात्रा निकाली गई थी। आज मंदिर पर जन्मोत्सव हुआ व प्रसाद वितरित किया गया। खतराना स्थित बैठे हुए हनुमान मंदिर पर श्रंगार पूजन हुआ। राजू टंडन ने श्रंगार पूजा की। बजरिया में डा0 पीके मिश्रा के निवास पर हनुमान जन्मोत्सव हुआ। हर चौपाई पर आहूति दी गई। इसके बाद भण्डारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र गुप्ता, डा0 प्रभाव मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, अंकित गुप्ता, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे। नेकपुर चौरासी स्थित हनुमान मंदिर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। वहां पर रविन्द्र कटियार व अन्य भक्तों के व्यवस्थापन में भण्डारा हुआ।

# ब्राह्मण समाज के गौरव भगवान परशुराम


परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा।

मृगुश्रेष्ठ महर्षि जमदिग्न के पुत्र प्राप्ति की लिए यज्ञ किया और देवराज इंद्र को प्रसन्न कर पुत्र प्राप्ति का वरदान पाया। महर्षि की पत्नी रेणुका ने वैसाख शुक्ल तृतीया पक्ष में परशुराम को जन्म दिया था।


मुनीशचन्द मिश्रा

छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष मुनीश चन्द मिश्रा ने बताया ऐसा माना जाता है कि जब पृथ्वी पर बुराई हर तरफ फैल रही थी आतताई योद्धा वर्ग हथियारों को लेकर अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर लोगों पर अत्याचार कर रहे थे। ऐसे में पृथ्वी मां ने आतताइयों की संहार करने के लिए विष्णु से प्रार्थना की। विष्णु के छठे अवतार के रुप में परशुराम ने जन्म लेकर पृथ्वी से आतताइयों को समाप्त किया।


गौरी शंकर

कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज के सहायक अध्यापक गौरी शंकर ने बताया भगवान परशुराम एक शस्त्र गुरु थे। उन्होंने भीष्म पितामाह, द्रोणाचार्य आदि को शस्त्र विद्या सिखायी। इसलिए वह शस्त्र गुरु कहलाये। उन्हें राम भार्गव और वीरराम भी कहा जाता है। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम की जयंती मनायी जाती है। सनातन धर्म में भगवान परशुराम की पूजा होती है।


श्वेता दुबे

समाजसेवी व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष स्वेता दुबे ने बताया कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज के पुरोधा हैं। उनसे हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने हमेशा पृथ्वी को सुंदर और पापी शक्तियों से बचाने का कार्य किया। हम उनकी जयंती 22 अप्रैल को धूमधाम से मनायेंगे और हम अपने घरों मे हवन पूजन करेंगे।

**प्रस्तुति, संवाददाता**
**लक्ष्मीकांत भारद्वाज-9839390810**

# धूमधाम से मना भाजपा का स्थापना दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 44 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जनपद के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर झंडारोहण, संगोष्ठी एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने बूथों पर जाकर आयोजित कार्यक्रमों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ स्थापना दिवस मनाया। साथ ही ध्वजारोहण जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने किया। इस दौरान मिठाई वितरण हुआ।

फतेहगढ़ मंडल के बूथ संख्या 330 आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम आरंभ होने से पूर्व पार्टी मुख्यालय पर झंडारोहण एवं मिष्ठान वितरण हुआ। कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, योगी-मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। पार्टी मुख्यालय पर आयोजित संगोष्ठी में भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के लिए भाजपा की स्थापना हुई। भाजपा का मंत्र व्यक्ति से बड़ा दल और दल से बड़ा देश है।

भाजपा नेताओं की नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने कहा कि भाजपा ने दो सांसदों वाली पार्टी के साथ कार्य शुरु किया। आज 303 सांसद है और 16 राज्यों में सरकार है। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, फतेहचन्द्र वर्मा, सुनील रावत, ठा0 अनिल सिंह, ममता सक्सेना, प्रबल त्रिपाठी, शिवांग रस्तोगी, जितेंद्र सिंह, लकी ठाकुर, पीयूष त्रिपाठी, अरविन्द राजपूत आदि मौजूद रहे।


पार्टी कार्यालय पर पत्रक दिखाते जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, अश्नील दिवाकर व अन्य